आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 173 | उज्जैन, बुधवार 08 जुलाई, 2026 | आषाढ़ कृष्ण 8 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट केस में 38 दोषियों की फांसी बरकरार

**अहमदाबाद।** गुजरात हाईकोर्ट ने मंगलवार को 2008 के अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट मामले में स्पेशल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। निचली अदालत ने फरवरी 2022 में 38 दोषियों को फांसी और 11 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। दोषियों ने इसके खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी। जस्टिस एवाई कोगजे और समीर दवे की बेंच ने निचली अदालत के फैसले के खिलाफ दायर सभी अपीलों को खारिज कर दिया। कोर्ट ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन से जुड़े लोगों की सजा को सही ठहराया। कोर्ट ने सरकार को 56 मृतकों के परिजन को 10-10 लाख रुपए और 200 से ज्यादा घायलों को 1-1 लाख रुपए मुआवजा देने का निर्देश भी दिया।

### पेट्रोल में 25 प्रतिशत एथेनॉल मिलाने का टल सकता है प्लान

**नई दिल्ली।** पेट्रोल में 20% एथेनॉल मिलाने के विरोध के बीच इसकी मात्रा बढ़ाकर 25% करने की योजना को सरकार फिलहाल आगे बढ़ा सकती है। सरकार इस ट्रांजिशन को जल्दबाजी में करने के बजाय धीरे-धीरे और व्यवस्थित तरीके से लागू करना चाहती है। सरकार ने शुरूआत में साल 2030 तक पेट्रोल में 20% एथेनॉल मिलाने का प्लान बनाया था। लेकिन इस टारगेट से बहुत पहले ही ई20 फ्यूल (80% पेट्रोल और 20% एथेनॉल) को पूरे देश में स्टैंडर्ड पेट्रोल के रूप में लागू कर दिया गया है और अब हर जगह यही पेट्रोल मिल रहा है। उधर ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया की एक स्टडी में सामने आया है कि पुरानी ई10 कंप्लायंट गाड़ियों में ई20 ईंधन का इस्तेमाल करने से फ्यूल सिस्टम के रबर पार्ट्स खराब हो सकते हैं।

### लड़कियां पढ़ाई के दौरान प्रेग्नेंट हो जाती हैं: यूपी गवर्नर

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने मंगलवार को कहा- पढ़ाई के दौरान लड़कियां प्रेग्नेंट हो जाती हैं। कइयों को बच्चा भी हो जाता है। उस बच्चे की जिम्मेदारी जानते हैं किस पर जाती है? सरकार पर जाती है। ऐसा पराक्रम आप लोग मत करिए। दूर रहिए इन पराक्रमों से। राज्यपाल लखनऊ स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के 24वें दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति के तौर पर बोल रही थीं। उन्होंने कहा- मैं लव मैरिज के खिलाफ नहीं हूं, आप करिए लव मैरिज। आपको उनसे प्रेम है, उनको आपसे प्रेम है तो शादी करिए। लेकिन, शादी तभी करिए जब आत्मनिर्भर हो जाइए। मेरा बेटा बेंगलुरु पढ़ने गया। मैंने उससे कह दिया था कि अगर कोई लड़की पसंद आए तो बता देना, शादी करा देंगे।

### कृति सेनन ने फिल्म 'मिमी' के समय एग्स फ्रीज कराए



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन ने खुलासा किया है कि उन्होंने अपनी फिल्म 'मिमी' की तैयारी के दौरान अपने एग्स फ्रीज कराए थे। 'ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे' को दिए एक इंटरव्यू में कृति ने बताया कि इस फिल्म के रोल के लिए उन्हें वजन बढ़ाना था। चूंकि एग फ्रीजिंग की प्रक्रिया में शरीर में भारीपन आता है, इसलिए उन्होंने इस समय का समझदारी से इस्तेमाल किया। 35 साल की कृति ने कहा कि वे बायोलॉजिकल क्लॉक या किसी तरह के सामाजिक दबाव के कारण शादी या बच्चे का फैसला करना नहीं चाहती हैं। कृति सेनन ने बताया कि फिल्म 'मिमी' के लिए उन्हें एक बड़ा फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन करना था। उन्हें अपने किरदार के लिए काफी वजन बढ़ाना था।

### सीरिया में फ्रांसीसी राष्ट्रपति के दौरे के बीच धमाके

**दमिश्क।** सीरिया की राजधानी दमिश्क में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के दौरे के बीच मंगलवार को धमाके हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक मैक्रों जिस फोर सीजंस होटल में रुके थे, उससे 125 मीटर दूर दो ब्लास्ट हुए। मैक्रों सोमवार को दमिश्क पहुंचे थे। सीरियाई मीडिया के मुताबिक, धमाकों में 18 लोग घायल हुए हैं, जिनमें 4 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में घटनास्थल से धुआं और आग की लपटें उठती दिखाई दीं। घटना के बाद सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी और सड़कों को बंद कर दिया। फ्रांसीसी राष्ट्रपति कार्यालय एलिसी पैलेस ने बताया कि मैक्रों पूरी तरह सुरक्षित हैं। घटना के बाद मैक्रों ने सोशल मीडिया पर लिखा, सीरिया के लोग एक पूरी तरह आजाद, सुरक्षित, एकजुट और सभी समुदायों को साथ लेकर चलने वाला देश चाहते हैं।

### बलूचिस्तान में पुलिस चौकी पर हमले में 9 की मौत

**बलूचिस्तान।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के जियारत जिले में सोमवार देर रात आतंकियों ने एक पुलिस चौकी पर बड़ा हमला कर दिया। इस हमले में दो स्टेशन हाउस ऑफिसर समेत कम से कम 9 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, हमलावर आठ पुलिसकर्मियों को अगवा कर ले गए थे, जिन्हें बाद में सुरक्षा बलों ने सुरक्षित छुड़ा लिया। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने बताया कि हमले के बाद खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने व्यापक अभियान चलाया। उन्होंने दावा किया कि इस कार्रवाई में 15 आतंकियों को मार गिराया गया। हालांकि, अभी तक किसी आतंकी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

---

कॉकरोच जनता पार्टी के लिए अच्छी खबर, जंतर मंतर पर प्रदर्शन के बीच दिल्ली हाई कोर्ट का फैसला

## कॉकरोच जनता पार्टी का ट्विटर अकाउंट फिर से चालू करने का दिया आदेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने सोशल मीडिया पर शुरू हुई मुहिम 'कॉकरोच जनता पार्टी' के एक्स हैंडल को बहाल करने का आदेश दिया है। मंगलवार को पारित अपने फैसले में कोर्ट ने केंद्र सरकार के अकाउंट ब्लॉक करने के आदेश को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने केंद्र के अवरोधक आदेश के खिलाफ कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके द्वारा दायर याचिका पर यह फैसला सुनाया।

नीट पेपर लीक के विरोध में कॉकरोच जनता पार्टी का जंतर-मंतर पर प्रदर्शन जारी है। इसी बीच वहां लद्दाख के एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक भूख हड़ताल कर रहे हैं। आंदोलन के आयोजकों ने बताया कि वांगचुक का ब्लड शुगर स्तर घटकर 66 पर पहुंच गया है, जो सामान्य से कम माना जाता है। वांगचुक 28 जून से भूख हड़ताल कर रहे हैं। वह शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

- वांगचुक का ब्लड शुगर स्तर घटकर 66 पर पहुंच गया
- वांगचुक 28 जून से भूख हड़ताल कर रहे



### हाईकोर्ट ने कहा- केंद्र की चिंता अब प्रासंगिक नहीं

उच्च न्यायालय ने सरकार के तर्क को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि नीट को लेकर केंद्र की चिंता अब प्रासंगिक नहीं है। इसका मतलब है कि परीक्षा से संबंधित संभावित गड़बड़ी का खतरा अब समाप्त हो गया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध तभी लगाया जा सकता है, जब कोई ठोस और तात्कालिक खतरा हो। इस मामले में ऐसा कोई खतरा मौजूद नहीं था। यह फैसला सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार को मजबूत करता है। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार को नागरिकों के ऑनलाइन विचारों को दबाने के लिए अत्यधिक शक्ति का उपयोग नहीं करना चाहिए। 'कॉकरोच जनता पार्टी' एक व्यंग्यात्मक मुहिम है, जो अक्सर राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर टिप्पणी करती है। अदालत का यह आदेश दर्शाता है कि व्यंग्य और आलोचना को भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दायरे में माना जाना चाहिए।

### सीजेपी कब हुआ था बैन

सीजेपी का मूल एक्स हैंडल 15 मई को भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत की टिप्पणियों पर विवाद के बाद एक व्यंग्यात्मक डिजिटल संगठन के रूप में शुरू हुआ था। इसे 21 मई को भारत में रोक दिया गया था। इसके तुरंत बाद 'कॉकरोच इज बैक' नाम से एक नए हैंडल के साथ फिर से सामने आया, जिसके वर्तमान में 2 लाख 27 हजार से अधिक फॉलोअर्स हैं। इस आंदोलन ने अपने अपरंपरागत प्रतीकवाद और डिजिटल लामबंदी रणनीति के लिए ध्यान आकर्षित किया है। इसके समर्थक कॉकरोच पहचान को विरोध के एक रूप के रूप में वर्णित करते हैं।

## जम्मू-कश्मीर में बादल फटने से आई बाढ़

### पहाड़ से गिरे पत्थर और मिट्टी से घर-दुकानें हुई बर्बाद, एमपी में क्रेन-जेसीबी नदी में बहे

एजेंसी ▶▶ जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर के डोडा में ऊपरी इलाके में बादल फटने से बाढ़ आ गई। पहाड़ों से पत्थर और मलबा गिरने से घर और दुकानों को नुकसान पहुंचा है। सड़कों पर कई गाड़ियां मलबे में दब गईं।

महाराष्ट्र के कई जिलों में लगातार भारी बारिश हो रही है। मुंबई में पिछले 48 घंटे में करीब 15 इंच (380 मिमी) बारिश दर्ज की गई। आईएमडी ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मुंबई के सभी सरकारी और निजी स्कूल-कॉलेजों में छुट्टी घोषित कर दी गई है।



नासिक में भी सभी स्कूल और कॉलेज बंद हैं। त्र्यंबकेश्वर मंदिर और महाराष्ट्र के साढ़े तीन शक्तिपीठों में शामिल सप्तश्रृंगी मंदिर भी श्रद्धालुओं के लिए बंद रहेंगे।

वहीं, मध्य प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 35 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। खजुराहो में सबसे ज्यादा 4.4 इंच बारिश दर्ज की गई। बमीठा में नेशनल हाईवे-39 पर 3 फीट तक पानी भर गया। बालाघाट में महाराष्ट्र सीमा से लगी बाघ नदी उफान पर आने से किरनापुर-लांजी मार्ग पर पुल निर्माण में लगी कार, जेसीबी और लोडर तेज बहाव में बह गए।

### सिया ने चेतन से 4 महीने पहले सीक्रेट मैरिज की

एजेंसी ▶▶ पुणे

पुणे के केतन अग्रवाल मर्डर केस में सिया और चेतन को लेकर नई जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि सिया गोयल ने केतन से सगाई के बाद अपने प्रेमी चेतन चौधरी से गुपचुप शादी कर ली थी। दावा है कि शादी करीब चार महीने पहले पुणे के रजिस्ट्रार ऑफिस में हुई थी। पुलिस मैरिज सर्टिफिकेट और दूसरे सबूत जुटा रही है। सिया की दो कॉलेज सहेलियों से भी पूछताछ की जा रही है।

### तेलंगाना डीएसपी के पास मिली 300 करोड़ रुपये की संपत्ति

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना में एक पुलिस अधिकारी के पास करोड़ों रुपए की बेनामी संपत्ति मिली है। सोमवार शाम उन्हें आय से अधिक संपत्ति के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की पहचान संकीरेड्डी भीम रेड्डी के रूप में हुई है। भीम रेड्डी हैदराबाद में पुलिस कंप्यूटर सर्विसेज में डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस के पद पर तैनात हैं।

जांच में पता चला है कि रेड्डी ने करोड़ों की प्रॉपर्टी तेलंगाना व कर्नाटक में अपने रिश्तेदारों, दोस्तों, कथित बेनामीदारों और सहयोगियों के नाम पर खरीद रखी थी। तेलंगाना एंटी-करप्शन ब्यूरो ने रेड्डी के घर की तलाशी ली,



जिसमें 3.60 लाख रुपए नकद, 2 किलो सोने के गहने और लगभग 20 किलो चांदी के सामान मिले। इसके अलावा लगभग 20 लाख रुपए का बैंक बैलेंस भी मिला है। रेड्डी से संबंधित 16 जगहों पर 2 जुलाई को छापेमारी की गई थी।

### डीपीसी की बैठक में लिया निर्णय, प्रदेश में 190 तहसीलदार और एसएलआर बने डिप्टी कलेक्टर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश शासन ने लंबे समय से प्रतीक्षित पदोन्नति प्रक्रिया पूरी करते हुए 190 तहसीलदार, अधीक्षक भू-अभिलेख (एसएलआर) और प्रभारी डिप्टी कलेक्टरों को राज्य प्रशासनिक सेवा में डिप्टी कलेक्टर पद पर पदोन्नत कर दिया। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) द्वारा मंगलवार को जारी आदेश के साथ ही ये अधिकारी अब राजस्व विभाग के बजाय सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारी माने जाएंगे।

जारी आदेश के अनुसार संबंधित अधिकारियों को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से राज्य प्रशासनिक सेवा के कनिष्ठ श्रेणी वेतनमान में पदोन्नत किया गया है। उनकी पदस्थापना फिलहाल उसी जिले में रखी गई है, जहां वे वर्तमान में कार्यरत हैं। आदेश में उन अधिकारियों को भी पदोन्नति का लाभ दिया गया है, जिन्होंने पूर्व में प्रभारी डिप्टी कलेक्टर अथवा एसएलआर के रूप में कार्य करना स्वीकार किया था, लेकिन कार्यवाहक उच्च पद का प्रभार नहीं लिया था। सामान्य प्रशासन विभाग ने स्पष्ट किया है कि सभी पदोन्नतियां प्रमोशन में आरक्षण से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट के अंतिम निर्णय के अधीन रहेंगी। जानकारी के अनुसार सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव एम. सेलवेंद्रन और राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव ई. रमेश कुमार ने सोमवार को इंदौर स्थित लोक सेवा आयोग कार्यालय में विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक में भाग लिया था।

### पीएम मोदी ने इंडोनेशिया की संसद को किया संबोधित

एजेंसी ▶▶ जकार्ता

पीएम मोदी ने इंडोनेशिया की संसद को संबोधित किया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, इंडोनेशिया के लोगों, यहां के बच्चों, महिलाओं और युवाओं ने इस दिन को मेरे जीवन के सबसे यादगार दिनों में से एक बना दिया है। आज सुबह इंडोनेशिया के लोगों ने जिस तरह से मुझे अपना प्यार दिखाया और मेरा स्वागत किया, उसे मैं कभी नहीं भूल सकता।

सीआईए एजेंट बताकर प्रेसिडेंट का भरोसा जीता

### भारतवंशी ने इंडोनेशियाई राष्ट्रपति से 425 करोड़ ठगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका में धोखाधड़ी के मामलों का सामना कर रहे भारतवंशी कारोबारी गौरव श्रीवास्तव पर अब इंडोनेशिया में भी बड़े फर्जीवाड़े का आरोप लगा है। ओसीसीआरपी और इंडोनेशियाई मैगजीन टेम्पो की रिपोर्ट के मुताबिक, गौरव ने खुद को सीआईए एजेंट बताकर राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो (तब रक्षा मंत्री) का भरोसा जीता और रक्षा सौदों के नाम पर 425 करोड़ रुपए का फर्जी कर्ज मंजूर करा लिया।

**बोला-36 फाइटर प्लेन, मिलिट्री सिस्टम दिला दूंगा**



रिपोर्ट के अनुसार, गौरव ने 36 एफ-15 लड़ाकू विमान, ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर और मिलिट्री कमांड सिस्टम दिलाने का दावा किया। जांच में पता चला कि जिन चार कंपनियों के जरिए उसने पांच रक्षा सौदे हासिल किए, वे सभी शेल कंपनियां थीं। बाद में टैक्स नहीं चुकाने पर इन्हें बंद कर दिया गया। सिर्फ 36 एफ-15 लड़ाकू विमानों की संभावित डील ही करीब 1.32 लाख करोड़ रुपए की थी।

## पति को ड्रिप में टॉयलेट क्लीनर डालकर मार डाला

एजेंसी ▶▶ निजामाबाद

तेलंगाना में एक नर्स ने प्रेमी के साथ मिलकर 35 साल के पति की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, महिला ने 30 जून को पति को छत से धक्का देकर मारने की कोशिश की थी। जब वह बच गया तो अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी नस में लगी ड्रिप में टॉयलेट क्लीनर इंजेक्ट कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने इस मामले में आरोपी महिला 32 साल की संध्या, उसके प्रेमी अनिल और उसके दोस्त वेंकट साई को गिरफ्तार कर लिया है। जांच एजेंसियों का दावा है कि यह हत्या पहले से रची गई साजिश का हिस्सा थी, जिसकी वजह संध्या का एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर था।

यह पूरी घटना निजामाबाद जिले के मोपाल मंडल के न्यालाकल गांव की है। इसकी खबर सोमवार को सामने आई। पुलिस के मुताबिक, प्रशांत हाल ही में खाड़ी देश से लौटा था। वह किस देश में था, यह जानकारी नहीं मिली। वापस आने पर उसे संध्या के अफेयर के बारे में पता चला तो उनमें झगड़े होने लगे। 30 जून को तीनों आरोपियों ने प्रशांत को पहले खूब शराब पिलाई और फिर मारपीट कर घर की छत से नीचे धक्का दे दिया। हालांकि, गंभीर चोटों के बावजूद प्रशांत की जान बच गई। आरोपियों ने उन्हें यह कहकर अस्पताल पहुंचाया कि वह नशे की हालत में खुद गिर गए थे।

### खामेनेई की अंतिम यात्रा के बीच होर्मुज में ईरानी हमले

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की अंतिम यात्रा के बीच ईरान ने मंगलवार को होर्मुज में फिर हमले शुरू कर दिए हैं। सरकारी मीडिया आईआरआईबी ने दावा किया कि होर्मुज में कतर के तेल टैंकर अल-रकायत को निशाना बनाया गया। ईरान ने कहा कि होर्मुज से कमर्शियल जहाज हमारे बताए रास्तों से नहीं गुजर रहे हैं। इसके बिना हम सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकते हैं। ईरान ने कहा कि अभी होर्मुज में हालात वैसे नहीं हुए हैं, जैसे अमेरिकी हमलों से पहले थे। इधर, अयातुल्लाह अली खामेनेई की अंतिम यात्रा मंगलवार को शियाओं के धार्मिक शहर कोम पहुंची। जनाजे में लाखों लोगों ने लाल कपड़ा चढ़ाया। यह इस्लामिक परंपरा में बदले या खून की मांग का प्रतीक माना जाता है। लाखों लोग उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे। खामेनेई ने शुरूआती इस्लामी शिक्षा यहीं हासिल की थी।

ईडी भोपाल की भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामलों में बड़ी कार्रवाई

## तीन अफसरों की 24.14 करोड़ की प्रॉपर्टी अटैच

### पूर्व आबकारी अधिकारी, एनटीपीसी के पूर्व एजीएम और एनसीएल के पूर्व सीएमडी पर शिकंजा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

ईडी भोपाल ने भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े तीन अलग-अलग मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपए की संपत्ति जब्त की है और विशेष अदालतों में अभियोजन शिकायत दाखिल की है। तीनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और धन शोधन निवारण अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। इन तीनों ही अफसरों की 24.14 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति, नकदी और जेवरात अटैच किए गए हैं। ईडी ने आलीराजपुर में पदस्थ रहे पूर्व जिला आबकारी अधिकारी धर्मेंद्र सिंह भदौरिया के खिलाफ 18.20 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में इंदौर स्थित विशेष पीएमएलए अदालत में अभियोजन शिकायत दायर की है।




### अदालत ने आरोपी को नोटिस जारी कर दिया

अदालत ने आरोपी को नोटिस जारी कर दिया है। इस मामले में ईडी ने जांच की शुरुआत लोकायुक्त इंदौर की स्पेशल पुलिस एस्टेब्लिशमेंट द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर की थी। भदौरिया पर सेवा अवधि के दौरान आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। जांच में सामने आया कि आरोपी अफसर ने गलत तरीके से अपराध से अर्जित धन को अपने तथा परिवार के सदस्यों के नाम पर चल-अचल संपत्तियों में निवेश किया।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## हमारी सजगता पर सवाल

धर्मनगरी का नाम लेकर कई लोग अवैध विधि विरूद्ध कृत्यों को आर्थिक लाभ के लिए अंजाम दे रहे हैं। बराबर इसकी जानकारी सोश्यल मिडिया पर भी डाली जाती है। मालवा के भोला मनूष को इससे कोई फर्क नहीं पडता की उसकी धर्मनगरी को कोई बदनाम कर रहा है। धर्मनगरी के नाम पर धन बटोर रहा है। ऐसा ही मामला वर्तमान में दस्तावेजों में जंगल विभाग में काफी दिनों तक चला, इसमें नाम तो धर्मनगरी का उपयोग हुआ लेकिन इसका लाभ कहीं और धन अर्जित कर उठाया गया। जंगल विभाग के दरवाजों से निकलकर मामला काफी चर्चित हो चुका है। दिल्ली निवासी एक कथित तांत्रिक महिला ने सोश्यल मिडिया पर धर्मनगरी ही नहीं बाबा और मंदिर का जिक्र करते हुए अन्यानेक समस्याओं से निजात दिलाने के लिए वन्य जीवों के अंगों से तांत्रिक क्रिया करने के नाम पर कई लोगों को चुना लगाया। कभी किसी जीव का कोई अंग तो कभी किसी जीव का दांत तो कभी किसी जीव की जेर को तांत्रिक विधि में उपयोग कर उससे अन्यानेक समस्या निदान के लिए देश भर के लोगों को जमकर चूना लगाया गया। धर्मनगरी और बाबा के नाम का सहारा लिया गया। वन्य जीवों का बार-बार जिक्र आने की स्थिति के बाद भी धर्मनगरी से कोई नहीं जागा। भला हो वन्यजीव अपराध नियंत्रण वालों का जिन्होंने सोश्यल मिडिया की जानकारी लगने एवं बार-बार धर्मनगरी एवं बाबा का जिक्र आने पर संज्ञान लेकर मामले को जांच के लिए यहां के जंगल विभाग को जागृत किया। जानकारी निकाली जाने पर कथित तांत्रिक महिला दिल्ली की निकली। उससे मुलाकात की फीस ही 35 हजार। ऊपर से वन्य जीवों के अंगों की तंत्र क्रिया की रकम अलग। सब कुछ अग्रिम वो भी आनलाईन खाते में डालने पर ही। उसके खातों की जांच में पिछले 6 माह में ही 4 करोड़ से ज्यादा की रकम जमा होना सामने आया। मामला यहां से संबंधित नहीं होने पर जंगल विभाग ने सूचित कर इतिश्री कर ली। धर्मनगरी एवं बाबा के नाम का जिक्र आने और वन्यजीवों के अंगों से तांत्रिक क्रिया के नाम पर उकसाने वाली इस तांत्रिक के खिलाफ वैसे तो मंदिर प्रबंधन को आगे आकर कानूनी कार्रवाई के लिए कदम बढ़ाने चाहिए थे लेकिन ऐसा कुछ नहीं किया गया। इसके उलट इस महिला तांत्रिक के पिछले महिनों में मंदिर में आगमन पर उसे वीआईपी ट्रीटमेंट दिया जाना सामने आया। खुसूर-फुसूर है कि यूं तो जरा-जरा सी बातों में मंदिर को लेकर हंगामा मचाने वालों ने इतना सबकुछ हो जाने पर भी कोई आवाज नहीं उठाई। शहर की तमाम मठाधीश संस्थाएं इसे लेकर मौन रही। मंदिर की और से ही सही इस मामले पर विधि सम्मत कार्रवाई होना ही चाहिए थी। अगर ऐसा नहीं हुआ तो कल से अन्यानेक ऐसे मामले देश के अनेक हिस्सों से लोग अंजाम देने लगेंगे। नजीर के लिए इस मामले में कथित तांत्रिक महिला के सोश्यल मीडिया के अकाउंट को चेक करवाकर उसमें धर्मनगरी और बाबा के नाम के उपयोग के सभी विडियो हटवाए जाना चाहिए। विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए उसे कटघरे में लाया जाना ही चाहिए। इसके लिए मंदिर के जिम्मेदारों को आगे रहकर पहल करना चाहिए।

खुसूर फुसूर

## न्यूज कॉलम

### बुधवारिया हाट बाजार में 3 माह में बनेगा हॉकर्स जोन- महापौर

**उज्जैन।** महापौर मुकेश टटवाल ने मंगलवार को जोन क्रमांक-02 में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जोन अध्यक्ष विजय सिंह कुशवाहा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। महापौर ने बुधवारिया हाट बाजार में प्रस्तावित हॉकर्स जोन का निर्माण कार्य आगामी तीन माह में हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि छोटे एवं फुटकर व्यापारियों को व्यवस्थित और सुरक्षित व्यापारिक स्थान उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में महापौर ने स्पष्ट किया कि जिन निर्माण कार्यों की टेंडर प्रक्रिया पूरी होकर वर्क ऑर्डर जारी हो चुके हैं, लेकिन संबंधित ठेकेदारों ने काम शुरू नहीं किया है, उन्हें तत्काल नोटिस जारी किया जाए। नोटिस के बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं होने पर संबंधित ठेकेदार की अमानत राशि राजसात करने की कार्रवाई की जाए।

## ट्रेंडिंग




### सीवरेज चेंबर की सफाई के दौरान मंगलवार दोपहर में हुआ बड़ा हादसा

# पैर फिसलने से चेंबर में गिरे एक कर्मचारी की मौत

## बचाने के प्रयास में उतरे दो कर्मचारी हुए बेहोश, घटनाक्रम देख एसपी ने गाड़ी रुकवाई और रेस्क्यू शुरू कराया






दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सीवरेज चेंबर की सफाई के दौरान मंगलवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। पैर फिसलने से चेंबर में गिरे एक कर्मचारी की मौत हो गई, बचाने का प्रयास करने उतरे दो कर्मचारी बेहोश हो गए। घटनाक्रम देख एसपी ने अपनी गाड़ी रोकी और रेस्क्यू शुरू कराया।

पिपलीनाका क्षेत्र में दोपहर के समय टाटा कंपनी के कर्मचारी सीवरेज चैंबर की सफाई के लिए पहुंचे थे। आधुनिक जैंटिंग मशीन से सफाई का काम शुरू किया गया। खुले चैंबर के पास कर्मचारी अशोक पिता भेरुलाल मिश्रा खड़ा हुआ था। सफाई मशीन के पाइप में उसका पैर उलझा और वह चेंबर के गड्ढे में जा गिरा। घटनाक्रम देख उसे बचाने के लिए दो साथी कर्मचारी गोपाल डाबी निवासी ग्राम अम्बोदिया और रमेश चौहान निवासी नानाखेड़ा बिना संसाधन के उसे बचाने के लिए चेंबर में उतर गए। लेकिन जहरीली गैस से तीनों बेहोश हो गए। इस दौरान मौके से एसपी प्रदीप शर्मा गुजर रहे थे। उन्हें घटना की जानकारी लगी तो अपना वाहन रोक और तत्काल पुलिस टीम के साथ नगर निगम टीम को बुलाकर रेस्क्यू शुरू कराया। करीब आधे घंटे बाद तीनों कर्मचारियों को बाहर निकाला गया और अस्पताल पहुंचाया गया, जहां अशोक मिश्रा की मौत होना सामने आया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक का पोस्टमार्टम कराया है, जो आलोट के ग्राम लूणी रिछा का रहने वाला था।

### निगम और प्रशासन की टीम पहुंची पिपलीनाका

सीवरेज के चेंबर में कर्मचारियों के गिरने की खबर लगते ही कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा जी टीम के साथ पिपलीनाका पहुंच गए थे। हादसे के बाद हड़कंप मचा हुआ था। घटनास्थल से अधिकारी अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने उपचार के लिए भर्ती दोनों कर्मचारियों के बेहतर उपचार के निर्देश अस्पताल प्रबंधन को दिए। कलेक्टर ने अपनी जान गवाने वाले कर्मचारी के परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की बात कही। डॉक्टर ने दोनों कर्मचारियों की हालत खतरे से बाहर होना बताई है।

### क्षेत्रीय पार्षद ने लगाया टाटा कंपनी पर आरोप

पिपलीनाका क्षेत्र में हुए हादसे की खबर मिलते ही सीएसपी पुष्पा प्रजापत, जीवाजीगंज थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा के साथ क्षेत्रीय पार्षद हेमंत गहलोत भी पहुंचे थे, पार्षद ने आरोप लगाया कि सीवर जैसी जोखिम भरी जगह पर काम करा रही टाटा कंपनी ने कर्मचारियों को गैस डिटेक्टर, ऑक्सीजन सिलेंडर, सेफ्टी हार्नेस और अन्य जरूरी सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और सफाईकर्मियों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने और उपकरण उपलब्ध कराने की मांग रखी।

### दो कर्मचारियों की हालात सामान्य

उपरोक्त तीनों कर्मचारियों को बाहर निकालने हेतु तत्काल राहत कार्य प्रारंभ करते हुए तीनो कर्मचारियों को निकाला जाकर उपचार हेतु चरक अस्पताल में भर्ती किया गया जिसमें टाटा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड का एक कर्मचारी अशोक को मृत घोषित किया गया तथा शेष दो अन्य कर्मचारी गोपाल एवं रमेश की हालत सामान्य है।

### थाने में एफआईआर का आवेदन

तत्काल संज्ञान में लेते हुए सम्बंधित कम्पनी टाटा प्रोजेक्ट प्रा. लिमिटेड के विरूद्ध जीवाजीगंज थाने में प्राथमिक सूचना दर्ज कराने के निर्देश दिए गए। उपचार के दौरान एक कर्मचारी अशोक को डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित किया गया तथा दो अन्य कर्मचारियों का उपचार जारी है तथा दोनों कर्मचारियों का स्वास्थ्य सामान्य है।

### इन प्रावधानों के तहत 30 लाख रुपये की सहायता

मृतक कर्मचारी अशोक के परिजनों को सीवर/सेप्टिक टेंक सफाई मित्रो के नियोजन का प्रतिषेध एवं उनका पुनर्वास अधिनियम 2013 के विहित प्रावधान अन्तर्गत 30 लाख रुपए का आर्थिक अनुदान दिये जाने के निर्देश सम्बंधितों को दिए गए। अधिकारियों के अनुसार केंद्र एवं राज्य ने इसे लेकर योजना स्पष्ट की है। इसके तहत सरक्यूलर जारी किया गया है जिसमें 30 लाख की आर्थिक सहायता का प्रावधान स्पष्ट किया गया है।

### कलेक्टर अस्पताल पहुंचे

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने पिपलीनाका क्षेत्र में हुई दुर्घटना की सूचना मिलते ही जिला चिकित्सालय पहुंचकर घायल व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उपचार व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य अमले को निर्देश दिए कि सभी घायलों का सर्वोत्तम उपचार सुनिश्चित किया जाए तथा उन्हें सतत् चिकित्सकीय निगरानी में रखते हुए आवश्यक सभी स्वास्थ्य सुविधाएं बिना किसी विलंब के उपलब्ध कराई जाएं। अस्पताल में भर्ती घायलों के परिजनों से भी चर्चा की और उन्हें हर संभव प्रशासनिक एवं चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

### बारिश से पहले एक्शन मोड में नगर निगम

# खतरनाक जर्जर भवन पर चला बुलडोजर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

बारिश के मौसम में संभावित दुर्घटनाओं को रोकने और जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम ने मंगलवार को जोन क्रमांक-03 अंतर्गत एक जर्जर एवं अत्यंत खतरनाक भवन को ध्वस्त करने की कार्रवाई की। यह कार्रवाई आर्य समाज मार्ग एवं डाबरी पीठा क्षेत्र स्थित नितेश बाली, पूजा बाली तथा आकाश सोनी के स्वामित्व वाले भवन पर जेसीबी मशीन की सहायता से की गई।



नगर निगम के अनुसार भवन स्वामियों को पहले ही नोटिस जारी कर निर्धारित समय सीमा में स्वयं भवन हटाने के निर्देश दिए गए थे। समय पर कार्रवाई नहीं होने पर निगम ने नियमानुसार स्वयं भवन को सुरक्षित तरीके से ध्वस्त कराया। यह कार्रवाई निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देशानुसार भवन अधिकारी राजकुमार राठौर एवं भवन दरोगा की मौजूदगी में की गई। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए आसपास के नागरिकों और राहगीरों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने सभी जोनल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वर्षा ऋतु को देखते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में जर्जर एवं गिराऊ भवनों का सर्वे कर उन्हें तत्काल चिन्हित किया जाए। आवश्यकतानुसार भवन स्वामियों को नोटिस जारी कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## पंडित ओम व्यास ओम की स्मृति में आज हास्य एवं व्यंग्य सम्मान समारोह

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

पंडित ओम व्यास ओम स्मृति 16वां सम्मान समारोह का आयोजन 8 जुलाई बुधवार को प्रातः 9 बजे तरणताल स्थित राधा पार्क में किया जा रहा है। आयोजन समिति के संयोजक स्वामी मुस्कुराके, शैलेंद्र व्यास एवं हास्य कवि सुरेंद्र सर्किट ने बताया कि हास्य सम्मान इंदौर के कवि प्रदीप नवीन एवं धुरंधर व्यंग्य अलंकरण रतलाम के जुझार सिंह भाटी को दिया जा रहा है। इस अवसर पर कमल पटेल एवं संगीता तल्लेरा काव्य पाठ करेंगे, प्रेमचंद सृजन पीठ के निर्देशक मुकेश जोशी, अंतर्राष्ट्रीय हास्य कवि अशोक भाटी, दिनेश दिग्गज, प्रेम सिंह यादव दिनेश दयावान उपस्थित रहेंगे।




## अमृत हरित महाअभियान अंतर्गत एक दिन में 11 हजार से अधिक पौधे रोपे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप नगर निगम द्वारा मंगलवार को अमृत हरित महाअभियान के तहत विक्रम विश्वविद्यालय परिसर में एक ही दिन में 11 हजार से अधिक पौधों का रोपण किया गया। अभियान में सामाजिक संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों एवं वृक्ष मित्रों की सहभागिता रही। नगर निगम ने इसे हरित उज्जैन के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया है।

कार्यक्रम में महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कुमट तथा उद्यान विभाग के अपर आयुक्त योगेंद्र सिंह पटेल ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया।




नगर निगम ने अभियान के तहत पूर्व तैयारी करते हुए विक्रम विश्वविद्यालय परिसर में गड्ढों की व्यवस्था की थी। यहां कटहल, करंज, अमरूद, शीशम, जामुन और गुलमोहर सहित विभिन्न छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। निगम के अनुसार पौधों की सुरक्षा, नियमित देखभाल और जियो-टैगिंग सुनिश्चित की जाएगी तथा उनका विवरण 'मेरी लाइफ' पोर्टल पर भी दर्ज किया जाएगा।

## शा. शालिग्राम तोमर उमावि दौलतगंज के बच्चों को सम्मान स्वरूप टी शर्ट व स्वल्पाहार वितरित



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

दैनिक अवन्तिका के संपादक संदीप मेहता द्वारा योगा कनक श्रृंगा एवं स्पोर्ट्स एसोसिएशन शा. शालिग्राम तोमर उमावि दौलतगंज के बच्चों को सम्मान स्वरूप टी-शर्ट व स्वल्पाहार वितरित किया। संस्था के बच्चों द्वारा रोप मलखम्ब, पोल मलखम्ब, योग व एक्रोबेटिक जिम्नास्टिक का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में कनक श्रृंगा सचिव व कोच संतोष सोलंकी, संस्था उपाध्यक्ष सपना माली, वैष्णवी बारोड, नंदनी विश्वकर्मा, याशिका बागले आदि मौजूद रहे।

### आम जनता की समस्याओं को लेकर बरती जा रही घोर लापरवाही के विरोध में

# कांग्रेस संगठन कल धरना प्रदर्शन कर नपा परिषद का करेगा घेराव

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर

नगर पालिका परिषद बड़नगर द्वारा आम जनता की समस्याओं को लेकर बरती जा रही घोर लापरवाही और अनियमितताओं के विरोध में कांग्रेस संगठन गुरुवार (कल) को एक बड़ा आंदोलन करने जा रहा है। ब्लॉक कांग्रेस सेवादल, शहर कांग्रेस सेवादल एवं समस्त कांग्रेस संगठन बड़नगर के संयुक्त तत्वाधान में दोपहर 12 बजे से पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद का घेराव व विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष डॉ.चैनसिंह चौधरी भी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को जनहित से जुड़ी मांगों का एक ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। कांग्रेस संगठन ने नगर पालिका प्रशासन पर जनता को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखने का आरोप लगाते हुए कहा है कि इस समय नगर पालिका में नामांतरण के मामलों में अत्यधिक विलंब किया जा रहा है, जिससे आम जनता परेशान है।

इसके साथ ही शहर में यातायात की बदहाल व्यवस्था, शुद्ध पेयजल का संकट, नगर में लगाए गए लाउड स्पीकर व सीसीटीवी कैमरे विगत कई सालों से बंद पड़े हैं। वाहनों की पार्किंग की कोई सुचारू सुविधा नहीं है, जिन विकास कार्यों के टेंडर नगर पालिका में खुले हैं उन्हें दोबारा लगाया जा रहा है इनका कार्य पूर्ण कराया जाए, नदी के घाटों की साफ सफाई नहीं हो रही है, खोब दरवाजा बस स्टैंड पर बने यात्री परीक्षालय में कचरा फेंका जा रहा है वहां से गंदगी व बदबू आ रही हैं, नगर में बने बावड़ी व कुंडों की साफ सफाई नहीं हो रही है, बारिश के समय कई कालोनियों में जल भराव की समस्या उत्पन्न हो रही है आम नागरिकों के घरों में पानी भर जाता हैं, नगर में मच्छरों का अधिक प्रकोप है इसे रोकने के कीटनाशकों का चितकाऊ नहीं किया जा रहा है, गरीबी रेखा के नीचे जीवन व्यापन करने वाले परिवारों का राशन कार्ड नहीं बन रहा है, नालियों की नियमित सफाई नहीं हो रही है, महाराणा प्रताप चौक का सौंदर्यकरण को यथावत रहने दिया जाए, सब्जी व फल विक्रेताओं को स्थाई स्थान अलॉट करने की मांग और शहर में लगातार हो रही अघोषित विद्युत कटौती से नागरिक और व्यापारी बेहद त्रस्त हैं।



### नगर पालिका प्रशासन पूरी तरह कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि नगर पालिका प्रशासन पूरी तरह कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है और इस सोए हुए प्रशासन को जगाने के लिए ही यह घेराव और धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। विनीत संगठन ने नगर के सभी प्रबुद्ध नागरिकों, व्यापारियों और पीड़ित जनता से अपील की है कि वे गुरुवार, दोपहर 12 बजे अधिक से अधिक संख्या में नगर पालिका परिषद पहुंचकर इस आंदोलन को सफल बनाएं और अपने हक की आवाज बुलंद करें।

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | बुधवार 08 जुलाई, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### 38 आंगनवाड़ी भवनों का निर्माण समय-सीमा में पूर्ण हो

**इंदौर।** प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं सांवेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक तुलसीराम सिलावट ने सोमवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने सांवेर विधानसभा क्षेत्र की साढ़े चार करोड़ से निर्मित होने वाली सभी 38 आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण आगामी दो माह के भीतर पूर्ण कर शीघ्र लोकार्पण सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली, पेयजल, शौचालय, भोजन सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों एवं महिलाओं को उच्च गुणवत्ता वाला पोषण आहार नियमित रूप से उपलब्ध कराया जाए तथा केंद्रों के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

### संस्थाओं की व्हील चेयर पर मरीजों को लेकर भटक रहे परिजन

**इन्दौर।** इंदौर के सबसे बड़े सरकारी महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय (एमवायएच) में इलाज करवाने के लिए रोज हजारों मरीज आते हैं। इंदौर के आसपास के जिलों के मरीज भी इलाज के लिए इसी अस्पताल पर निर्भर हैं। इन सबके बावजूद यहां पर व्यवस्थाएं सुधरने का नाम नहीं ले रही हैं। इन दिनों मौसम में बदलाव के कारण मरीजों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है और रोज 4 हजार से अधिक मरीज यहां पर आ रहे हैं। अस्पताल में ओपीडी पर्ची काउंटर से लेकर दवा वितरण खिड़की तक मरीजों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं, जिससे व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं। अव्यवस्थाओं और मशीनों की खराबी का सबसे बड़ा खामियाजा हड्डी रोग विभाग के मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। विभाग में मशीन खराब होने की वजह से घुटने और कमर के मरीजों को एक्सरे कराने के लिए एमवाय के मुख्य भवन में भेजा जा रहा है।

### आज जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक

उज्जैन। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन 08 जुलाई 2026 को किया जाएगा। यह बैठक सांसद श्री अनिल फिरोजिया की अध्यक्षता में आयोजित होगी।बैठक प्रातः 10:30 बजे से सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन के द्वितीय तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में जिला विकास एवं निगरानी से संबंधित विभिन्न विभागीय विषयों पर समीक्षा की जाएगी।

### 85 की कोलड्रिंक, 100 की वसूली! ग्राहक ने निकाला मोबाइल तो लौटाये 15 रुपये



इंदौर। शहर में एमआरपी से अधिक कीमत वसूलने का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला एक कोल्डड्रिंक की बोतल को लेकर सामने आया, जहां 85 रुपये की एमआरपी वाली बोतल के बदले दुकानदार ने ग्राहक से 100 रुपये वसूल लिए। जब ग्राहक ने बोतल पर अंकित एमआरपी दिखाकर अतिरिक्त 15 रुपये वापस मांगे, तो पहले दुकानदार टालमटोल करता रहा। काफी देर तक बहस होने और पूरा घटनाक्रम मोबाइल कैमरे में रिकॉर्ड होने के बाद आखिरकार दुकानदार ने 15 रुपये ग्राहक को लौटा दिए। वीडियो में ग्राहक लगातार दुकानदार से पूछता नजर आ रहा है कि जब बोतल पर साफ तौर पर 85 रुपये एमआरपी लिखी है, तो 100 रुपये क्यों लिए गए। शुरुआत में दुकानदार कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया, लेकिन विवाद बढ़ता देख उसने अतिरिक्त वसूले गए 15 रुपये वापस कर दिए। इस घटना के बाद शहर में एक बार फिर एमआरपी से अधिक कीमत वसूलने वाले दुकानदारों पर सवाल खड़े हो गए हैं।

### ट्रिपिंग में और कमी लाई जाए, मौसमी कारण से अवरोध हो तो कम समय में दूर करें

**इन्दौर।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक (एमडी) श्री अनूप कुमार सिंह ने सोमवार को समय सीमा बैठक में स्पष्ट किया कि शासन के निदेर्शानुसार उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली प्रदाय किया जाए। ट्रिपिंग में और की लाने की जरूरत हैं, इसी के मद्देनजर मैंटेनेंस की गुणवत्ता पर फोकस किया जाए। श्री सिंह ने कहा कि मौसम बिगड़ने पर यदि कहीं अवरोध की स्थिति बनती हैं तो टीमवर्क कर कम समय में बिजली आपूर्ति सामान्य की जाए। प्रबंध निदेशक श्री सिंह ने कहा कि स्टोर प्रभारी सामग्री का भंडारण एवं मैदानी कार्यालयों को सामग्री जारी करने का लेख-जोखा लंबित नहीं रखें, मैदानी कार्यालयों से स्क्रैप भी समय पर लाया जाए।

### नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**उज्जैन।** जिला प्रौढ़ शिक्षा कार्यालय द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन वर्जिन मेरी स्कूल, सेठीनगर उज्जैन में प्रातः 10 बजे से सायं 5:00 बजे तक किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी श्री महेंद्र खत्री एवं जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी श्री संजय शर्मा द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर सभी समन्वयकों को प्रेरित करते हुए साक्षरता कार्य को गति देने का आह्वान किया गया।जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा असाक्षरों के सर्वे कार्य को प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु निर्देश दिए गए, वहीं जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी ने घर-घर साक्षरता के लक्ष्य की जानकारी देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। डीपीसी राहुल भार्गव द्वारा उज्जैन जिले को पूर्ण साक्षर बनाने का लक्ष्य प्राप्त करने पर जोर दिया गया।

---

इंदौर का चर्चित हत्याकांड

# पत्नी की हत्या, फिर रचा 'कोबरा कांड' साढ़े छह साल बाद आरोपी को उम्रकैद

## साजिश रचकर लाया था अलवर जिले से ब्लैक डेजर्ट प्रजाति का एक खतरनाक कोबरा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इन्दौर**


इंदौर के बहुचर्चित शिवानी हत्याकांड में जिला अदालत ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए आरोपी पति अमितेष उर्फ शालू पटेरिया को उम्रकैद की सजा दी है। साल 2019 में बैंक अधिकारी अमितेष ने अपनी पत्नी शिवानी की हत्या के लिए एक बेहद खौफनाक और सुनियोजित साजिश रची थी। वह इंदौर से लगभग 620 किलोमीटर दूर राजस्थान के अलवर जिले से ब्लैक डेजर्ट प्रजाति का एक खतरनाक कोबरा 30 हजार रुपए में खरीदकर लाया था। आरोपी ने इस सांप को 11 दिनों तक अपने घर में छिपाकर रखा।

इसके बाद जब उसे सही मौका मिला, तो उसने तकिए से अपनी पत्नी का गला घोंटकर उसे मौत के घाट उतार दिया। हत्या को प्राकृतिक रूप देने के लिए उसने कोबरा को मार डाला और उसके दांतों को अपनी मृत पत्नी के हाथ में जबरन गड़ा दिए, ताकि पुलिस और डॉक्टर्स इसे सर्पदंश से हुई सामान्य मौत समझें। हालांकि, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट ने इस पूरी साजिश का भंडाफोड़ कर दिया और फोरेंसिक साक्ष्यों के साथ डॉक्टरों के बयानों ने अदालत के सामने सच्चाई लाकर रख दी।

करीब साढ़े छह साल तक चली लंबी अदालती सुनवाई के बाद कोर्ट ने अमितेष को हत्या के आरोप में उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा संरक्षित वन्यजीव कोबरा की हत्या करने के मामले में तीन साल के कारावास व 25 हजार रुपए के जुर्माने और साक्ष्य मिटाने के जुर्म में दो साल की सजा भी सुनाई गई है।

शिवानी अपने घर के पलंग पर मृत अवस्था में पाई गई थी और उसी बिस्तर पर वह सांप भी मरा हुआ मिला था। चाचा का कहना था कि कुछ समय पहले अमितेष ने शिवानी से तलाक लेने का प्रयास किया था, क्योंकि वह दिल्ली की किसी अन्य युवती के लगातार संपर्क में था।

### सोची-समझी रणनीति के तहत हत्या - परिजनों का आरोप



यह पूरी घटना इंदौर के संचार नगर में 1 दिसंबर 2019 को घटित हुई थी। 35 वर्षीय शिवानी पटेरिया को उसका पति अमितेष और उनका एक किरायेदार निखिल गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे। अस्पताल प्रशासन और डॉक्टरों को ससुराल पक्ष द्वारा यह जानकारी दी गई कि शिवानी की मौत सांप के काटने की वजह से हुई है लेकिन शिवानी के मायके पक्ष के लोगों ने घटना की सूचना मिलते ही इसे पूरी तरह संदेहास्पद बताया। जब कनाडिया थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर जांच के लिए पहुंचे, तो उन्हें घर के अंदर एक मरा हुआ कोबरा सांप पड़ा मिला। उस दौरान शिवानी के चाचा प्रभात दीक्षित ने पुलिस के सामने सीधे तौर पर आरोप लगाया था कि उनकी भतीजी की सोची-समझी रणनीति के तहत हत्या की गई है।

### दिल्ली में दूसरी महिला के साथ रहता था

पिता ने एक महत्वपूर्ण बिंदु उठाया कि बेटी का शरीर जहर के कारण काला पड़ने के बजाय पूरी तरह पीला था, जिससे साफ था कि मौत सांप के काटने से नहीं हुई थी। पिता ने बताया कि 9 साल पहले उन्होंने बड़े अरमानों से बेटी की शादी की थी, लेकिन शादी के बाद से ही दामाद दिल्ली में किसी दूसरी महिला के साथ पति-पत्नी की तरह रह रहा था।

### बहन भी साजिश में शामिल थी

शिवानी के पिता आनंद दीक्षित ने पुलिस को दिए अपने बयानों में स्पष्ट कहा था कि उनके दामाद ने अपनी बहन के साथ मिलकर इस पूरी वारदात को अंजाम दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक सुनियोजित योजना के तहत घटना वाले दिन आरोपी की बहन दोनों बच्चों को अपने साथ लेकर मॉल चली गई थी ताकि घर खाली रहे। शाम को जब बच्चे वापस लौटे तब तक शिवानी को अस्पताल ले जाया जा चुका था।

---

# स्टाफ अन्य स्वास्थ्य संस्थाओं में दे रहा सेवाएं

## खजराना सिविल अस्पताल के नाम पर दवाओं-उपकरणों की नहीं हुई कोई खरीदी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर के खजराना में प्रस्तावित 100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल को लेकर विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया में प्रसारित समाचारों के परिप्रेक्ष्य में जिला प्रशासन ने तथ्यात्मक स्थिति स्पष्ट की है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त विस्तृत प्रतिवेदन के आधार पर बताया है कि अस्पताल निर्माण में विलंब का प्रमुख कारण स्वास्थ्य विभाग को आवंटित भूमि का वास्तविक हस्तांतरण नहीं हो पाना है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि अस्पताल के लिए नियुक्त मानव संसाधन का उपयोग वर्तमान में जनहित में शहर की अन्य स्वास्थ्य संस्थाओं में किया जा रहा है तथा अस्पताल के नाम पर अब तक किसी प्रकार की दवा अथवा उपकरणों की खरीदी नहीं की गई है।

जिला प्रशासन के अनुसार ग्राम खजराना स्थित सर्वे क्रमांक 435/1/1 पैकी, रकबा 0.700 हेक्टेयर भूमि सिविल अस्पताल निर्माण के लिए स्वास्थ्य विभाग को आवंटित की गई थी। हालांकि संबंधित भूमि का वास्तविक कब्जा और हस्तांतरण स्वास्थ्य विभाग को अब तक प्राप्त नहीं हो सका है। बताया गया कि वर्तमान में उक्त भूमि का उपयोग नगर निगम इंदौर द्वारा किया जा रहा है, जिसके कारण अस्पताल भवन निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हो सकी है।

इस संबंध में 6 जुलाई 2026 को आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आश्वस्त किया कि सिविल अस्पताल के लिए आवंटित भूमि से कब्जा हटवाकर उसे स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जाएगी।

**भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया पूर्ण -** भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद 100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल के लिए आवश्यक भूमि आवंटन की औपचारिकताएं पूरी कर भवन निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त करने की कार्रवाई की जाएगी। वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग को अस्पताल भवन निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति संबंधी कोई आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। इसलिए भवन निर्माण का कार्य अभी प्रारंभ नहीं किया जा सकता। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2021 में खजराना सिविल अस्पताल के लिए कुल 87 पद स्वीकृत किए गए थे। इनमें से अब तक 29 स्टाफ नर्स, 5 फार्मासिस्ट तथा 1 लैब टेक्नीशियन की पदस्थापना की जा चुकी है।

### आगे की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी

जिला प्रशासन ने मीडिया में प्रसारित उन खबरों का भी खंडन किया है, जिनमें अस्पताल के लिए बड़े पैमाने पर पदस्थापना अथवा अन्य वित्तीय व्यय किए जाने का उल्लेख किया गया था। प्रतिवेदन के अनुसार प्रस्तावित सिविल अस्पताल खजराना के लिए अब तक किसी प्रकार की औषधि, चिकित्सा उपकरण अथवा अन्य सामग्री की खरीदी नहीं की गई है। इसके लिए वरिष्ठ कार्यालय से कोई वित्तीय आवंटन भी प्राप्त नहीं हुआ है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अस्पताल परियोजना से संबंधित सभी कार्य शासन के नियमों एवं निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप ही किए जाएंगे। भूमि स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित होने तथा भवन निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त होने के बाद ही 100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल खजराना के निर्माण की दिशा में आगे की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा है कि प्रस्तावित सिविल अस्पताल खजराना के संबंध में तथ्यात्मक स्थिति यही है और आमजन से अपील की गई है कि वे अपुष्ट अथवा भ्रामक सूचनाओं के बजाय प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक जानकारी पर ही विश्वास करें।

---

# उज्जैन बनेगा पहला 'ग्रीन कुंभ' मॉडल, हरियाली की छांव में होगा सिंहस्थ

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

पहली बार उज्जैन में 2028 में होने वाला सिंहस्थ कुंभ पर्यावरण की प्राथमिकताओं के साथ होगा। ग्रीन कुंभ में 10 लाख पौधों से हरित कॉरिडोर तैयार किया जाएगा। ग्रीन कुंभ की शुरूआत हो चुकी है। तीन लाख से अधिक गड्ढों की खुदाई पूरी कर ली गई है।

योजना का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा सिंहस्थ क्षेत्र की 114 किलोमीटर लंबी सड़कों को हरित कॉरिडोर में बदलना है। इन मार्गों के दोनों ओर 84 हजार बड़े और छायादार पौधे लगाए जाएंगे।

इनमें मुख्य रूप से नीम, करंज, जामुन और अन्य छायादार प्रजातियों के 10 से 12 फीट ऊंचे पौधे लगाए जाएंगे। इन प्रजातियों का चयन इसलिए किया गया है कि ये कम समय में अच्छी वृद्धि कर सकें और सिंहस्थ-2028 तक श्रद्धालुओं को प्राकृतिक छाया उपलब्ध करा सकें। बढ़ते तापमान और हीटवेव को देखते हुए यह चयन केवल सुंदरीकरण के लिए नहीं, बल्कि जलवायु अनुकूल अधोसंरचना विकसित करने की रणनीति का हिस्सा है।

प्रशासन निर्माणाधीन 29 किलोमीटर लंबे घाटों और मार्गों के किनारे भी बड़े पैमाने पर पौधारोपण करेगा। इसके अलावा शहर के 400 से अधिक उद्यान, प्रमुख जलाशयों के किनारे, शासकीय परिसरों और संस्थागत क्षेत्रों को भी इस हरित अभियान से जोड़ा गया है।

---

# हाईवे पर ब्रिज अलाइनमेंट को लेकर ग्रामीणों का विरोध

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर-खंडवा रोड पर तेजाजी नगर से बलवाड़ा के बीच बन रहे 1100 करोड़ रुपये के फोरलेन हाईवे पर सिमरोल के पास स्थित तलाई नाका गांव में एक नया विवाद खड़ा हो गया है। हाईवे पर निर्माणाधीन टनल (सुरंग) के कारण यह गांव दो हिस्सों में बंट गया है।

इन दोनों हिस्सों को जोड़ने के लिए टनल के ऊपर एक कनेक्टिंग ब्रिज की मांग ग्रामीण पिछले डेढ़ साल से कर रहे थे, लेकिन अब इसके अलाइनमेंट (स्थान) को लेकर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और ग्रामीणों के बीच गतिरोध पैदा हो गया है। सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने मेघा इंजीनियरिंग के साइट ऑफिस पहुंचकर अपना विरोध दर्ज कराया।

गांव के सरपंच लेखराज डाबी सहित अन्य ग्रामीणों का आरोप है कि एनएचएआई और ठेकेदार कंपनी द्वारा यह ब्रिज आईआईटी इंदौर के दूसरे गेट के पास (यानी गांव से करीब 500 मीटर दूर) प्रस्तावित किया गया है। ग्रामीणों का दावा है कि इस अलाइनमेंट से एक निजी कॉलोनाइजर को सीधा फायदा पहुंचेगा। वहीं दूसरी ओर, इस फैसले के कारण करीब 5000 ग्रामीणों को लगभग 2 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ेगा। इसके अलावा टनल के समानांतर सर्विस रोड बनाने के लिए अलग से जमीन का अधिग्रहण भी करना होगा।

# राज बताने के नाम पर रायपुर में बाबा ने की 35 लाख की ठगी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में हुई छोटे भाई की मौत का रहस्य जानने की उम्मीद लेकर रायपुर पहुंचे ग्रेटर नोएडा निवासी डाक्टर ऋषभ चौबे तंत्र-मंत्र के जाल में फंसकर करीब 35 लाख रुपये की ठगी का शिकार हो गए। खम्हारडीह पुलिस ने उनकी शिकायत पर चावल वाले बाबा के नाम से चर्चित आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

शिकायत के अनुसार बाबा ने तंत्र-मंत्र, प्रेत बाधा और विशेष अनुष्ठान के नाम पर डाक्टर को यह विश्वास दिलाया कि वह उनके भाई की मौत का रहस्य बता सकता है और विशेष साधना से उसे वापस भी ला सकता है। पुलिस के अनुसार गौर सौंदर्यम सोसाइटी, ग्रेटर नोएडा निवासी ऋषभ चौबे के छोटे भाई दिव्यदेव चौबे की अगस्त 2024 में इंदौर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी।

इसी के बाद छह अक्टूबर 2024 को अपने पिता उदय चौबे के साथ रायपुर पहुंचे और परिचितों के माध्यम से सिलयारी निवासी नरेंद्र नयन शास्त्री के संपर्क में आए। पहली मुलाकात गीतांजलि नगर स्थित परिचित के घर हुई। बाबा ने दावा किया कि वह चावल और घटनास्थल की मिट्टी देखकर मौत का पूरा रहस्य बता देगा।

इसके लिए पहली ही मुलाकात में 51 हजार रुपये लिए और इंदौर से घटनास्थल की मिट्टी मंगवाई। आरोप है कि बाबा ने अलग-अलग शहरों में पूजा-अनुष्ठान के नाम पर लगातार रकम खर्च कराई।

# मोबाइल किया हैक, खाते से निकाले 1.39 लाख रुपये

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शहर में साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अलग-अलग तरीकों से ये ठग लोगों को झांसे में ले रहे हैं। लसूड़िया थाना क्षेत्र में 75 वर्षीय रिटायर्ड बैंक अधिकारी से पेंशन कार्ड के नाम पर 1.39 लाख रुपये की ठगी की गई।

पुलिस को अखिलचंद्र गायकवाड़ निवासी सैटेलाइट जंक्शन ने बताया कि 15 जून को शाम सात बजे किन्हीं श्रीवास्तव नाम से फोन आया। आरोपी ने बैंक ऑफ इंडिया के पेंशन कार्ड जारी करने में मदद करने की बात कही। इस कार्ड के लिए मैंने पूर्व में आवेदन किया था। उन्होंने मुझे प्रधान कार्यालय के अधिकारी होने की जानकारी दी, इस पर उन्हें जानकारी दी। आरोपी ने बैंक खाता संख्या, शाखा का नाम, जन्म दिनांक और आंखों की पलक झपकाने वाली फोटो ली। इसके बाद फोन पर विभिन्न विकल्प दिखाते हुए सही विकल्प चुनने की सभी जानकारी ली। मोबाइल की अधिक जानकारी नहीं है, इसलिए उनके कहे अनुसार करता रहा। इसके बाद मोबाइल हैक हो गया और उनके नियंत्रण में चला गया। बैंक खाते से चार रुपये निकासी की जानकारी मैसेज से मिली। कुछ देर बाद खाते से तीन अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए करीब 1.39 लाख रुपये निकाल लिए गए। अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में रहने वाली छात्रा के साथ सस्ते दाम में स्कूटी दिलवाने का झांसा देते हुए 1.76 लाख रुपये की ठगी की गई। छात्रा पूजा ने बताया कि वह राजाबाग कॉलोनी में किराये से रहती है।

---

12 साल बाद गजकेसरी योग में गुप्त नवरात्र; बुध पुष्य का भी संयोग रहेगा खास

# 25 जुलाई से सभी मांगलिक कार्य पर लगेगी रोक

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

25 जुलाई को देवशयनी एकादशी के साथ चातुर्मास की शुरूआत हो जाएगी। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु चार महीने के लिए क्षीरसागर में शयन करने चले जाते हैं। इसी वजह से विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, यज्ञोपवीत और अन्य मांगलिक कार्य अगले चार माह तक नहीं किए जाएंगे।

पंचांग के अनुसार, आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा, यानी 15 जुलाई से गुप्त नवरात्र का आरंभ होगा। इस बार गुप्त नवरात्र 9 दिन तक रहेगी। खास बात यह है कि इसका शुभारंभ 12 साल बाद गजकेसरी योग और बुध पुष्य योग के दुर्लभ संयोग में हो रहा है।

### क्या है खास संयोग?

पंडित अमर डिब्बेवाला के अनुसार, 15 जुलाई को बुधवार, पुष्य नक्षत्र और कर्क राशि में चंद्रमा की स्थिति रहेगी। चंद्रमा और गुरु की युति से गजकेसरी योग बनेगा। सामान्यतः गुरु का एक ही राशि में आगमन 12 वर्ष में होता है, इसलिए यह संयोग बेहद विशेष माना जा रहा है। डिब्बेवाला के अनुसार, गुप्त नवरात्र के दौरान भड़ली नवमी का मुहूर्त रहेगा, लेकिन 16 जुलाई को गुरु तारा अस्त हो जाएगा। इस कारण इस अवधि में विवाह के मुहूर्त मान्य नहीं रहेंगे।

### साधना और उपासना के लिए विशेष समय



धार्मिक मान्यताओं के अनुसार आषाढ़ और माघ मास की नवरात्र को गुप्त नवरात्र कहा जाता है। यह काल साधना, उपासना और गुप्त विद्याओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। गुप्त नवरात्र काल में 2 सर्वार्थ सिद्धि योग और 3 रवि योग भी बनेंगे। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इन योगों में नई शुरूआत, बैंकिंग, टेक्नोलॉजी, ऑफिस शिफ्टिंग और व्यवसाय से जुड़े कार्य करना शुभ माना जाता है।

**साल में दो गुप्त और दो प्रकट नवरात्र-** श्रीमद्देवीभागवत महापुराण के अनुसार, वर्षभर में चार नवरात्र आते हैं, जिनमें दो गुप्त और दो प्रकट होते हैं। आषाढ़ और माघ मास के नवरात्र गुप्त नवरात्र कहलाते हैं, जबकि चैत्र और अश्विन मास के नवरात्र प्रकट नवरात्र माने जाते हैं।

# रिश्वतखोर पटवारी और फॉरेस्ट गार्ड सेवा से बर्खास्त

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर लोकायुक्त में दर्ज भ्रष्टाचार के दो अलग-अलग मामलों में दोषसिद्धि के बाद शासन ने एक पटवारी और एक वनरक्षक को सरकारी सेवा से पृथक कर दिया है। दोनों आरोपियों को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया था। बाद में विशेष न्यायालयों ने उन्हें कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई। खंडवा जिले के छायगांव माखन हल्का नंबर-34 के तत्कालीन पटवारी दिनेश जगताप का है। शिकायतकर्ता सादिक शेख ने लोकायुक्त इंदौर में शिकायत दर्ज कराई थी कि पत्नी के नाम खरीदे गए प्लॉट के नामांतरण के लिए पटवारी 3 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है। लोकायुक्त ने शिकायत का सत्यापन कराने के बाद 16 सितंबर 2019 को आरोपी पटवारी को 500 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। मामले की सुनवाई के बाद विशेष न्यायालय, खंडवा ने 31 मार्च 2026 को आरोपी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा-7 के तहत तीन वर्ष के कारावास और 15 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई।

## न्यूज कालम



### होनहार छात्रा कशिश राठौर की लायंस क्लब ने मदद का हाथ बढ़ाया

**सनावद।** होनहार छात्रा कशिश राठौर की शिक्षा के लिए लायंस क्लब सनावद स्नेह ने मदद का हाथ बढ़ाया है। कशिश शासकीय कन्या शाला में अध्ययनरत है। क्लब की जीएमटी डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ला.अनिता भागचंद जैन ने कशिश की साल भर की स्कूल फीस अदा की और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कशिश के पिता प्रहलाद सिंह,निशा सिंह,प्राचार्य दुगार्राम मुछाला ने लायंस क्लब सनावद स्नेह के प्रति आभार व्यक्त किया।इस दौरान ला.हितेश जैन और ला.माया मंडलोई उपस्थित थीं।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती पर विधायक ने कार्यक्रम में लिया भाग



**खंडवा।** विधायक कंचन मुकेश तनवे ने संगठन के निदेर्शानुसार पंडित श्याम प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती के उपलक्ष्य मे, अपनी विधानसभा क्षेत्र खंडवा 177 के, ग्राम नहाल्दा में मैं पहुंच कर पहुंच कर डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म जयंती कार्यक्रम में भाग लिया। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम में विधायक कंचन तनवे ने बूथ क्रमांक 83 पर, बूथ अध्यक्ष संदीप मीणा जी के निवास पर, कार्यकताओं के साथ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे नमन किया।इस अवसर विधायक कंचन मुकेश तनवे ने कहा की हम सब को मिलकर इस महान व्यक्तित्व पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के राष्ट्रवाद, अखंड भारत और राष्ट्रसेवा के आदर्शों का स्मरण करते हुए उनके विचारों को जन-जन तक पहुँचाने तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के संकल्प को और सुदृढ़ और सशक्त बना कर काम मे लग जाना है। कश्मीर को लेकर उन्होंने अपनी कुबार्नी दी और धारा 370हटाने के लिए अपना बलिदान तक दे दिया।

### जनदर्शन में विधायक कंचन तनवे ने सुनीं सौ नागरिकों की समस्याएं

**खंडवा।** निर्वाचित जनप्रतिनिधि का दायित्व होता है कि अपने क्षेत्र के विकास के साथ अपने क्षेत्र वासियों की समस्या सुनकर उनका निराकरण करना, इन विषयों को लेकर खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे लगातार क्षेत्र के विकास को लेकर मुख्यमंत्री से लेकर संबंधित विभाग के मंत्रियों एवं अधिकारियों से मुलाकात कर कार्यों को स्वीकृत कराती हैं, वही प्रतिदिन अपने निवास पर बैठकर क्षेत्र वासियों की समस्या सुनकर उनका निराकरण करती हैं। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया की खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने रविवार को एनवीडीए कॉलोनी स्थित विधायक कार्यालय में आयोजित नियमित जनदर्शन कार्यक्रम में क्षेत्र से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे करीब 100 नागरिकों ने सड़क, पेयजल, बिजली, राजस्व और अन्य स्थानीय समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। प्रवक्ता सुनील सुनील जैन ने बताया कि जनदर्शन में नीलकंठेश्वर वार्ड, दादाजी वार्ड, घासपुरा, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, शिवना, सियाराम चौक, सावखेड़ा, पिपलिया, रूधि सहित अन्य क्षेत्रों से करीब 20 से 25 विभिन्न समस्याएं सामने आईं।

### ग्राम ललनी टिमरनी में ऑल इज वेल हॉस्पिटल का नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर



**बुरहानपुर ।** ऑल इज वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा ग्राम ललनी टिमरनी, तहसील गोगावा जिला खरगोन में 6 जुलाई को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 74 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।शिविर में ऑल इज वेल हॉस्पिटल के जनरल फिजिशियन डॉ. अकरम खान ने मरीजों की समस्याएं सुनीं और परामर्श दिया। सभी मरीजों का निःशुल्क जनरल चेकअप एवं ब्लड प्रेशर की जांच की गई। डॉ. खान ने मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रहने की सलाह दी।ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा निर्देशन एवं डॉ. आर.एस. यादव के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

### मंडल के 9 स्टेशन पर इंक्वायरी काउंटर ठेके पर संचालित होंगे

**उज्जैन।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के अंतर्गत उज्जैन-इंदौर सहित 9 शहरों के रेलवे स्टेशनों पर इंक्वायरी काउंटर अब ठे-के पर संचालित होंगे। हैदराबाद की फर्म को इसका ठेका दिया है। इसके माध्यम से अब 20 जुलाई से ठेका प्राप्त करने वाली फर्म के आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा 9 रेलवे स्टेशनों के इंक्वायरी काउंटरों पर काम शुरू किया जाएगा।रतलाम मंडल के अंतर्गत आने वाले उज्जैन, रतलाम, देवास, डॉ. आंबेडकर नगर, नागदा, नीमच, चित्तौड़गढ़, दाहोद के रेलवे स्टेशनों पर एक-एक और इंदौर के रेलवे स्टेशनों पर 2 इंक्वायरी काउंटरों के संचालन एवं प्रबंधन के लिए विभिन्न फर्मों को आमंत्रित किया था। जिसकी बेस प्राइज 1.77 करोड़ रुपए रखी थी। सबसे कम प्रतिस्पर्धी बोली (बिड) लगाने वाली हैदराबाद की मेगा कंस्ट्रक्शन्स को सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकार कर लिया गया है। मेगा कंस्ट्रक्शन्स को लेटर ऑफ अवार्ड (एलओए) भी जारी कर दिया है। इसके अनुसार 9 रेलवे स्टेशनों पर इंक्वायरी काउंटरों का संचालन फर्म द्वारा 20 जुलाई से शुरू किया जाएगा। इन 9 रेलवे स्टेशनों पर इंक्वायरी काउंटरों की जिम्मेदारी कुल 39आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा 24 घंटों में तीन शिफ्ट में की जाएगी।

# कलेक्टर ने साप्ताहिक जनसुनवाई में आवेदकों की सुनी समस्याएं

## जनसुनवाई में छात्रा को मिला स्थानांतरण प्रमाण-पत्र

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर





जिला कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। जन सुनवाई कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने आमजन की शिकायतें सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान कुल 47 आवेदन प्राप्त हुए।

इस जनसुनवाई में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) आलीराजपुर की छात्रा सुश्री रिकुं, पिता श्री मोहन परमार, निवासी ग्राम माछलिया, तहसील रामा द्वारा स्थानांतरण प्रमाण-पत्र (टीसी) प्राप्त नहीं होने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया।

छात्रा ने आवेदन में बताया कि आवश्यक शैक्षणिक कार्यों के लिए स्थानांतरण प्रमाण-पत्र की आवश्यकता हैं मेरे द्वारा कई बार स्थानांतरण प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन देने के बाद भी मुझे आज दिनांक तक स्थानांतरण प्रमाण-पत्र प्राप्त नही हुआ है जिससे मुझे आगे की शैक्षणिक प्रक्रिया पूर्ण करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा छात्रा की समस्या का तत्काल निराकरण सुनिश्चित करने के लिए कहा। कलेक्टर के निर्देशों के पालन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के संबंधित अधिकारियों द्वारा आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए जनसुनवाई के दौरान ही छात्रा को स्थानांतरण प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया गया।

कलेक्टर श्रीमती माथुर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों एवं आमजन से जुड़े मामलों में अनावश्यक विलंब न किया जाए तथा सभी आवेदनों का समय-सीमा में संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

इसी प्रकार ग्राम रिछवी निवासी श्रीमती लिली किकरीया, पति श्री राजेश किकरीया द्वारा संबल कार्ड स्थानांतरण संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदन में उन्होंने बताया कि विवाह उपरांत उनका स्थायी निवास ग्राम पंचायत रिछवी में है, जबकि उनका संबल कार्ड अन्य ग्राम पंचायत से संबद्ध है। इस कारण उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदन की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में भूमि विवाद, अतिक्रमण, जमीनी कब्जा, राशन कार्ड बनवाने के संबंध, तालाब निर्माण जैसी समस्याओं से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान जनसुनवाई कक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती संघमित्रा गौतम, एडीएम श्री सोहन कनाश,डिप्टी कलेक्टर सुश्री निर्मला कलमें, तहसीलदार श्रीमती सविता चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## आस्था ग्राम ट्रस्ट को मुंबई की कंपनी का 7 लाख का दान

**खरगोन।** कलेक्टर भव्या मित्तल की पहल पर शहर के आस्था ग्राम ट्रस्ट को मुंबई की एक कंपनी से बड़ा आर्थिक सहयोग मिला है। वीआईपी इम्पैक्ट सेंटर के शिव कुमार ने ट्रस्ट को 7 लाख रुपये का दान दिया है। इस राशि से यहां निवासरत बच्चों को कम्प्यूटर कौशल में दक्षता देने का प्रयास किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि ट्रस्ट में मूकबधिर, मंदबुद्धि, नेत्रहीन सहित निराश्रित बच्चे निवासरत है। इन बच्चों का पालन. पोषण सामाजिक मदद से किया जा रहा है। कलेक्टर भव्या पटेल ने जिले में पदस्थी के बाद यहां कई सुविधाएं जुटाने में मदद की। शैक्षणिक सुविधाओं के साथ आधुनिक संसाधन एवं बुनियादी सुविधाएं जनसहयोग से उपलब्ध कराई गई। कलेक्टर की पहल पर उनके सहपाठी वीआईपी इम्पेक्ट सेंटर मुंबई की अंतराष्ट्रीय कम्पनी की ओर से मदद करने पहुंचे। मंगलवार को कम्पनी के एमडी शिव कुमार ने 7 लाख का चेक दान स्वरूप दिया। श्री कुमार ने कहा इस राशि का उपयोग ट्रस्ट में रह रहे बच्चों के स्किल डेवलपमेंट और शिक्षा के लिए किया जाएगा। इससे बच्चे आत्मनिर्भर बन सकेंगे। ट्रस्ट प्रबंधन ने बताया कि दान से बच्चों को कंप्यूटर प्रशिक्षण, सिलाई, ब्यूटी पार्लर और अन्य रोजगार मूलक प्रशिक्षण दिए जा रहे है।

## विधायक के प्रयासों से बख्खारी बैराज के विशेष मरम्मत कार्यों को 2.84 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति मिली

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



जिले की सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि मिली है। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस के प्रयासों से जल संसाधन विभाग ने मोहना नदी पर बने बख्खारी बैराज के विशेष मरम्मत एवं पुनर्स्थापन कार्यों के लिए 2 करोड़ 84 लाख 34 हजार रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है।

**2023 की अतिवृष्टि से हुआ था नुकसान**

श्रीमती चिटनिस ने बताया कि वर्ष 2023 में हुई अतिवृष्टि के दौरान मोहना नदी पर बने कई बैराजों को भारी क्षति पहुंची थी। बैराजों के क्षतिग्रस्त होने से जल संग्रहण क्षमता प्रभावित हुई, जिससे सिंचाई व्यवस्था पर असर पड़ा और किसानों को पर्याप्त पानी नहीं मिल सका। किसानों की समस्या को देखते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट एवं विभागीय अधिकारियों के समक्ष लगातार विषय उठाया।

श्रीमती चिटनिस ने कहा कि इस स्वीकृति से मरम्मत कार्य शीघ्र प्रारंभ होंगे। बैराज की जल संग्रहण क्षमता बढ़ने से आगामी रबी सहित अन्य फसलों के लिए किसानों को पर्याप्त सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। बैराज के सुदृढ़ होने से कृषि उत्पादन में वृद्धि के साथ जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

**पहले भी मिली थी 2.92 करोड़ की स्वीकृतिः**

इसके पूर्व भी वर्ष 2023 की अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त बैराजों के मरम्मत कार्यों के लिए 2 करोड़ 92 लाख 21 हजार रुपए की स्वीकृति मिली थी। इस राशि से मोहना नदी पर निर्मित बोदरली बैराज, रायसेना बैराज, खोखरी बैराज क्रमांक-2 एवं रेहटा-नीमगांव बैराज की विंग वॉल एवं रिटर्निंग वॉल का अतिरिक्त निर्माण तथा विशेष मरम्मत कार्य पूर्ण हो चुके हैं।

**तारापाटी-सेलगांव बैराज की स्वीकृति अंतिम चरण में:**

22 से 24 अगस्त 2023 की रिकॉर्ड अतिवृष्टि से रायसेना, कोदरी, सेलगांव, तारापाटी, सुखपुरी, कालूशा बाबा एवं नायर बैराज सहित कई संरचनाओं को नुकसान पहुंचा था। विधायक ने बताया कि मोहना नदी पर निर्मित तारापाटी बैराज एवं सेलगांव बैराज के मरम्मत कार्यों की स्वीकृति की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

**सीएम व मंत्री का जताया आभारः**

इस स्वीकृति पर श्रीमती अर्चना चिटनिस ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सहयोग से बुरहानपुर के किसानों की लंबे समय से लंबित मांग पूरी हुई है।

उक्त स्वीकृति पर क्षेत्र के किसानों ने विधायक अर्चना चिटनिस के सतत प्रयासों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

## जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत सुश्री काजल जावला ने 78 आवेदकों की समस्याओं को सुना

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी



प्रति मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय बडवानी में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत सुश्री काजल जावला ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए ७८ आवेदकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना एवं प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं का निराकरण समय सीमा में और प्रभावी ढंग करने के निर्देश दिए ताकि आम जनता को आसानी हो।

जनसुनवाई में ग्राम बड़दा बसाहट निवासी श्री सतीष पिता गणपत धनगर ने आवेदन देकर बताया कि ग्राम छोटा बडदा में सरदार सरोवर डूब से प्रभावितो ११ सौ लोगो को बसाया गया है। इस बसाहट में बने मार्ग पर चिकनी मिट्टी होने से कई बार राहगीर गिर का घायल हो गये है। इसलिये इस मार्ग पर मुरम डलवाई जाये, जिससे राहगीरो को चलने में किसी प्रकार की परेशानी न हो । इस पर जनसुनवाई कर रही जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती काजल जावला ने उक्त आवेदन को एनव्हीडीए पुर्नवास को भेजकर निराकरण करने के निर्देश दिये ।

जनसुनवाई में ग्राम कुकरा निवारियो ने सामुहिक रूप से आवेदन देकर बताया कि ग्राम पंचायत भीलखेड़ा द्वारा कुकरा में ३ वर्ष पूर्व कुएं की स्वीकृति प्राप्त हुई थी । जिससे पंचायत के माध्यम से कुएं का काम चालू भी किया गया था। परन्तु कुछ समय बाद आधा बनाकर उसे छोड़ दिया गया है। शेष कार्य ग्राम पंचायत भीलखेड़ा द्वारा आज दिनांक पूर्ण नहीं किया जा रहा है। ग्राम पंचायत भीलखेड़ा से आधूरे कुएं की जानकारी लेने पर सही तरीके से बात भी नहीं करते है। इस पर जनसुनवाई कर रही जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती काजल जावला ने उक्त आवेदन को जनपद पंचायत बड़वानी के सीईओ को भेजकर जांच कर निराकरण करने के निर्देश दिये ।



## लीक हुए घरेलू सिलेंडर ने पकड़ी आग, टला बड़ा हादसा

**खरगोन।** शहर के संजय नगर क्षेत्र में मंगलवार दोपहर उस वक्त बड़ा हादसा टल गया, जब एक रहवासी मकान में घरेलू सिलेंडर ने आग पकड़ ली। रहवासियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। संजय नगर मस्जिद के पास निवासरत महिला असगरी गफ्फार ने बताया कि उनके घर एजेंसी कर्मचारी सिलेंडर सप्लाय करने आया, तब उसमें से बदबू आ रही थी। लिकेज होने की शंका होने पर उन्होंने टोका भी लेकिन कर्मचारी ने सिलेंडर बदला नही। लिकेज सिलेंडर रखकर चले गए। महिला ने आरोप लगाया कि सिलेंडर चुल्हे में नही लगाया था, लिकेज होने के कारण उसने आग पकड़ ली। गनीमत रही आग लगने के दौरान घर के लोग सुरक्षित बाहर निकल भागे। हालांकि सिलेंडर से भड़की आग से घरेलू सामान जल गया। सिलेंडर में बढ़ती आग देख रहवासी मदद के लिए आगे आए और आग पर काबू पाया। इस घटना से कुछ देर के लिए क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया।

### प्रकरणों के निराकरण हेतु लगेगी लोक अदालत

**बड़वानी ।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री महेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में दिनांक 18 जुलाई को धारा 138 एन.आय. एक्ट चेक बाउंस के अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन जिला मुख्यालय बड़वानी एव तहसील सेंधवा, राजपुर, अंजड़, खेतिया में किया जा रहा है। उक्त विशेष लोक अदालत में वर्षो से लंबित चेक बांउस प्रकरण एवं न्यायालय में प्रस्तुत होने के पूर्व प्री-लिटिगेशन प्रकरण भी रखे जावेगे। मामलों के समन्वय हेतु श्री लीलाधर सोलकी विशेष न्यायाधीश एस.सी./एस.टीअत्याचार निवारण बड़वानी को प्रभारी नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## दिव्यांगजनों के लिए 8 से 17 जुलाई तक विकासखण्ड स्तर पर लगेंगे शिविर

**खण्डवा।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम अर्थात एलिम्को, उज्जैन के सहयोग से भारत सरकार की एडीप योजना के अंतर्गत जिले के पात्र दिव्यांगजनों के चिन्हांकन, परीक्षण एवं आवश्यक सहायक उपकरणों के लिए 8 से 17 जुलाई तक विभिन्न विकासखण्डों में परीक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। परीक्षण शिविरों में पात्र दिव्यांगजनों का विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं तकनीकी टीम द्वारा परीक्षण किया जाएगा। इन शिविरों में पात्र हितग्राहियों को आवश्यकता अनुसार कृत्रिम अंग ट्राईसाइकिल, मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, सी.पी. चेयर, कैलिपर्स व सहायक कृत्रिम अंग श्रवण यंत्र, बैसाखी, सुगम्य केन, ब्रेल केन फोल्डिंग, स्मार्ट केन, ब्रेल किट, टी.एल.एम. किट ए.डी.एल. किट. स्मार्ट फोन, एम.आर. किट सहित अन्य सहायक उपकरणों के लिए चिन्हित किया जाएगा।

## सरस्वती प्रसादम योजना अंतर्गत
## बड़गांव स्कूल में परोसा रुचिकर भोजन

**बडवानी ।** सरस्वती प्रसादम योजना अंतर्गत आदिवासी बच्चों की स्कूल बड़गांव में जिले की कलेक्टर जयति सिंह एवं जिला पंचायत की सीईओ काजल जावला के मार्गदर्शन में प्रतिमाह बच्चो को रुचिकर भोजन शिक्षकों के सहयोग से या लायंस क्लब बडवानी सिटी तथा अन्य समाज सेवियों के सहयोग से दिया जाता है। आज शिक्षक अशफाक शेख का जन्म दिवस होने से स्कूली बच्चों ने केक काटकर जन्म दिवस मनाया। इस अवसर पर शिक्षक ने बच्चो को रुचिकर भोजन हेतु 250 बच्चो हेतु गुड की जलेबी बुलवाकर मध्याह्न भोजन पूड़ी सब्जी खीर के साथ जलेबी का वितरण भी कराया गया जिससे बच्चे प्रसन्न हो गए । स्कूली बच्चों ने पहले भोजन मंत्र का उच्चारण किया उसके बाद उत्साहपूर्वक भोजन किया। विद्यालय के प्रधान पाठक अनिल जोशी ने बताया कि विद्यालय के शिक्षक गण विकास कार्यों हेतु भी समय समय पर सहयोग करते रहते है।इस माह में पौधों की सुरक्षा हेतु पांच हजार तथा पेयर ब्लॉक लगाने हेतु 15 हजार का सहयोग शिक्षकों द्वारा विद्यालय सौंदर्यीकरण के लिए दिया गया।

### जिले में अब तक औसत वर्षा 232 .8 मि .मी . दर्ज की गई

**खण्डवा ।** जिला आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 1 जून से अब तक जिले में 232.8 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक खण्डवा तहसील में 219 मिली मीटर, नया हरसूद तहसील में 212 मिली मीटर, पंधाना तहसील में 224 मिली मीटर, पुनासा तहसील में 212 मिली मीटर तथा खालवा तहसील में 297 मिली मीटर वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

## विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या रोकथाम पर जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

विद्यार्थियों में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति की रोकथाम एवं मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन के उद्देश्य से गठित जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक सोमवार को सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने, जागरूकता कार्यक्रमों, परामर्श व्यवस्था एवं आत्महत्या रोकथाम के प्रयासों की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में जिला स्तरीय निगरानी समिति की सचिव डॉ. वंदना गुप्ता द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में बताया गया कि जिले के विभिन्न महाविद्यालयों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, प्रशिक्षण कार्यशालाएँ, काउंसलिंग तथा जीवन कौशल आधारित गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। साथ ही शासकीय महाविद्यालयों में मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित स्टाफ प्रशिक्षण एवं मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठों का गठन किया गया है तथा उनकी गतिविधियों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।सीईओ जिला पंचायत श्री कूमट द्वारा निर्देश दिए गए कि विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है, अतः सभी विभागों के मध्य समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक शैक्षणिक संस्था में मानसिक स्वास्थ्य सेल को सक्रिय रखते हुए नियमित जागरूकता कार्यक्रम, काउंसलिंग व्यवस्था तथा आवश्यकता पड़ने पर विशेषज्ञ सहायता उपलब्ध कराई जाए।बैठक में सीएमएचओ डॉ. अशोक पटेल, ब्रजेश त्रिपाठी, सतीश कुमार सोलंकी, डॉ. कविता जैन सहित पुलिस, स्कूल शिक्षा विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे।बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सभी शैक्षणिक संस्थानों में गठित मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठों को सक्रिय किया जाएगा।

## 11 से 18 जुलाई तक विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जायेगा

**उज्जैन।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा जानकारी दी गई कि प्रतिवर्ष ११ जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इसी क्रम में वर्ष 2026 में 11 जुलाई से 18 जुलाई तक विश्व जनसंख्या दिवस अभियान का आयोजन किया जाएगा।इस वर्ष अभियान की थीम च्च्माँ और बच्चे की अच्छी सेहत के लिए गर्भधारण में सही समय एवं गर्भावस्था के बीच उचित अंतर आवश्यक है, अनचाहे गर्भधारण से बचेंज्ज निर्धारित की गई है। साथ ही अभियान का नारा च्च्जब तक बच्चों में हो सही अंतर, परिवार बने स्वस्थ और खुशहालज्ज रखा गया है।अभियान के दौरान जनसंख्या स्थिरीकरण, परिवार नियोजन के महत्व तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुधार के लिए व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। इसके अंतर्गत आधुनिक लघुकालीन एवं दीर्घकालीन गर्भनिरोधक साधनों, स्थायी परिवार नियोजन सेवाओं, परामर्श एवं सूचना सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।अधिकारियों ने बताया कि परिवार नियोजन सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना मातृ मृत्यु दर को कम करने, नवजात शिशु के स्वास्थ्य में सुधार तथा स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं को रोकने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

### मोतियाबिंद के 25 मरीजों को इंदौर भेजा

**खण्डवा ।** राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत सोमवार को पंधाना विकासखण्ड के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरगांव बुजुर्ग में निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर लगाकर मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया।खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल तंतवार ने बताया कि नेत्र जांच शिविर में 42 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से मोतियाबिंद के चिन्हित 25 मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन के लिए चौईथराम इंदौर भेजा गया।

**न्यूज -कॉलम**

## सात बदमाशों का किया तड़ीपार

**उज्जैन।** जिले में कानून व्यवस्था और आदतन अपराधियों पर अंकुश बनाये रखने के लिये पुलिस-प्रशासन लगातार आमजन की सुरक्षा को लेकर बदमाशों के खिलाफ सख्त एक्शन ले रही है। मंगलवार को लगातार अपराधिक गतिविधियों में शामिल रहे वाले 7 बदमाशों मोहम्मद अकबर पिता सईद 30 वर्ष निवासी बेगमपुरा थाना महाकाल, जगदीश पिता भीमा मोगिया 40 वर्ष, निवासी ग्राम देवली थाना तराना, घनश्याम पिता धूलजी प्रजापत 35 वर्ष निवासी केसरपुरा, हाल गायत्री कॉलोनी थाना महिदपुर, दिलीप पिता हीरालाल चौहान 35 वर्ष निवासी ग्राम मेडिया थाना नानाखेडा, अभिषेक उर्फ कालू पिता पप्पू भाटी 25 वर्ष निवासी सुदर्शन नगर थाना नीलगंगा, आकाश पिता भैरूलाल 23 वर्ष, निवासी नेहरू नगर थाना नागझिरी और शुभम उर्फ शिवम उर्फ बंदर पिता गोविन्द दास बैरागी 26 वर्ष, निवासी ढांचा भवन थाना चिमनगंज पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के साथ जिलाबदर किया गया है। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि सभी बदमाशों को जिलाबदर करने किये जाने का प्रतिवेदन जिला दंडाधिकारी को प्रस्तुत किया गया था। जहां से स्वीकृति मिलने पर सातों बदमाशों से आदेश की तामिली कराई गई है और उन्हे जिले की सीमा से बाहर भेजा जा रहा है। एसपी का कहना था कि भविष्य में भी आमजन की सुरक्षा और जिले में शांतिपूर्ण माहौल को बनाये रखने के लिये बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का अभियान जारी रहेगा।

## तस्कर का इनामी पुत्र गिरफ्तार



**उज्जैन।** नीलगंगा थाना पुलिस ने 24 अप्रैल को कच्चा मसानिया स्थित मंदिर के पीछे से राकेश उर्फ चिना पिता शांतिलाल जगदेव 48 वर्ष निवासी राजीव रत्न कॉलोनी को 11 ग्राम एम.डी. ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान तस्करी में उसका सहयोगी पुत्र कालू उर्फ करण उर्फ अर्जुन पिता राकेश चीना शामिल होना सामने आया था। जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास करने पर वह लगातार फरार होना सामने आ रहा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। मंगलवार को क्राइम ब्रांच की टीम ने फरार इनामी आरोपी कालू उर्फ करण पिता राकेश चीना को गिरफ्तार कर लिया। क्राईम ब्रांच उपपुलिस अधीक्षक योगेश सिंह तोमर ने बताया कि फरार आरोपी से पूछताछ कर मादक पदार्थ के अवैध कारोबार से जुडे अन्य आरोपियों के संबंध में पूछताछ जारी है। फरार इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में प्रधान आरक्षक कुलदीप भारद्वाज, रूपेश, वीरसिंह, आरक्षक अनिल पंचोली, मनीष और राहुल का सहयोग रहा।

## छात्रा से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी हिरासत में

**उज्जैन।** मंगलवार को कॉलेज जा रही छात्रा का रास्ता रोककर युवक द्वारा छेडछाड का प्रयास किया गया। युवक ने छात्रा का हाथ तक पकड लिया और बात करने का दबाव बनाने लगा। छात्रा ने विरोध किया तो युवक जान से मारने की धमकी देने लगा। छात्रा ने शोर मचाने का प्रयास किया तो युवक भाग निकला। छात्रा ने अपने साथ हुई घटना की शिकायत तराना थाना पुलिस को दर्ज कराई। थाना प्रभारी रामनारायणसिंह भदौरिया ने मामले की गंभीरता को देखते हुये तत्काल एसआई ए. बी. खाका, आरक्षक अर्चित शर्मा, आरक्षक आनंद और महिला आरक्षक शबाना की टीम को छेडछाड करने वाले युवक की तलाश में रवाना किया। कुछ घंटे बाद पुलिस टीम ने आरोपित गौतम पिता जगदीश उपाध्याय निवासी बडा राम मंदिर के पास तराना को अभिरक्षा में ले लिया। पुलिस के अनुसार आरोपित युवक के खिलाफ छात्रा की शिकायत पर धारा 74, 78(1)(1), 126(2) और 351(3) भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज किया गया है।

## प्रशांतिधाम चौराहा पर पलटा रिक्शा

**उज्जैन।** इंदौररोड प्रशांतिधाम चौराहा पर तेजगति से दौडा ई-रिक्शा क्रमांक एमपी 13 एएफ 7257 पलटी खा गया। रिक्शा में सवार भागवंताबाई पति आत्माराम सिन्नम 50 साल निवासी माधवपुरा मक्सीरोड और उसकी रिश्तेदार पार्वती बाई पति जितेन्द्र मकवाना 35 साल घायल हो गई। दोनों को लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। मामले में नानाखेडा थाना प्रधान आरक्षक अनिल सिसौदिया ने बताया कि घायल महिलाओं के बयान दर्ज कर रिक्शा चालक के खिलाफ तेजगति और लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 566-7 | 357-5 |
| मेन बाजार | 668-0 | 110-2 |
| कल्याण नाइट | 167-4 | 150-6 |
| मिलन डे | 677-0 | 568-9 |
| मिलन नाइट | 235-0 | 690-5 |
| मधुर डे | 168-5 | 233-8 |
| मधुर नाइट | 300-3 | 340-7 |
| शुभांक | 3 6 | 7 |

### गैर सरकारी समिति मंदिर परिसर में बैठकर काट रही रसीद, नकदी, सोना-चांदी ले रहे दान...

# मां बगलामुखी मंदिर के दान में सेंध का आरोप-कलेक्टर ने जांच समिति बनाई

**जिला पंचायत सीईओ की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति 7 दिन में जांच कर प्रतिवेदन देगी**



**उज्जैन।** आगर-मालवा जिले के नलखेडा में स्थित प्रसिद्ध तांत्रिक मां बगलामुखी मंदिर के दान में सेंध का आरोप लगने की स्थिति सामने आने के बाद कलेक्टर प्रिती यादव ने तीन सदस्यीय जांच समिति बनाई है। यह समिति 7 दिन में अपना प्रतिवेदन कलेक्टर को देगी। मामले में प्रारंभिक रूप से एक गैर सरकारी समिति के खुलेआम मंदिर में सोने-चांदी के आभूषण एवं नकदी दान में लेने की जानकारी सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया है।

उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर के दान में वर्ष 2018 में गणना के दौरान चोरी के बाद,अयोध्या के राम मंदिर,बद्रीनाथ-केदारनाथ धाम में चढ़ावा चोरी के मामले सामने आए हैं। इसी क्रम में नलखेडा के प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर के दान में भी सेंध की स्थिति सामने आई है। मंदिर की आधिकारिक सरकारी प्रबंध समिति को दरकिनार कर परिसर के भीतर एक गैर-सरकारी समिति के खुले रूप से सोने-चांदी के आभूषणों के दान लेने का मामला सामने आने पर कलेक्टर ने समिति बनाकर जांच का कदम उठाया है। सामने आए साक्ष्यों के अनुसार, नलखेड़ा की ही एक समिति को 2024 में तत्कालीन एसडीएम एवं मां बगलामुखी प्रबंध समिति के अध्यक्ष मिलिंद ढोके के संरक्षण में मंदिर के गर्भगृह के भीतर पैर जमाने का मौका मिला था। तब से लेकर अब तक यह समिति बिना किसी कानूनी अधिकार के मंदिर के अंदर अपनी रसीद काटकर दान ले रही थी। समिति दान पत्र के नाम पर रसीद बुक छपवाकर इसके माध्यम से अपना काम कर रही थी। गैर सरकारी संस्था की रसीद पर बकायदा एक निजी बैंक का खाता नंबर और कई लोगों के मोबाइल नंबर भी दर्ज हैं।

नियमों के मुताबिक मां बगलामुखी मंदिर पूरी तरह शासन के नियंत्रण में है और इसकी व्यवस्था संभालने के लिए एक आधिकारिक प्रबंध समिति गठित है, जिसके अध्यक्ष स्थानीय एसडीएम हैं। सरकारी नियम कायदों को ताक पर रखकर मंदिर के भीतर किसी भी अन्य निजी संस्था द्वारा सीधे दान या आभूषण स्वीकार नहीं किया जा सकता है। पिछले दो वर्षों में समिति की और से अब तक लाखों रुपए मूल्य के सोने और चांदी के आभूषण एवं नगदी लिए जा चुके हैं। गंभीर बात यह है कि इस अकूत चढ़ावे का कोई भी हिसाब-किताब न तो सरकारी प्रबंध समिति के पास है और न ही अवैध रूप से काम कर रही यह निजी सुदर्शन सेवा समिति इसका कोई सार्वजनिक ब्यौरा दे रही है।

इस पूरे मामले में मंदिर समिति के बाहर के लोगों की सक्रिय भूमिका सामने आ रही है। चौंकाने वाले तथ्य यह है कि यह लोग खुद मंदिर की आधिकारिक व्यवस्था या पुजारी पैनल में कहीं भी पंजीकृत नहीं है। इसके बावजूद वह मंदिर परिसर के भीतर बैठकर इस पूरी समानांतर व्यवस्था को बेखौफ होकर संचालित कर रहे है। बिना किसी ऑडिट और बिना किसी सरकारी निगरानी के हो रही इस लाखों की वसूली ने मंदिर की सुरक्षा और पारदर्शिता दोनों पर बड़े सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। गैर शासकीय समिति के दान लेने के आरोपों और शिकायतों के आधार पर कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव ने एक जांच समिति गठित की है। तीन सदस्यीय जांच समिति मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बी.एस. सोलंकी की अध्यक्षता में जांच को अंजाम देगी। इसमें जिला कोषालय अधिकारी मनीष सोलंकी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी नलखेड़ा मिनी अग्रवाल सदस्य बनाए गए हैं। जांच दल 7 दिवस के भीतर मंदिर परिसर का निरीक्षण कर दान-संग्रहण व्यवस्था, नगद-स्वर्ण-रजत का लेखा-जोखा एवं अन्य आरोपों के संबंध में जांच कर प्रतिवेदन सुझावों सहित प्रस्तुत करेगा।

# नकली नोट गिरोह में शामिल आरोपी का कोर्ट में सरेंडर

### दिसंबर माह से था फरार, 2 साथियों से मिले थे 17.50 लाख के नोट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इंदौर-उज्जैन के बीच नकली नोट छापने और खपाने के मामले का खुलासा दिसंबर में पुलिस ने किया था। 2 आरोपियों से 17.50 लाख के नकली नोट बरामद किये गये थे। मामले में गिरोह का सरगना और उसका साथी फरार थे। मंगलवार को एक फरार आरोपी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। जिसे 5 दिनों की रिमांड पर लिया गया है।

दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह में राज रॉयल कालोनी और पांड्याखेडी रेलवे ब्रिज के पास से नकली नोटो की डिलेवरी देने आये हिमांशु उर्फ चीनू पिता राजेश गौसर निवासी गऊघाट कालोनी और दिपेश पिता अनोखीलाल चौहान निवासी शिवगंगा सिटी हाटकेश्वर के पीछे को चिमनगंज थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उनके पास से 17.50 लाख के नकली नोट बरामद किये थे। पूछताछ में गिरोह से जुडें सोनू टाटावत उज्जैन और सरगना राजेश बरबटे निवासी भोपाल के नामों का खुलासा हुआ था। पुलिस ने दोनों को आरोपी बनाकर तलाश शुरू की थी। पिछले 7 माह से दोनों का सुराग तलाशने के प्रयास जारी थे। मंगलवार को चिमनगंज थाना पुलिस को खबर मिली कि नकली नोट गिरोह में शामिल सोनू टाटावत ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है। एसआई सुरेन्द्र मंडलोई कोर्ट पहुंचे और आरोपी से पूछताछ के लिये 5 दिनों का रिमांड मांगा। न्यायालय ने मामला नकली भारतीय मुद्रा से जुडा होने पर आरोपी को पुलिस रिमांड पर सौंप दिया। एसआई मंडलोई ने बताया कि अब गिरोह के मुख्य सरगना राजेश की तलाश है, रिमांड पर लिये गये आरोपी से उसके संबंध में पूछताछ की जायेगी और पता लगाया जायेगा कि मामले का खुलासा होने से पहले नकली नोट कहां-कहां खपाये थे।

**इंदौर स्थित फ्लैट में करते थे छपाई**

हिमांशु और दिपेश के गिरफ्त में आने पर खुलासा हुआ था कि वह गिरोह के साथ इंदौर स्थित अरविंदो अस्पताल के सामने श्री गंगा विहार कालोनी के एक फ्लैट में नकली नोट छापने का काम करते है। पुलिस की दबिश में फ्लैट से प्रिंटिंग मशीन, हाई सिक्योरिटी प्रिंट पेपर, केमिकल अधूरे छपे नोट मिले थे। फ्लैट में 500 के नोटों की छपाई की जा रही थी। दोनों आरोपियों से पूछताछ में सामने आया थ कि हिमांशु पूर्व में नकली नोट मामले में जेल जा चुका है, जो कुछ समय पहले ही जमानत पर रिहा हुआ है।

## बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**उज्जैन।** बडनगर मार्ग पर सोमवार-मंगलवार रात बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल को एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल लाया गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मृतक के पास मिले मोबाइल से उसकी पहचान कर परिजनों को सूचना दी।

महिदपुर के ग्राम धुलेट में रहने वाला गोपी पिता नाथुलाल 42 साल बाइक से बडनगर में रहने वाले मामा ससुर के घर गया था। जहां से रात में वापस लौटते समय उसे बडनगर मार्ग ग्राम रत्नाखेडी में पीछे से आये अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। चालक दुर्घटना के बाद अपना वाहन लेकर मौके से भाग निकला। दुर्घटना की सूचना पर 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। घायल को चरक अस्पताल लाया गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मृतक की पहचान के लिये उसके कपडों की तलाशी ली तो उसके पास से मोबाइल मिला। जिसके आधार पर उसकी पहचान कर परिजनों को घटनाक्रम से अवगत कराया गया। मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू की है।

**इधर घायल महिला की मौत**

माकडोन के ग्राम झुमकी में रहने वाली शिवकुंवर पति कालूसिंह राठौर 55 साल सडक दुर्घटना में घायल हो गई थी। परिजन उपचार के लिये उज्जैन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। उपचार के दौरान मंगलवार को शिवकुंवर बाई की मौत हो गई। माधवनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया गया है। जांच संबंधित थाना पुलिस को सौंपी जायेगी।

# झपट्टा मारकर ट्रेन में सवार यात्रियों का छीन लेते थे मोबाइल

### जीआरपी ने 2 को किया गिरफ्तार, नशे के आदी है दोनों बदमाश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

चलती ट्रेन के गेट पर खडे यात्रियों का झपट्टा मारकर मोबाइल छीनने वाले 2 बदमाशों को जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। दोनों नशे के आदी है और आउटर पर पटरियों के पास खडे होकर गेट पर खडे होकर मोबाइल पर बात करने वाले यात्रियों को निशाना बनाते थे।

जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि 6 जुलाई को गुना के रहने वाले हेमंत जाटव ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह इंटरसिटी एक्सप्रेस के जनरल कोच के गेट पर खडा होकर यात्रा कर रहा था। ट्रेन के उज्जैन स्टेशन से रवाना होने पर उसने परिवार को कॉल करने के लिये मोबाइल निकाला। उसी दौरान आउटर पर 2 बदमाशों ने झपट्टा मारकर उसके हाथ से वीवो कंपनी का मोबाइल छीन लिया। ट्रेन गति पकड चुकी थी और दोनों बदमाश पटरियों के बीच से दौडते हुये भाग निकले थे। शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 304 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर तलाश शुरू कर प्रधान आरक्षक श्याम सुंदर चौबे, दशरथ मेहरा, आरक्षक जनक भदौरिया, दिलीप लोधी और अनुप नारोलिया की टीम गठित की गई। 24 घंटे में झपट्टा मारकर मोबाइल छीनने वाले दोनों आरोपी कान्हा मराठा और पुरूषोत्तम को जीरो पाइंट ब्रिज के पास आउटर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर वीवो कंपनी का मोबाइल बरामद किया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपियों के खिलाफ पूर्व में चोरी और मारपीट के प्रकरण दर्ज होना सामने आया है। दोनों उज्जैन के रहने वाले है और नशा और दैनिक खर्चो के लिये वारदात को अंजाम देते है।



## केबल चोरी करने वाला पकडाया

माकडोन थाना पुलिस ने खेतों से केबल और टापरी में लगे पंखे चोरी की वारदात में शामिल फरार आरोपी दारासिंह पिता गोरेलाल 40 साल निवासी ग्राम खाखरी सुल्तान को गिरफ्तार किया है, पूछताछ के बाद उससे चोरी की केबल और पंखे बरामद किये गये है। थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि आरोपी दारासिंह ने अपने नाबालिग साथी और 3 अन्य के साथ मई माह में आधा दर्जन के लगभग खेतों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। मामले में प्रकरण दर्ज करने के बाद एक आरोपी और नाबालिग को गिरफ्तार कर चार सौ फीट केबल बरामद की गई थी। प्रकरण में अब भी 2 आरोपी फरार है, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

## बोहरा बाखल चोरी में परिचितों पर शंका



**उज्जैन।** जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के बोहरा बाखल में रहने वाले परिवार के यहां आयोजित गोद भराई के कार्यक्रम में चोरी की वारदात हो गई। लाखों की चोरी में परिवार को परिचितों पर शंका है। फिलहाल लिखित शिकायत पुलिस से की गई है। बताया जा रहा है कि केडी गेट स्थित बोहरा बाखल में रहने वाले हाफिज पिता फकरूद्दीन के परिवार में रविवार को गोद भराई का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। स्थानीय परिचितों के साथ बाहर से रिश्तेदार कार्यक्रम में शामिल होने आये थे। कार्यक्रम के दौरान आभूषण और कुछ नगदी चोरी हो गया। परिवार ने मामले की शिकायत जीवाजीगंज थाना पुलिस को लिखित में की है। बताया जा रहा है कि परिवार को परिचितों पर शंका है, वह अपने स्तर पर चोरी करने वालों का पता लगने का प्रयास कर रहा है। जानकारी नहीं लगने पर पुलिस कार्रवाई की जायेगी।

## छात्राओं ने लगाया नारा मैं भी हूं साइबर योद्धा




**उज्जैन।** साइबर अपराधों से बचाव के लिये चलाये जा रहे जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सराफा में छात्रओं ने मैं भी हूं साइबर योद्धा का नारा लगाया और अपने परिवार के साथ आसपास के लोगों को जागरूक करने की शपथ ली।

पुलिस विभाग द्वारा 24 जून से 8 जुलाई तक सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में महाकाल थाना पुलिस और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संयुक्त रूप से अभियान में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सराफा पहुंचकर कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा ऑनलाइन धोखाधडी से बचाव के प्रभावी उपायों की जानकारी प्रदान करना था। इस दौरान थाना प्रभारी गगन बादल, एएसआई चंद्रभानसिंह चौहान, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से डॉ. अंजना शुक्ला और विद्यालय के प्राचार्य मुकेश त्रिवेदी उपस्थित रहे। छात्राओं को वर्तमान समय में तेजी से बड रहे साइबर अपराधों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से होने वाली ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, फिशिंग, डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी एवं बैंकिंग फ्रॉड, फर्जी जॉब ऑफर, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग, साइबर बुलिंग, अश्लील एवं आपत्तिजनक ऑनलाइन सामग्री, पहचान की चोरी की जानकारी दी गई। वहीं साइबर फ्रॉड होने पर हेल्पलाइन नम्बर 1930 से अवगत कराया। कार्यक्रम में अंत में छात्राओं ने एएसआई चंद्रभानसिंह के साथ मैं भी हूं साइबर योद्धा का नारा लगाकर जागरूकता अभियान को आगे बडाने की शपथ ली।

# खाई में गिरी स्कूली बस के बाद ...10 स्कूलों की 80 बसों को किया गया चैक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महिदपुर में सोमवार को चालक की लापरवाही से स्कूली बस खाई में गिर गई थी। गनीमत रही कि विद्यार्थियों के साथ बडा हादसा नहीं हुआ। मंगलवार को पुलिस ने स्कूली बसों को लेकर अभियान चलाया और 10 स्कूलों की 80 बसों को चैक कर स्कूल प्रबंधन से फीट होने का प्रमाण-पत्र प्राप्त किया।

महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि मंगलवार को ग्रामीण एएसपी करणदीप सिंह और एसडीओपी जेंडेन लिंगजेरपा के मार्गदर्शन में थाना स्टॉफ के साथ तहसील में चलने वाले स्कूलों की बसों का निरीक्षण किया गया। बसों में इमरजेंसी गेट, अग्निशमन यंत्र, फिटनेस प्रमाण पत्र, परमिट चैक किये गये । ड्रायवर को वर्दी में और बसो में लेडी टीचर को रखने के साथ बसों में कैमरे लगवाने की समझाईश दी गई। निरीक्षण अभियान के बाद स्कूल प्रबंधन से वाहनों के फिट होने का प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया गया। सुबह से लेकर दोपहर तक 10 स्कूल एमपीएस स्कूल, अलंकार स्कूल, द एनीमेन्ट स्कूल, ओसीस स्कूल, सेन्ट जोसेफ स्कूल, जीनदाता इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, निर्मल किरण पब्लिक स्कूल, भारतमाता विद्या मंदिर, द रॉयल कान्वेंट स्कूल और सरस्वती विद्या मंदिर की करीब 80 बसों की जांच की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि बसों की जांच के बाद स्कूली बच्चों के परिवहन में उपयोग हो रहे मैजिक और ऑटो की जांच का अभियान भी चलाया जायेगा। लापरवाही सामने आने पर वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।



**गांव वालों ने निकाला था बच्चों को**

सोमवार को दोपहर को जेडी स्कूल की बस क्रमांक एमपी 13 पी 1274 ग्राम लाखाखेडी नाहरपुर में महिदपुर की ओर से आते समय रोड किनारे खाई में गिर गई थी। बस विद्यार्थी को स्कूल की छुट्टी होने पर घर छोडने जा रही थी। जिसके चलते संख्या कम थी। बस के खाई में गिरते ही आसपास के गांव वाले एकत्रित हो गये थे। जिन्होने बच्चों को बाहर निकाला। गनीमत रही कि किसी बच्चे को चोंट नहीं आई। थाना प्रभारी पाटीदार के अनुसार सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई थी। बच्चों को उनके घरों तक पहुंचाने के लिये वाहनों की व्यवस्था की गई। कुछ के परिजन मौके पर आ गये थे। घटनाक्रम में पुलिस की ओर से संज्ञान लेकर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया गया है।

## सादगी यूं ही नहीं आती



क्या सादगी अनावश्यक का त्याग और आवश्यक का अनुशीलन हो सकती है, जिसका अर्थ होगा वरण की, चयन की प्रक्रिया? क्या इसका अर्थ चुनाव नहीं है? चुनने की यह प्रक्रिया क्या है? चुनाव करने वाली हस्ती कौन है? मन ही न? आप उसे क्या नाम देते हैं, इसका कोई महत्व नहीं है। आप कहते हैं, मैं इसे चुनूंगा, यह आवश्यक है।

आप कैसे जानते हैं कि आवश्यक क्या है? या तो दूसरे लोगों ने जो कुछ कहा है, उसका आपके मन में कोई प्रारूप है या आपका अपना अनुभव कहता है कि यह जरूरी है। क्या आप अपने अनुभव पर निर्भर कर सकते हैं? जब आप चुनाव करते हैं, तो वह चुनाव आकांक्षा पर आधारित होता है। है न? जिसे आप आवश्यक कहते हैं, वह वही होता है, जो आपको संतुष्टि प्रदान करता है। इसलिए आप पुनः उसी प्रक्रिया में लौट आते हैं। ऐसा ही होता है न? तो क्या एक भ्रांत मन चुन सकता है और यदि वह चुनता है, तो क्या वह चुनाव भी भ्रांत नहीं होता? अतः आवश्यक और अनावश्यक के बीच चुनाव सादगी नहीं है। यह तो द्वंद्व ही है। द्वंद्व में, विभ्रम में फंसा हुआ मन कभी सीधा-सादा नहीं हो सकता। जब आप मन की तमाम झूठी चीजों, चालाकियों का अवलोकन व निरीक्षण करेंगे और इस तरह इन्हें त्याग देंगे, तब आप स्वयं ही जान लेंगे कि सादगी, सरलता क्या होती है? किसी विश्वास में बंधा मन कभी सरल नहीं हो सकता। ज्ञान द्वारा पंगु हो चुका मन सरल नहीं होता। जो मन ईश्वर में, स्त्रियों में, संगीत में अपना ध्यान बंटा लेता है, सरल मन नहीं है। दफ्तर, कर्मकांड व प्रार्थनाओं की नित्यचर्या से जकड़े मन में सादगी नहीं होती।

सादगी धारणारहित कर्म है। यह एक बड़ी विरल बात है; इसका अर्थ है सर्जनशीलता। जब तक सृजन नहीं होता, तब तक हम दुष्टता, क्लेश और विनाश के केंद्र बने रहते हैं। सादगी कुछ ऐसा नहीं है, जिसका आप अनुशीलन करके अनुभव कर सकते हों। सादगी वैसे ही आती है, जैसे सही वक्त पर फूल खिलता है, जब कोई अस्तित्व और संबंध की समस्त प्रक्रिया को समझ लेता है। हमने उसके बारे में कभी सोचा नहीं है, उसका निरीक्षण नहीं किया है, इसलिए हम उसके प्रति जागरूक नहीं हैं; हम अपरिग्रह के तमाम बाहरी रूपों को मूल्य देते हैं, लेकिन वह सादगी नहीं है।

सादगी को उपलब्ध नहीं किया जा सकता; वह आवश्यक और अनावश्यक के बीच चुनाव नहीं है। वह तभी अभिव्यक्त होती है, जब स्व का लोप हो जाता है। जब मन अटकलों, निष्कर्षों, विश्वासों, धारणाओं, परिकल्पनाओं में नहीं फंसा रहता। ऐसा मुक्त मन ही सत्य को पा सकता है। केवल ऐसा मन ही अनाम को ग्रहण कर सकता है और यही सादगी है, सरलता है।

**सम्पादकीय**

# शोक और उपहास

ईरान में मातम और नाराजगी का माहौल है। जहां अपने सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को आखिरी विदाई देते हुए ईरानवासी रो रहे हैं, वहीं नाराजगी उस अमेरिका पर है, जिसकी वजह से ईरान को ऐसे दिन देखने पड़ रहे हैं। तेहरान की गलियों में मातम का इजहार करने वालों का ऐसा सैलाब उतर आया है कि दुनिया दंग है। ऐसे बहुत लोग हैं, जिन्हें अब 86 वर्षीय अयातुल्ला अली खामेनेई की शोहरत का अंदाजा हो रहा है। खामेनेई ने साल 1989 से इस साल 28 फरवरी तक ईरान का दृढ़ता से नेतृत्व किया। ईरानवासी बार-बार याद कर रहे हैं कि कैसे अमेरिकी-इजरायली हमलों के पहले दिन ही उनके नेता शहीद कर दिए गए। बहुत सब्र के साथ ईरानी प्रशासन ने खामेनेई की आखिरी विदाई का इंतजार किया है। अब जब युद्ध-विराम चल रहा है, तब ईरान अपने सर्वोच्च नेता को अपनी तहजीब के हिसाब से, पूरी इज्जत से अलविदा कह रहा है। भारत सहित दुनिया भर के हजारों नेता और प्रतिनिधि ईरान के साथ इस गमी में शामिल हुए हैं।

बेशक, ईरान और उसकी नीतियों से किसी की असहमति हो सकती है; सभी मुस्लिम देश भी ईरान के साथ नहीं हैं, लेकिन किसी बड़े नेता को श्रद्धांजलि पूरी तरह से शांति का समय है। ऐसे समय में, दुनिया के हर नेता को संयम और समझ का परिचय देना चाहिए, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जो बयान दिए हैं, उसकी कतई तारीफ नहीं हो सकती। वह एक तरह से शोक का उपहास ही उड़ा रहे हैं। उन्होंने कहा है कि उन्हें ईरानी नेता की इतनी लोकप्रियता का अंदाजा नहीं था। यहां अव्वल तो यह कहना चाहिए कि खामेनेई की ताजा लोकप्रियता में ट्रंप का भी बड़ा योगदान है। दिसंबर से फरवरी तक जो ईरानी अमेरिका के साथ थे, जो अपनी जान का जोखिम उठाकर मुल्क की सड़कों पर बगावत का झंडा बुलंद कर रहे थे, वे भी अमेरिकी हमले के बाद खामेनेई के समर्थन में आ गए। ईरान में जिस तरह से आम लोगों या स्कूल को निशाना बनाया गया, उससे वहां अमेरिका के प्रति नाराजगी तेजी से बढ़ी। अब वहां अमेरिका के प्रति जो नफरत दिख रही है, वह बेहद अशुभ संकेत है। यह कोई पहली बार नहीं है, जब कुछ पीड़ित लोगों ने अपने देश में अच्छे बदलाव के लिए अमेरिका का आह्वान किया था, लेकिन अमेरिका द्वारा की गई बेरहम दखलंदाजी ने सब कुछ बिगाड़ दिया। काश! खामेनेई की लोकप्रियता का अंदाजा पहले ही डोनाल्ड ट्रंप को हो जाता, तो शायद युद्ध की नौबत ही नहीं आती। अब जो तबाही हो चुकी है, क्या उसे ईरान भूल पाएगा?

**जल के बिना भी संकट, जल के साथ भी संकट**

# हर गर्मी प्यास, हर बरसात बाढ़ – क्या यही विकास

भारतीय शहर आज विकास की सबसे बड़ी विडंबना का प्रतीक बन चुके हैं। वर्ष का एक हिस्सा पानी की एक-एक बूंद के लिए भटकते हुए गुजरता है, तो दूसरा उसी पानी से बचने के संघर्ष में। कुछ ही महीने पहले दिल्ली, मुंबई,



प्रो. आर.के. जैन (दैनिक अवन्तिका)

बेंगलुरु और चेन्नई जैसे महानगरों में सूखे नल, घटता भूजल, टैंकरों के पीछे लंबी कतारें और ¤वॉटर क्राइसिस¤ के बोर्ड दिखाई दे रहे थे। आज वही शहर मूसलाधार बारिश में डूबे हैं। सड़कें नदियों में बदल गई हैं, मेट्रो स्टेशन जलमग्न हैं, वाहन बह रहे हैं और जनजीवन ठप पड़ा है। यह केवल मौसम का उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि उस विकास मॉडल की विफलता है जिसने प्रकृति के साथ चलने के बजाय उसे पराजित करने का भ्रम पाल लिया।

सबसे बड़ी चिंता यह है कि जल संकट और जलभराव अब अलग-अलग समस्याएँ नहीं, बल्कि एक ही अव्यवस्थित व्यवस्था के दो चेहरे हैं। गर्मियों में दिल्ली का भूजल खतरनाक स्तर तक गिर जाता है और लोग पानी के लिए भटकते हैं, जबकि मानसून की पहली तेज बारिश में वही इलाके घुटनों तक पानी में डूब जाते हैं। मुंबई में हर वर्ष लोकल ट्रेनें ठप पड़ती हैं और लाखों लोग प्रभावित होते हैं। तकनीकी राजधानी बेंगलुरु में सड़कें जलमग्न होने पर आईटी कंपनियों को वर्क फ्रॉम होम लागू करना पड़ता है। चेन्नई में 2015 की विनाशकारी बाढ़ की यादें आज भी भय पैदा करती हैं। शहरी विकास मंत्रालय के अनुसार, पिछले पाँच वर्षों में प्रमुख शहरों में जलभराव की घटनाएँ लगभग 35 प्रतिशत बढ़ी हैं। यह केवल वर्षा की तीव्रता नहीं, बल्कि हमारी योजनागत विफलता का प्रमाण है।

इस संकट की जड़ें प्रकृति में नहीं, हमारी विकास नीति में हैं। शहरों के अंधाधुंध विस्तार ने झीलों, तालाबों, वेटलैंड्स और प्राकृतिक जलमार्गों को निगल लिया। सदियों तक वर्षा जल सँभालने वाले जलाशयों की जगह मॉल, बहुमंज़िला इमारतें, कॉलोनियाँ और सड़कें खड़ी हो गईं। नतीजतन वर्षा जल के प्राकृतिक निकास मार्ग समाप्त हो गए। बादल अपना काम करते हैं, लेकिन शहर विफल हो जाते हैं। पानी के पास



बहने का रास्ता नहीं बचता, इसलिए वह सड़कों, बेसमेंटों, मेट्रो स्टेशनों और रिहायशी इलाकों में भर जाता है। दिल्ली-एनसीआर का अनेक स्थानों पर 50झ60 वर्ष पुराना ड्रेनेज तंत्र आज की आबादी और वर्षा का दबाव नहीं झेल पा रहा, जबकि मुंबई में समुद्र से पुनः प्राप्त भूमि पर जल निकासी और गंभीर हो गई है। प्रकृति को कुचलकर किए गए विकास की कीमत आज हर नागरिक चुका रहा है।

स्थिति इसलिए अधिक गंभीर है क्योंकि यह कोई अप्रत्याशित आपदा नहीं। हर वर्ष मानसून आता है, भारी बारिश होती है और जलभराव होता है, फिर भी प्रशासन की तैयारी अधूरी रहती है। नालों की सफाई अधूरी, पंपिंग स्टेशन खराब, ड्रेनेज का आधुनिकीकरण फाइलों में और जल निकासी पर निवेश नाकाफी रहता है। नतीजा, कुछ घंटों की बारिश ही शहर की रफ्तार थाम देती है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अनुसार, शहरी बाढ़ से हर वर्ष हजारों करोड़ रुपये का आर्थिक नुकसान होता है। इसके बावजूद स्मार्ट सिटी परियोजनाओं में ड्रेनेज, भूजल पुनर्भरण और वर्षा जल प्रबंधन प्राथमिकता नहीं बन पाए। योजनाएँ आधुनिक दिखती हैं, लेकिन बुनियादी ढाँचा आज भी जर्जर और उपेक्षित है।

प्रशासनिक उदासीनता की सबसे बड़ी कीमत आम नागरिक चुकाते हैं। कर्मचारी घंटों जाम में फँसते हैं, विद्यार्थी विद्यालय नहीं पहुँच पाते, छोटे व्यापारी कारोबार ठप होने को विवश होते हैं और कई बार गंभीर रोगी समय पर अस्पताल तक नहीं पहुँच पाते। जलभराव केवल असुविधा नहीं, बल्कि दुर्घटनाओं, संक्रामक रोगों, बिजली संकट और आर्थिक ठहराव का कारण बनता है। दूसरी ओर गर्मियों में यही नागरिक टैंकरों से महँगा पानी खरीदने को मजबूर होते हैं। यानी कुछ ही महीनों में एक ही शहर पानी की कमी और पानी की अधिकता–दोनों का संकट झेलता है। इससे बड़ा विकास का विरोधाभास क्या हो सकता है?

स्पष्ट है कि समस्या का समाधान केवल राहत कार्यों से नहीं होगा। भारत को ऐसी समग्र जल नीति चाहिए, जो जल संरक्षण, जल निकासी और भूजल पुनर्भरण–तीनों को समान महत्व दे। हर नए निर्माण में वर्षा जल संचयन, पर्मिएबल सड़कें तथा वेटलैंड्स, झीलों और तालाबों का संरक्षण अनिवार्य हो। उपेक्षित पारंपरिक जलाशयों के पुनर्जीवन का राष्ट्रीय अभियान चलाया जाए। दिल्ली, बेंगलुरु और हैदराबाद में वेटलैंड पुनर्स्थापन के सफल मॉडल साबित कर चुके हैं कि राजनीतिक इच्छाशक्ति और वैज्ञानिक योजना से जल संकट और जलभराव, दोनों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। अब इन्हें देश की शहरी नीति का अनिवार्य हिस्सा बनाना होगा।

समय आ गया है कि शहरों की योजना कंक्रीट नहीं, जल के आधार पर बने। किसी भी सड़क, कॉलोनी, फ्लाईओवर, मेट्रो या आवासीय परियोजना को तभी स्वीकृति मिले, जब वह प्राकृतिक जल प्रवाह में बाधा न बने। शहरी नियोजन का हर निर्णय इस सोच पर आधारित हो कि वर्षा का पानी संकट नहीं, भविष्य की जल सुरक्षा का सबसे बड़ा स्रोत है। वर्षा जल का वैज्ञानिक संचयन, भूजल पुनर्भरण और प्राकृतिक जलमार्गों का पुनर्जीवन सुनिश्चित हो जाए, तो आज का यही पानी कल सबसे बड़ी जीवन-संपदा बन सकता है।

भारतीय शहर आज ऐसे मोड़ पर खड़े हैं, जहाँ विकास की दिशा बदलना अनिवार्य है। प्रकृति से संघर्ष कर कोई सभ्यता लंबे समय तक सुरक्षित नहीं रह सकती। जो विकास प्रकृति को मिटाता है, प्रकृति भी उसे टिकने नहीं देती। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और चेन्नई–हर महानगर यही चेतावनी दे रहा है कि अभी भी समय है। यदि जल-संवेदनशील शहरी नियोजन, उत्तरदायी प्रशासन और प्रभावी जल नीति को तुरंत लागू नहीं किया गया, तो आने वाले वर्षों में शहर हर मानसून में डूबेंगे और हर गर्मी में प्यासे रहेंगे। तब इतिहास यही दर्ज करेगा कि हमने पानी को संसाधन नहीं, संकट बना दिया–और यही हमारे विकास मॉडल की सबसे बड़ी विडंबना होगी।

## तरह-तरह के ताले

देखिए भाई, ईश्वर ने इंसान का जब ढांचा तैयार किया, तो उसमें दो आंखें दीं ताकि दुनिया का तमाशा 3ऊ में देख सको। दो कान दिए ताकि इधर की उधर सुन सको। पर मुंह? मुंह सिर्फ एक दिया। और उस पर भी सुरक्षा कारणों से इतने ताले लटका दिए कि तिजोरी का पासवर्ड भूलने वाला बैंक मैनेजर भी शर्मा जाए। पर इंसान तो इंसान है। ताला कितना भी मजबूत हो, हम मास्टर चाबी जेब में लेकर घूमते हैं। हमारे इस साढ़े तीन इंची मुखारविंद पर पांच तरह के डिजिटल और मैनुअल ताले लगे होते हैं। आइए, आज इनकी कुंडली खंगालते हैं।

पहला होता है संस्कार-लॉक, जिसे हम 'लोग क्या कहेंगे' गियर भी कह सकते हैं। यह ताला हमारे पैदा होते ही घर के बुजुर्ग हमारी जुबान पर वेल्डिंग मशीन से जड़ देते हैं। इस ताले की चाबी होती है शर्म, संकोच और लिहाज। जब मोहल्ले के शर्मा जी आपके घर आकर दो घंटे तक अपने निकम्मे लड़के की कामयाबी के झूठे कसीदे पढ़ रहे होते हैं, तब आपका अंतरात्मा चिल्ला रहा होता है, ¤अबे ओ सफेद झूठ की फैक्ट्री! बंद कर अपनी दुकान!¤ लेकिन तभी आपके मुंह पर लगा यह ताला एक्टिवेट हो जाता है। आप अपनी बत्तीसी बाहर निकाल कर बस इतना कह पाते हैं, वाह शर्मा जी, चिंटू ने तो कमाल कर दिया! अंदर ही अंदर आपका खून खौलकर चाय के पानी की तरह उबल रहा होता है, पर बाहर आप गंगा-जमुनी सभ्यता के ब्रांड एंबेसडर बने बैठे होते हैं। इसके बाद नंबर आता है दफ्तरिया-लॉक का, यानी 'बॉस इज ऑलवेज राइट' का कफस। यह एक बेहद आधुनिक, ब्लूटूथ से चलने वाला ताला है। इसकी रेंज सिर्फ आपके ऑफिस के वाई-फाई तक होती है। जैसे ही बॉस के केबिन से आवाज आती है एनी सजेशन्स?, आपके दिमाग की बत्ती जलती है। आपको पता होता है कि बॉस का नया आईडिया किसी कबाड़खाने के प्लान जैसा है।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 08 जुलाई 2026 बुधवार
सूर्योदय - 05:41 सूर्यास्त 19:13
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - अष्टमी 12:22 उपरांत नवमी
नक्षत्र - रेवती 16:00 उपरांत अश्विनी
योग - अतिगंड 12:38 सुकर्मा
करण - कौलव
चन्द्रमा - मीन में है। 16:00 पर मेष में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - मोहर्रम मास 22 तारिख

**मेष-** सुख के साधन जुटेंगे। कानूनी बाधा दूर होगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी।

**वृषभ-** संतान की रोजी-रोटी की चिंता समाप्त होने के योग हैं। व्यापार अच्छा चलेगा' कुसंगति से बचें।

**मिथुन-** विवाद से क्लेश होगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा।

**कर्क-** व्यवसाय ठीक करेगा। व्यापार में नए प्रस्ताव लाभकारी रहेंगे। सही समय पर लिए गए फैसले लाभ दिला सकते हैं।

**सिंह-** यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी सफल रहेंगे। धनार्जन होगा।

**कन्या-** पूँजी निवेश संबंधी कार्यों में सावधानी रखें। आत्मविश्वास बना रहेगा।

**तुला-** कारोबार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। पारिवारिक समस्याओं को प्राथमिकता से हल करें।

**वृश्चिक-** लेन-देन में सावधानी रखें। मेहमानों का आगमन होगा। शुभ समाचार मिलेंगे।

**धनु-** मान बढ़ेगा। धनार्जन होगा। रोजगार के बेहतर अवसर मिलने से आय बढ़ेगी।

**मकर-** दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। प्रसन्नतावर्धक समाचार मिलेंगे। व्यापार में इच्छित लाभ होगा।

**कुंभ-** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। धनार्जन होगा। घर की चिंता रहेगी।

**मीन-** विरोधी भी आपसे प्रभावित होंगे। कला के क्षेत्र में इच्छित सफलता मिलने के योग हैं।

# किशमिश का इस तरह करें सेवन, सेहत को मिलेंगे जबरदस्त फायदें

किशमिश सूखे अंगूर होते हैं जो आमतौर पर काले और भूरे रंग में उपलब्ध होते हैं। फाइटोकेमिकल्स और फाइबर से भरपूर होने के कारण किशमिश स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए आपके आहार में एक बढ़िया ऑप्शन है। किशमिश के इन सभी गुणों को जब आप दूध में मिलाते हैं तो ये और भी शक्तिशाली हो जाते हैं। वास्तव में, दूध के साथ किशमिश एक सदियों पुराना मिश्रण है जिसका उपयोग शिशुओं के स्वास्थ्य को बढ़ाने के लिए किया जाता है। आप अपने शिशुओं को ऑर्गेनिक किशमिश दे सकें तो और भी अच्छा होगा। आपने दूध और किशमिश का सेवन जरूर किया होगा।

माना जाता है कि दूध और किशमिश का एक साथ सेवन करने से न केवल प्रोस्टेट की ताकत बढ़ सकती है बल्कि कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को रोकने में भी यह काफी मददगार साबित हो सकता है। शोध भी बताते हैं कि किशमिश में पुरुष प्रजनन क्षमता में सुधार करने का गुण होता है। साथ ही इसमें शुक्राणुओं की गतिशीलता बढ़ाने की क्रिया भी सक्रिय रूप से पाई जाती है। यहां दूध में किशमिश को भिगोकर खाने के कुछ फायदे बताए गए हैं।

**दूध के साथ किशमिश खाने के शानदार फायदे**



**1. पाचन स्वास्थ्य में सुधार करता है-** किशमिश अघुलनशील और घुलनशील फाइबर के साथ आती है। इस प्रकार, दूध के साथ किशमिश आपके मल त्याग को सुचारू रखने में मदद करती है, जिससे कब्ज दूर रहता है। इसलिए, अगर कब्ज लगभग एक नियमित समस्या है, तो डेली एक गिलास किशमिश-दूध पिएं।

**2. आंत के स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है-** किशमिश प्रीबायोटिक्स और टार्टरिक एसिड के साथ आती है। अध्ययनों से पता चला है कि दूध के साथ किशमिश में मौजूद फाइटोकेमिकल्स और डाइटरी फाइबर आंत माइक्रोबायोटा को बदलने और उनके अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ाने में मदद करते हैं। हालांकि, इस खोज की पुष्टि के लिए और अधिक अध्ययन की जरूरत है।

**3. दिल को स्वस्थ रखने में मदद करता है-** किशमिश-दूध का लगातार सेवन दिल को स्वस्थ रखने में मदद कर सकता है। पर्याप्त मात्रा में फाइबर, पोटेशियम, और अन्य बायोएक्टिव यौगिकों जैसे टैनिन और फिनोल की उपस्थिति इस स्वास्थ्य लाभ के लिए जिम्मेदार हैं।

**4. किशमिश मौखिक स्वास्थ्य में सुधार कर सकती है-** किशमिश की चिपचिपी बनावट के कारण यह मौखिक स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं है, लेकिन किशमिश में एंटीमाइक्रोबियल गुण होते हैं जो कैविटी से बचाने में मदद कर सकते हैं। किशमिश में एंटीऑक्सिडेंट और फाइटोकेमिकल्स बैक्टीरिया के विकास को दबाने में मदद कर सकते हैं जिससे कैविटी हो सकती हैं।

किशमिश में कई फाइटोएस्ट्रोजेन और फाइटोकेमिकल्स होते हैं जो एंटीऑक्सीडेंट प्रभाव के साथ आते हैं। किशमिश में मौजूद हाई लेवल एंटीऑक्सिडेंट मुक्त कणों से होने वाले नुकसान से लड़ने में मदद करते हैं, और इस प्रकार पुरानी बीमारियों से लड़ने में सहायता कर सकते हैं। इसके अलावा, किशमिश-दूध बोरॉन से भरपूर होता है, जो हड्डियों के स्वास्थ्य में सुधार और रखरखाव में मदद कर सकता है।

**समसामयिक**

## बादल

गरजती -चमकती
बिजलियों से अब डर नहीं लगता
अपने पसीने से सींचे हुए
खेतों में लगे अंकुरों को देखकर
लगने लगा
हमने जीत ली है
मान -मन्नतो के आधार पर
बादलों से जंग,।
वृक्ष कब से खींचते रहे
बादलों को
अब पूरी हुई उनकी मुरादें
पहाड़ो पर लगे वृक्ष
ठंडी हवाओं के संग
देने लगे है
बादलों को दुआएँ।
पानी की फुहारों से
सज गई धरती की
हरी -भरी थाली
और आकाश में सजा इन्द्रधनुष
उतर आया हो
धरती पर
बन के थाली पोष।
खुशहाली से चहुँओर
हरी -भरी थाली के कुछ अंश
नैवेद्य के रूप में ईश्वर को
समर्पित कर देते है किसान
श्रद्धा के रूप में
शायद ,ये प्रकृति की पूजा का
फल है।



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

## रिश्ते

रिश्ते यदि हों घाव बन, बढ़े निरंतर पीर।
स्वयं बचाने मौन ही, बन जाता तब धीर॥
मन के भीतर टूटते, कितने मौन विहार।
अपने ही जब दे गए, विश्वासों पर वार॥
शब्द नहीं उपचार तब, चुप ही बने समीर–
स्वयं बचाने मौन ही, बन जाता तब धीर॥
हर उत्तर आवश्यक नहीं, हर झगड़ा नहीं जीत।
कुछ रिश्तों की हार में, छिपी हुई है प्रीत॥
दूरी भी उपचार है, जब बढ़ जाए पीर–
स्वयं बचाने मौन ही, बन जाता तब धीर॥
मीठे मुख के सामने, मन में यदि हो छेद।
ऐसे झूठे स्नेह से, अच्छा निर्मम भेद॥
सच की रक्षा कर सके, वही बने गंभीर–
स्वयं बचाने मौन ही, बन जाता तब धीर॥
क्षमा हृदय की शक्ति है, भूल नहीं हर बार।
स्वाभिमान के सामने, झुकता नहीं विचार॥
आत्मसम्मान के बिना, जीवन रहे अधीर–
स्वयं बचाने मौन ही, बन जाता तब धीर॥
'सौरभ' रिश्ते प्रेम से, पाते सदा विस्तार।
छल-कपट की धूप में, मुरझाते व्यवहार॥



डॉ सत्यवान सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

**धर्म-आस्था**

# दान का धर्म और विश्वास की मर्यादा

दान भारतीय संस्कृति का ऐसा अध्याय है, जिसमें देने वाले का हाथ ऊपर नहीं, बल्कि विनम्र होकर नीचे झुकता है। हमारे शास्त्रों ने स्पष्ट कहा है–त्यागेनैके अमृतत्वमानशुः अर्थात त्याग से ही अमरत्व की प्राप्ति होती है। इसलिए दान का मूल्य उसकी राशि में नहीं, बल्कि उसके पीछे छिपी निस्वार्थ भावना में होता है। आज जब श्रीराम मंदिर को दिए गए दान को लेकर विभिन्न प्रकार की चर्चाएँ, आरोप-प्रत्यारोप और हिसाब-किताब की माँग सामने आ रही है, तब आवश्यक है कि हम दान की मूल भावना को पुनः समझें। प्रशासन अपना कार्य कर रहा है। जाँच एजेंसियाँ अपना दायित्व निभा रही हैं। यदि कहीं कोई अनियमितता हुई है तो दोषियों को दंड अवश्य मिलेगा। लेकिन साथ ही यह विश्वास भी बना रहना चाहिए कि राम सब देख रहे हैं। न्याय में देर हो सकती है, अंधेर नहीं। भारतीय इतिहास और पुराणों में दान की परंपरा केवल संपत्ति देने की नहीं, बल्कि अधिकार छोड़ने की रही है।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

दैत्यराज बलि ने वामन भगवान को तीन पग भूमि दान में दे दी। गुरु शुक्राचार्य ने चेताया कि यह सामान्य ब्राह्मण नहीं, स्वयं भगवान हैं और तुम्हारा सब कुछ चला जाएगा। किंतु बलि ने उत्तर दिया–जो दे दिया, उसे वापस लेने का विचार भी अधर्म है। उन्होंने कभी यह नहीं पूछा कि मेरी पृथ्वी का क्या हुआ, स्वर्ग का लेखा-जोखा कहाँ है या दान की रसीद किसके पास है।

सूर्यपुत्र कर्ण ने अपने जन्मजात कवच और कुंडल इंद्र को दान में दे दिए। वे जानते थे कि इन्हीं के कारण उनका जीवन सुरक्षित है। फिर भी उन्होंने दान के बाद कभी यह नहीं पूछा कि कवच कहाँ रखा गया या उसका उपयोग किसने किया।

महाराज हरिश्चंद्र ने सत्य की रक्षा के लिए अपना राज्य दान कर दिया। परिस्थितियाँ ऐसी बनीं कि पत्नी और पुत्र तक को अलग करना पड़ा और स्वयं श्मशान में सेवा करनी पड़ी। लेकिन उन्होंने कभी विश्वामित्र से यह नहीं कहा कि मेरे राज्य का हिसाब दिखाइए या राजकोष का लेखा प्रस्तुत कीजिए।

महर्षि दधीचि ने देवताओं के कल्याण के लिए अपनी अस्थियाँ तक दान कर दीं ताकि उनसे वज्र बनाया जा सके। उन्होंने कभी यह नहीं पूछा कि मेरी अस्थियों से बना वज्र कहाँ है और उसका उपयोग कैसे हुआ।

महाराज शिबि ने कबूतर की रक्षा के लिए अपने शरीर का मांस तराजू पर रख दिया। उन्होंने कभी उसके वजन का प्रमाणपत्र नहीं माँगा।

इन प्रसंगों का सार यही है कि दान का अर्थ वस्तु देना नहीं, बल्कि उस वस्तु पर अपना अधिकार समाप्त कर देना है। आज यदि कोई व्यक्ति वर्षों बाद अपने दिए गए दान का हिसाब माँगते हुए कहे कि हमने इतनी चाँदी दी, इतने आभूषण दिए, इतनी राशि दी, अब उसका विवरण प्रस्तुत किया जाए, तो प्रश्न केवल कानूनी नहीं, बल्कि नैतिक भी बन जाता है।

यदि कहीं वित्तीय अनियमितता या गबन हुआ है, तो उसकी निष्पक्ष जाँच होना ही चाहिए। किसी भी धार्मिक, सामाजिक या सार्वजनिक संस्था को कानून से ऊपर नहीं माना जा सकता। लेकिन जाँच का कार्य प्रशासन और न्याय व्यवस्था का है। समाज का दायित्व न्याय की प्रक्रिया पर विश्वास बनाए रखना है, न कि अफवाहों और आरोपों के आधार पर श्रद्धा को कटघरे में खड़ा करना।

दान की परिभाषा हमारे धर्मशास्त्रों में अत्यंत स्पष्ट है–

स्वस्वत्वनिवृत्तिपूर्वकं परस्वत्वोत्पादनं दानम।

अर्थात अपनी वस्तु पर अपना स्वामित्व समाप्त कर दूसरे का अधिकार स्थापित करना ही दान है।

श्रीरामानुजाचार्य भी लिखते हैं–

आत्मीयस्य द्रव्यस्य परस्वत्वापादनपर्यन्तः त्यागः।

अर्थात अपनी वस्तु का पूर्ण त्याग करके उसे दूसरे का बना देना ही वास्तविक दान है।

एक अन्य परिभाषा कहती है–

स्वपरानुग्रहार्थं अर्थिने दीयते इति दानम।

अर्थात दान दूसरे पर उपकार नहीं, बल्कि स्वयं पर किया गया अनुग्रह है। क्योंकि दान मनुष्य को लोभ, अहंकार और स्वामित्व की भावना से मुक्त करता है।

भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में सात्विक दान का वर्णन करते हुए कहा है कि वह दान श्रेष्ठ है जो योग्य स्थान, योग्य व्यक्ति और उचित समय पर बिना किसी प्रतिफल की इच्छा के दिया जाए। यदि दान के बदले सम्मान, प्रसिद्धि, नाम, प्रशंसा या नियंत्रण की अपेक्षा जुड़ जाए तो वह दान नहीं, लेन-देन बन जाता है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6000 से 6050 विशाल, 5950 से 6000 मसूर 6000,महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7500, महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900, कर्नाटक 8100 से 8300 निमाड़ी, डेट तुअर 6500 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी, 7100 से 7300 मूंग बेस्ट बोल्ड, 7500 से 7700 मीडियम बोल्ड, 7200 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8700 से 9000, उड़द गर्मी 8000 से 8400 ग्रेविटी, क्लीन 8600 से 8900 हल्का उड़द, 4000 से 6000 काबुली डॉलर, 7000 से 8400 काबुली रशियन, 5800 बिटकी 5200 से 5300, सरसों निमाड़ी 8000 से 8200, रायडा 6800 से 7000 करंज 5000, से 5200 सोयाबीन 6800 अलसी, 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से, 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800, पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज, 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7450 से 7550, मीडियम 7650 से 7750 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1950-2925, धनिया- 10300-12762, चना देशी- 5541-6301, डालर चना- 3850-7310, मटर- 2622-3430, मक्सा- 2415, मूंग- 6810, सोयाबीन- 2200-8000, तिल्ली- 10491-11001, सरसो- 6886, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,42,800 रवा- 1,42,600 चांदी- टंच- 2,31,500 पाट- 2,20,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## सक्सेना व जोशी जिला संयुक्त सचिव नियुक्त पेंशनर्स एसो. सदस्यों ने दी बधाई

**शुजालपुर।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह पवार ने प्रदेश अध्यक्ष श्याम जोशी की अनुशंसा पर सेवानिवृत्त कर्मचारी ओमप्रकाश सक्सेना एवं जनक जोशी को जिला संयुक्त सचिव मनोनीत किया है। दोनों की नियुक्ति सेवानिवृत्त कर्मचारियों के हितों के लिए उनकी सक्रियता और संगठनात्मक योगदान को देखते हुए की गई है। एसोसिएशन के अनुसार दोनों पदाधिकारी लंबे समय से विभिन्न कर्मचारी संगठनों के माध्यम से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। संगठन को उम्मीद है कि वे नई जिम्मेदारी का निर्वहन भी पूरी निष्ठा के साथ करेंगे। नियुक्ति पर प्रदेश उपाध्यक्ष गंगाधर वर्मा, हरिचरण मंगलावत, भागीरथ सिंह सिसोदिया, प्रेमदास बैरागी, यादव सिंह परमार, तहसील अध्यक्ष ललित बिड़वाले, चंद्रकांता श्रीवास्तव, करण सिंह मेवाड़ा, संतोष सक्सेना, प्रदीप कुमार व्यास सहित अनेक सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने दोनों पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि ओमप्रकाश सक्सेना एवं जनक जोशी संगठन को मजबूत बनाने के साथ-साथ सेवानिवृत्त कर्मचारियों के हितों की आवाज प्रभावी ढंग से उठाएंगे।

## मुख्य एवं सत्र न्यायाधीश तरुण कुमार सिंह ने पवित्र गुफा पर की लंगर सेवा



**जीरापुर।** श्री अमरनाथ यात्रा प्रारंभ होते ही बर्फानी के दर्शन के लिए देशभर से लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ती है। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सेवा के लिए अनेक सेवा मंडल स्वेच्छा से अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं। इन सेवा मंडलों द्वारा भोजन (लंगर), चाय, चिकित्सा सहित विभिन्न आवश्यक व्यवस्थाएं की जाती हैं। इन्हीं सेवा कार्यों में करनाल सेवा मंडल के साथ जीरापुर मंडल के सहयोगी भी निस्वार्थ भाव से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अमरनाथ यात्रा के दौरान पवित्र गुफा स्थित करनाल भंडारे में मुख्य एवं सत्र न्यायाधीश तरुण कुमार सिंह श्रद्धालुओं को लंगर परोसकर सेवा कार्य में सहभागी बने। उन्होंने बाबा बर्फानी के पावन दर्शन कर देश एवं समाज की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। करनाल ब्रांच के साथ सेवा दे रहे जीरापुर मंडल के सहयोगी अशोक पंडित लगातार सात दिनों से श्रद्धालुओं की निस्वार्थ भाव से सेवा में जुटे हुए हैं। वहीं कल्याण सिंह किरार, राजेंद्र गुर्जर सहित जीरापुर नगर के कई श्रद्धालु भी यात्रा के दौरान सेवा एवं सहयोग के कार्यों में निरंतर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## प्रियंका शुक्ला ने एसपी का पदभार संभाला, सुरक्षा, साइबर जागरूकता प्राथमिकताएं होंगी



**शाजापुर ।** शाजापुर जिले की नई पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला ने मंगलवार को विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने शाजापुर पुलिस की कमान संभाली। इस अवसर पर निवृत्तमान पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत ने उन्हें जिले की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, प्रशासनिक व्यवस्थाओं और पुलिस की विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पदभार ग्रहण करने के बाद एसपी प्रियंका शुक्ला ने जिले के राजपत्रित अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि जिले में प्रभावी कानून-व्यवस्था बनाए रखना, महिला एवं बाल सुरक्षा को मजबूत करना, साइबर अपराधों की रोकथाम और साइबर जागरूकता बढ़ाना उनकी मुख्य प्राथमिकताएं होंगी। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस और आमजन के बीच बेहतर संवाद स्थापित कर संवेदनशील, पारदर्शी और जवाबदेह पुलिसिंग को बढ़ावा दिया जाएगा। मीडिया से चर्चा करते हुए एसपी प्रियंका शुक्ला ने बताया कि उन्होंने निवर्तमान एसपी यशपाल सिंह राजपूत से जिले की चुनौतियों और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली को विस्तार से समझा है। उन्होंने कहा कि अपराधों की रोकथाम और उनके त्वरित खुलासे के लिए जिले में अधिक से अधिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें

दैनिक अवन्तिका कार्यालय

2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन

0734-4041777, मोबा. 9977755777

### देवास में 50 सीसीटीवी फुटेज खंगालकर तीन आरोपी पकड़े, पूरी नकदी भी बरामद

# राम मंदिर दानपेटी चोरी का खुलासा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

देवास के औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने रामचंद्र नगर स्थित राम मंदिर की दानपेटी चोरी का खुलासा करते हुए मंगलवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 'ऑपरेशन त्रिनेत्रम' के तहत 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण कर आरोपियों की पहचान की और चोरी गई दानपेटी की पूरी रकम बरामद कर ली है।

पुलिस के अनुसार, 2 जुलाई को मंदिर के पुजारी ओमप्रकाश जोशी ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि 1-2 जुलाई की रात अज्ञात बदमाशों ने मंदिर से दानपेटी चुरा ली थी, जिसमें लगभग दो हजार रुपए नकद थे। शिकायत के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम



गठित कर जांच शुरू की गई।

**दानपेटी टूटी हालत में मिली थी**

जांच के दौरान, चोरी की गई दानपेटी आईटीआई ग्राउंड में टूटी हुई हालत में मिली। इसके बाद पुलिस ने 'ऑपरेशन त्रिनेत्रम' के तहत लगे 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी साक्ष्यों और फुटेज के आधार पर तीन संदिग्धों की पहचान हुई, जो पूर्व में भी चोरी की घटनाओं में शामिल रहे थे।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मोहित उर्फ लक्की रघुवंशी (18), खुशाल उर्फ खुशी मुकुन्दे (18) और तोषिफ खान (19) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। उनके कब्जे से दानपेटी से चोरी की गई पूरी राशि बरामद कर ली गई। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकांत चौरसिया, उप निरीक्षक गोविंद सिंह बड़ोलिया, प्रधान आरक्षक सुरेश धाकड़, आरक्षक लक्ष्मीकांत शर्मा और आरक्षक अजय जाट की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**सीसीटीवी कैमरे लगवाने की अपील**

पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि वे धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक संस्थानों में सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाएं। साथ ही, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### सीआईएससीई जोनल वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न

# मेजबान ने दो वर्गों में जीता खिताब

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर

दीप्ति कॉन्वेंट स्कूल शुजालपुर में सीआईएससीई जोनल स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर जैस तथा मुख्य अतिथि फादर कुरियन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं। इससे अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। प्रतियोगिता में निर्मला कॉन्वेंट स्कूल उज्जैन, फातिमा कॉन्वेंट स्कूल नागदा, एमजी कॉन्वेंट स्कूल शाजापुर तथा मेजबान दीप्ति कॉन्वेंट स्कूल शुजालपुर की टीमों ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मुकाबलों को रोमांचक बनाया।



प्रतियोगिता के सफल संचालन में रेफरी वैभव परमार एवं मधुसूदन परमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन को सफल बनाने में प्राचार्या सिस्टर जैस तथा खेल शिक्षक मनीष इचोरिया का विशेष योगदान रहा। इस स्पर्धा में अंडर 19 बालक वर्गमें प्रथम एमजी कॉन्वेंट शाजापुर, द्वितीय दीप्ति कॉन्वेंट शुजालपुर, तृतीय फातिमा कॉन्वेंट नागदा, अंडर 17 बालक में प्रथम निर्मला कॉन्वेंट उज्जैन, द्वितीय एमजी कॉन्वेंट शाजापुर, तृतीय दीप्ति कॉन्वेंट शुजालपुर, अंडर 14 बालक में प्रथम निर्मला कॉन्वेंट उज्जैन, द्वितीय दीप्ति कॉन्वेंट शुजालपुर, अंडर 19 बालिका में प्रथम दीप्ति कॉन्वेंट शुजालपुर, अंडर 17 बालिका में प्रथम एमजी कॉन्वेंट शाजापुर, द्वितीय दीप्ति कॉन्वेंट शुजालपुर, तृतीय निर्मला कॉन्वेंट उज्जैन, अंडर 14 बालिका में प्रथम दीप्ति कॉन्वेंट शुजालपुर, द्वितीय निर्मला कॉन्वेंट उज्जैन विजेता रहे। समापन समारोह में विजेता एवं उपविजेता टीमों को मेडल और प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। खेल शिक्षक मनीष इचोरिया ने सभी सहभागी विद्यालयों, खिलाड़ियों प्रशिक्षकों, निर्णायकों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में बूथ स्तर तक संगठन विस्तार का लिया संकल्प

**आगर मालवा।** भारतीय जनता पार्टी ने भारतरत्न डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में स्मरण पर्व के अंतर्गत सोमवार को स्थानीय कॉटन प्रेस परिसर में जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया। इसमें शाजापुर-देवास लोकसभा सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में विधायक मधु गेहलोत, भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप सकलेचा, करण सिंह यादव, गोविंद सिंह बरखेड़ी, चिंतामण राठौर, पूर्व विधायक लालजीराम मालवीय, हरिनारायण यादव, अनिल मंडावरा और सुनील पाटीदार मंचासीन रहे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राष्ट्र के प्रति समर्पण, अखंड भारत का संकल्प और सर्वोच्च बलिदान आज भी प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि भारत की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को जन-जन तक पहुंचाना भाजपा कार्यकताओं का दायित्व है। पूर्व जिलाध्यक्ष चिंतामण राठौर ने डॉ. मुखर्जी के सामाजिक और राजनीतिक योगदान पर प्रकाश डाला। भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश के औद्योगिक विकास की मजबूत नींव रखी थी।

## ज्योति नगर कॉलोनी में अतिक्रमण हटाने की मांग का ज्ञापन सौंप

**शाजापुर ।** शाजापुर शहर की ज्योति नगर कॉलोनी के रहवासियों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर सार्वजनिक रास्तों से अवैध कब्जे और अतिक्रमण हटाने की मांग की। उन्होंने कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें बताया गया कि कॉलोनी में लगभग 30 से 40 मकान हैं, लेकिन कुछ लोगों ने सार्वजनिक मार्गों पर अवैध निर्माण कर रास्ते अवरुद्ध कर दिए हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि रास्तों के संकरे और अवरुद्ध होने से लोगों को पैदल चलने के साथ-साथ दोपहिया और चारपहिया वाहन निकालने में भी भारी परेशानी होती है। आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसे वाहन भी कॉलोनी तक आसानी से नहीं पहुंच पाते। कई परिवारों को मजबूरन आवागमन के लिए दूसरे लोगों के निजी प्लॉटों का उपयोग करना पड़ता है, जिससे आए दिन विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इसके अलावा, रास्तों के विवाद के कारण कॉलोनी में सीवर (मल-जल) योजना का कार्य भी शुरू नहीं हो सका है, जिससे विकास कार्य बाधित हैं और रहवासी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। रहवासियों ने आरोप लगाया कि कॉलोनी विकसित करने वालों ने प्लॉट बेचने के बाद रास्तों की जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया है।

# मां राजराजेश्वरी मंदिर के पास सड़क धंसी, पानी का टैंकर पलटा ऑटो रिक्शा भी फंसा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

शाजापुर शहर में मां राजराजेश्वरी मंदिर के पास मंगलवार दोपहर सड़क धंस गई। इस घटना में पानी से भरा एक टैंकर पलट गया और कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित रहा। राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

यह घटना दोपहर करीब 2 बजे हुई। टैंकर चालक पानी भरकर मंदिर के पीछे स्थित कब्रिस्तान में चल रहे निर्माण कार्य के लिए जा रहा था। मंदिर के सामने से गुजरते समय अचानक सड़क धंस गई, जिससे टैंकर का पहिया धंस गया और वह पलट गया। चालक के अनुसार, इस स्थान पर कुछ समय पहले नर्मदा पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क खोदी गई थी। बाद में गड्ढे को केवल मिट्टी से भरा गया था,



जिसके कारण भारी वाहन का भार पड़ते ही सड़क बैठ गई।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर जेसीबी मशीन बुलाई गई। कड़ी मशक्कत के बाद पलटे हुए टैंकर को सीधा कर सड़क से हटाया गया, जिसके बाद यातायात सुचारु हो सका। इसी दौरान, टैंकर हटाने के दौरान एक तीन पहिया ऑटो रिक्शा भी सड़क धंसने के कारण फंस गया, जिसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

स्थानीय लोगों ने सड़क मरम्मत की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि पाइपलाइन कार्य के बाद सड़क की सही तरीके से मरम्मत न होने से दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। उन्होंने प्रशासन से सड़क की स्थायी मरम्मत कराने की मांग की है।

## तराना- बागोदा मार्ग पर सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ तराना

तराना बागोदा मार्ग पर मंगलवार सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। मिली जानकारी की मुताबिक मोटरसाइकिल एवं बोलेरो की आमने-सामने की मोटरसाइकिल सवार घायल हो गया है। आसपास मौजूद लोगों द्वारा घायल को तराना शासकीय हॉस्पिटल पहुचाया गया। डॉ. रवि बाडाल ने बताया कि घायल 28 वर्षयीय विश्राम पिता बनें सिह के सर में एवं छाती में चोट आई थी उसका प्राथमिक उपचार पर उज्जैन रेफर किया गया है।

### नाम-सरनेम परिवर्तन सूचना/ संशोधन

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम अबुल हसन पिता अबु बकर खान है। मैं जिला खाद्य आपूर्ति कार्यालय शाजापुर से 31.10.2017 को सेवानिवृत्त हुआ हूं। मेरा जिला पेंशन अधिकारी कार्यालय से जारी पीपीओ नंबर एसजेडीपी 1738010159 है। उक्त पीपीओ में मेरी धर्म पत्नि का नाम शमीम खान अंकित हो गया है। जबकि मेरी धर्म पत्नि का सही नाम आधार कार्ड/पेनकार्ड/पासपोर्ट / मतदाता परिचय पत्र एवं बैंक पासबुक आदि समस्त दस्तावेजों में शमीम बेगम दर्ज है, जो कि सत्य एवं सही है। प्रकाशन उपरांत मेरी धर्म पत्नि के सभी दस्तावेजो पर शमीम बेगम के नाम से जाना, पहचाना, पढा, लिखा, संबोधित / पुकारा जावे एवं समस्त शासकीय एवं अशासकीय दस्तावेजों में दर्ज किया जावे व मेरे पेंशन पीपीओ नंबर एसजेडीपी 1738010159 में शमीम खान के स्थान पर शमीम बेगम परिवर्तन कर अंकित किया जावें।

**अबुल हसन पिता अबु बकर खान**
**मकान नं. 40, वार्ड नं. 06, लखेरवाडी शाजापुर (म.प्र.)**
**मोबाईल 96695-03747**

In The Court of Principal Judge, Family Court, Ujjain (MP)
Presiding Officer: **श्री संजीव कुमार गुप्ता**

**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)**

(RCS HM/393/2023)

**चित्रा....... आवेदक**

**Vs**

**अरूण प्रसाद सिन्हा...........अनावेदक**

Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 10/08/2026**

**प्रेषिती**

अरूण प्रसाद सिन्हा पिता नगेन्द्र प्रसाद सिन्हा, निवासी बी 10/14, महानंदा नगर, उज्जैन (म.प्र.) मोबाईल नं. 78796-23930

यह कि प्रार्थी चित्रा पति अरूण प्रसाद सिन्हा पिता स्व. श्री चेतन्य चौधरी, आयु 39 वर्ष, हाल मुकाम निवासी ग्राम बांसकुंवारी, नरसिंहपुर (म.प्र.) ने आपके विरूद्ध धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात/हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का अरूण प्रसाद सिन्हा पिता श्री नगेन्द्र प्रसाद सिन्हा लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 02/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(संजीव कुमार गुप्ता)**
**प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**टिप्पणी-** धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम अन्तर्गत सूचना-पत्र।



## अतिक्रमण हटाने पर कांग्रेस का विरोध, प्रभावित को मुआवजा देने की मांग

**आगर मालवा।** नगर पालिका और राजस्व विभाग की अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के विरोध में सोमवार शाम जिला कांग्रेस कमेटी ने कलेक्टर के नाम एडीएम आरपी वर्मा को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने कार्रवाई को पक्षपातपूर्ण बताते हुए प्रभावित पट्टाधारियों और झुग्गीवासियों को उचित मुआवजा देने की मांग की। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि बस स्टैंड क्षेत्र की झुग्गियों और मोतीसागर तालाब के सामने पट्टाधारियों के निर्माण बिना पूर्व सूचना और नियमानुसार प्रक्रिया अपनाए तोड़ दिए गए। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जिस क्षेत्र में कार्रवाई की गई, वहां अन्य अवैध कब्जे भी मौजूद हैं, लेकिन केवल गरीब और बेसहारा लोगों के आशियाने ही हटाए गए, जबकि अन्य अतिक्रमणों को नहीं छुआ गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजयलक्ष्मी तंवर ने कहा कि बारिश के मौसम में की गई इस कार्रवाई से गरीब परिवारों के सामने आवास का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने मांग की कि प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाए, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हुए नुकसान की भरपाई की जाए तथा भविष्य में किसी भी कार्रवाई से पहले नियमानुसार नोटिस और प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजयलक्ष्मी तंवर, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता गुड्डू लाला, अंजुमन कमेटी सदर एवं पार्षद शमीउल्लाह कुरेशी, पूर्व जनपद अध्यक्ष देवकरण गुर्जर, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रऊफ मुल्तानी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रईस शेख सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महिदपुर में 1 घंटे में 2.5 इंच वर्षा

**महिदपुर।** 6 व 7 जुलाई की रात 11 बजे तेज गडगडाहट व बिजली की चकाचौंध मे सोये लोग जाग गये तेज वर्षा शुरू हुई 1 घन्टे में 2.5 इन्च से ज्यादा वर्षा हो गयी नदी नालो मे उफान आ गया। कई गाँवो में तेज पानी के कारण सोयाबीन फसल पर मिट्टी की परत चढ गई। खेतो के आसपास पानी की निकासी के लिये बनाई नालीयो मे पानी अधिक भर जाने से खेतो मे पानी भरा गया। महिदपुर क्षेत्र मे 68 मी. मी. ढाई इन्च से ज्यादा वर्षा हुई। अभीतक कुल 288 मी. मी. साढे ग्यारह इन्च वर्षा हो चुकी है जबकि गत वर्ष आज दिनांक तक 150 मी. मी. वर्षा हुई थी। गत वर्ष से लगभग दो गुनी वर्षा का आकडा पहुच गया है।

## ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ निकाली बंदर की अंतिम यात्रा



अकोदिया। ग्राम सलसलाई में मंगलवार को बाबा रामदेव मंदिर के पास दोपहर 1 बजे दो बंदरों के बीच लड़ाई हुई। इस दौरान एक बंदर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों और युवाओं ने मृत बंदर का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार करने का निर्णय लिया। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने मृत बंदर को लाल कपड़े में लपेटकर उसकी अंतिम यात्रा निकाली। यह यात्रा ढोल-नगाड़ों के साथ बाबा रामदेव मंदिर से शुरू हुई और गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए श्मशान घाट पहुंची। श्मशान घाट पर वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार कंडे, लकड़ी और अन्य पूजन सामग्री के साथ विधिवत अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और उन्होंने श्रद्धापूर्वक वानर को अंतिम विदाई दी। अंतिम यात्रा और अंतिम संस्कार में लखनपुरी, संजय बाबा, बाबू मेवाड़ा, महेश नटी, रितेश, शुभम भिलाला, रामप्रसाद, अशोक, सुनील, रोहित, पर्वत, सुदामा सहित कई ग्रामीणों ने सक्रिय सहयोग किया। ग्रामीणों ने भी इस अवसर पर कहा कि मूक प्राणियों के प्रति करुणा और सम्मान का भाव समाज के लिए प्रेरणादायी संदेश है। गांव में हुए इस वानर के अंतिम संस्कार और सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई की चर्चा पूरे क्षेत्र में फैल गई।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी श्री समरथ गहलोत पिता अम्बाराम मालवीय निवासी 76 माधोपुर तहसील ताल जिला रतलाम (म.प्र.) से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन म्यु. क्रमांक 43 का दक्षिण तरफ का भाग नया म्यु. क्रमांक 43 क्वाटर क्रमांक 192 बी स्थित यंत्र महल मार्ग संतराम सिन्धी कॉलोनी उज्जैन में है, जिसका कुल क्षेत्रफल 67.73 वर्गमीटर या 675 वर्गफीट है जो दो मंजिला निर्मित हैं को सर्वभार मुक्त अवस्था में तल भूमि मय हवाई हक क्रय करने का सौदा किया है जिसके पूर्व में सरकारी सडक मिली है, पश्चिम में गली मिली है, उत्तर में मकान का शेष भाग लक्ष्मण दास जी का दक्षिण में मकान सुरेश कृष्णानी का है। उक्त संपत्ति हेतु बयाना राशी का भुगतान कर मेरे पक्षकार द्वारा अनुबंध पत्र का सम्पादन करवा लिया गया है उक्त संपत्ति पर सेंट्रल बैंक के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति / संस्था / बैंक/ शासकीय/अर्द्धशासकीय विभाग आदि का कोई ऋण/भार/ बोझा/हक/हित एवं भार हो या किसी न्यायालय में कोई प्रकरण विचाराधीन हो अथवा इस विक्रय संव्यवहार बाबत कोई आपत्ति हो तो सुचना प्रकाशन की तिथि से 07 दिन के अंदर सप्रमाण मेरे कार्यालय पर आकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे, अन्यथा बाद मियाद मेरे पक्षकार शेष प्रतिफल राशि का भुगतान कर सदर संपत्ति का विक्रय पत्र अपने हित में पंजीकृत करवा लेवेगे तत्पश्चात किसी भी प्रकार की उजर आपत्ति मान्य नहीं होगी और न ही मेरे पक्षकार के हितो पर बंधन कारक होगी यह सूचित हो। इति दिनांक 07-07-2026

**हितेश थानी अधिवक्ता**
**कार्या.50 बी संतराम सिन्धी कॉलोनी, सांवेर रोड**
**(न्यू मारुती प्लाईवुड के पीछे) उज्जैन**
**मो. 8817888422**

## खामेनेई की अंतिम यात्रा के बीच होर्मुज में ईरानी हमले

**तेल अवीव/तेहरान।** पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की अंतिम यात्रा के बीच ईरान ने मंगलवार को होर्मुज में फिर हमले शुरू कर दिए हैं। सरकारी मीडिया ने दावा किया कि होर्मुज में कतर के तेल टैंकर अल-रकायत को निशाना बनाया गया। साथ ही यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस के मुताबिक ओमान तट के पास दो और जहाजों पर हमले हुए हैं। ईरान ने कहा कि होर्मुज से कमर्शियल जहाज हमारे बताए रास्तों से नहीं गुजर रहे हैं। इसके बिना हम सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकते हैं। ईरान ने कहा कि अभी होर्मुज में हालात वैसे नहीं हुए हैं, जैसे अमेरिकी हमलों से पहले थे। खामेनेई के ताबूत पर उनकी काली पगड़ी रखी गई है। इस्लामी परंपरा में ऐसी पगड़ी सिर्फ बड़े धार्मिक विद्वान पहनते हैं। ताबूत पर ईरान का राष्ट्रीय झंडा भी ओढ़ाया गया है, क्योंकि वे देश के सर्वोच्च नेता थे।

## हिन्द-प्रशांत में बढ़ा तनाव भारत के लिए क्या मायने

**बीजिंग।** चीन ने परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बी से लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल का प्रशांत महासागर में परीक्षण कर अपनी रणनीतिक सैन्य ताकत का प्रदर्शन किया है। अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड ने इसे क्षेत्रीय स्थिरता के लिए चिंता का विषय बताया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह सिर्फ प्रशांत क्षेत्र का मामला नहीं, बल्कि हिंद-प्रशांत में चीन की बढ़ती सैन्य आक्रामकता का संकेत है, जिसका सीधा असर भारत की सुरक्षा रणनीति पर भी पड़ सकता है। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार परीक्षण में संभवत: चीन की नई पीढ़ी की छ्रुरू-3 पनडुब्बी आधारित बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल किया गया। यह मिसाइल परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम मानी जाती है और इसकी मारक क्षमता इतनी है कि चीन के समुद्री क्षेत्र से भी हजारों किलोमीटर दूर लक्ष्य साधे जा सकते हैं।

## बंगाल गैंगरेप मर्डर- मुख्ख्य आरोपी समेत 3 गिरफ्तार

**कोलकाता।** बंगाल पुलिस ने सोमवार को दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर में 12 साल की लड़की के रेप और हत्या के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान आनंद सरदार के तौर पर हुई है। पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाकर उसे शहर के बाजार इलाके से पकड़ा। इसके साथ ही मामले में गिरफ्तार लोगों की संख्या तीन हो गई है। मामले की जांच के लिए 6 लोगों की बनाई गई है। मासूम 4 जुलाई को लापता हुई थी। पुलिस जांच में यह भी पता चला है कि मासूम सहेली के लिए गिफ्ट खरीदने निकली थी। जब बच्ची घर नहीं लौटी तो परिवार ने पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। बाद में रविवार को उसकी लाश सूर्यपुर हाट इलाके के तालाब में मिली थी। उसके सिर पर चोट के निशान थे।

## अमरनाथ गुफा में शिवलिंग पूरी तरह पिघला

**जम्मू।** अमरनाथ गुफा में प्राकृतिक बर्फ का शिवलिंग लगभग पूरी तरह पिघल गया है। अभी यात्रा के पांच दिन ही बीते हैं। 57 दिन चलने वाली यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी। यात्रा के पहले चार दिनों में करीब 86 हजार श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में दर्शन किए। अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार को पांचवें दिन यह संख्या 1 लाख के पार पहुंचने की उम्मीद है। यात्रा के लिए इस साल 4 लाख श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है। यानी कि अभी 3 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं का दर्शन करना बाकी है। 23 मई को क्स्न्र के जवानों ने जो तस्वीर जारी की थी, उसमें शिवलिंग का आकार करीब 7 फीट था। 29 जून को पहली पूजा के दिन भी हिमलिंग की ऊंचाई 5 फीट से ज्यादा थी। 6 जुलाई को सामने आई तस्वीर में हिमलिंग लगभग 90 गायब हो चुका है।

## 1 मिनट में एटएम से कैश उड़ा ले गए युवक

**भोपाल।** राजधानी में एटीएम से ठगी करने वाले नए गिरोह का खुलासा हुआ है। मामला शाहपुरा थानाक्षेत्र का है। पुलिस ने बिहार के 6 आरोपियों को सोमवार रात गिरफ्तार किया है। इनमें दो छात्र हैं, जबकि 4 मजदूर हैं। मंगलवार को सभी को कोर्ट में पेश किया गया। आरोपी एटीएम मशीन में तकनीकी छेड़छाड़ (शटर टेंपरिंग) कर देते थे। इससे लोगों के खाते से पैसे कट जाते थे, लेकिन एटीएम से नकदी नहीं निकलती थी। बाद में आरोपी मशीन में फंसी रकम निकालकर फरार हो जाते थे।आरोपियों ने 15 दिनों में से करीब 9 लाख की चोरी की। इस घटना का फुटेज भी सामने आया है। जिसमें 2 आरोपी 1 मिनट में एटीएम के साथ छेड़छाड़ कर पैसे निकालते हुए दिख रहे हैं। शाहपुरा में शिवाय मार्केट के एटीएम को इन्होंने निशाना बनाया।

## कारसेवक संतोष दुबे होंगे दिग्गी की यात्रा के मुख्य अतिथि

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने राम मंदिर ट्रस्ट में कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर केंद्र सरकार और ट्रस्ट पदाधिकारियों पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि धर्म के नाम पर भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस मुद्दे को लेकर वे करीब 20 अक्टूबर से उज्जैन के महाकाल मंदिर से पदयात्रा शुरू करेंगे।उन्होंने कहा कि यात्रा में किसी राजनीतिक दल का झंडा नहीं रहेगा, बल्कि सभी धर्मों के झंडे होंगे। दिग्विजय ने घोषणा की कि अयोध्या आंदोलन के दौरान चार गोलियां खाने वाले कारसेवक संतोष दुबे उनकी यात्रा के मुख्य अतिथि होंगे। दिग्विजय सिंह ने कहा कि उनकी यात्रा किसी राजनीतिक दल की नहीं बल्कि धर्म रक्षा की यात्रा होगी। उन्होंने कहा कि वे किसी नेता को विशेष रूप से आमंत्रित नहीं करेंगे, लेकिन कारसेवक संतोष दुबे को मुख्य अतिथि बनाएंगे। उन्होंने कहा कि संतोष दुबे राम मंदिर आंदोलन के दौरान चार गोलियां खा चुके हैं और उनका सम्मान किया जाना चाहिए।

# फूटकर व्यापारियों को स्थाई पहचान

### पुराना वर्कशॉप डिपो पर बनेगा सर्वसुविधियुक्त हॉकरर्स जोन

**उज्जैन।** नए शहर में वर्षों पुरानी हाकर्स जोन की समस्या को लेकर एक बार पून:निदान के लिए नगर निगम ने कदम बढाए हैं। नए शहर के व्यवसायिक केंद्र पूरे फ्रीगंज को हाकर्स जोन से बचाने के लिए छोटे एवं फुटकर व्यापारियों को व्यवस्थित और सुरक्षित व्यापारिक स्थान उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। मक्सी रोड ब्रिज के समीप स्थित नगर निगम के पुराने वर्कशॉप डिपो परिसर में सर्वसुविधायुक्त हॉकर्स जोन विकसित किया जाएगा।

हाकर्स जोन को लेकर सोमवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा अपर आयुक्त संतोष टैगोर सहित अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण कर आगामी 03 दिवस में परियोजना का एस्टीमेट एवं ड्राइंग-डिजाइन तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने कहा कि शहर के छोटे एवं फुटकर व्यापारियों को व्यवस्थित, सुरक्षित एवं सुविधाजनक स्थान उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है। वर्तमान में निगम द्वारा पुराने वर्कशॉप डिपो का उपयोग जनहित में करते हुए इसे आधुनिक हॉकर्स जोन के रूप में विकसित किया जाएगा।

**ये रहेगा हाकर्स जोन में-** हॉकर्स जोन में दुकानों के लिए सुव्यवस्थित स्थान, चौडे आवागमन मार्ग, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग तथा बारिश और गर्मी से बचाव के लिए टीन शेड जैसी सभी आवश्यक सुविधाएँ सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे की व्यापारियों और ग्राहकों दोनों को बेहतर वातावरण मिल सके।

**फाजलपुरा में हाकर्स जोन का टेंडर जारी-** पुराने शहर में फाजलपुर क्षेत्र में हॉकर्स जोन हेतु ओटलों एवं टीन शेड निर्माण के लिए लगभग 70 लाख रुपये की लागत वाली परियोजना का टेंडर जारी किया जा चुका है और शीघ्र ही कार्य प्रारंभ होगा। इस आशय की जानकारी देते हुए महापौर ने बताया कि इसके साथ ही शहर के प्रमुख ब्रिजों के नीचे भी चरणबद्ध तरीके से हॉकर्स जोन विकसित किए जाएंगे।

**ये होगा फायदा-** व्यापारिक क्षेत्रों की सडकों को अतिक्रमण मुक्त रखा जा सकेगा । शहर में यातायात व्यवस्था भी अधिक सुगम होगी। हॉकर्स जोन बनने से फुटकर व्यापारियों को सम्मानजनक एवं स्थायी व्यापारिक स्थान मिलेगा। सडकों पर होने वाले अव्यवस्थित अतिक्रमण पर नियंत्रण किया जा सकेगा। शहर की सुंदरता एवं यातायात व्यवस्था में भी सुधार होगा।

# जनसुनवाई के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करना सुनिश्चित करें अधिकारी -कलेक्टर

**गुना।** शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सीमांकन, बिजली, पेंशन, नगरपालिका, स्वास्थ्य, नामांतरण सहित विभिन्न विषयों से संबंधित 315 आवेदन प्राप्त हुए। राजस्व एवं पंचायत विभाग की संयुक्त व्यवस्था के चलते कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

जनसुनवाई में राजस्व अधिकारियों एवं पंचायत विभाग की पूरी टीम को संयुक्त रूप से बैठाया गया, ताकि दोनों विभागों से संबंधित शिकायतों का तत्काल निराकरण किया जा सके। जनसुनवाई में प्राप्त एक आवेदन पर संवेदनशीलता एवं तत्परता से कार्रवाई करते हुए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद भारतसिंह यादव निवासी गुना को पुत्र के उपचार के लिये रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत कर चेक प्रदान किया। स्वास्थ्य एवं आधार संबंधी सेवाओं का भी मिला लाभ कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जनसुनवाई में नागरिकों को विभिन्न शासकीय सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार ने मान्यता पति किशोरीलाल खरे निवासी- 295 महालक्ष्मीनगर एम आर 4 विजयनगर इंदौर कृषक-ग्राम गुरला तहसील उन्हेल जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 899 रकबा 3.95 हेक्टेयर स्थित ग्राम गुरला तहसील उन्हेल जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है को क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन बयाना राशि दी है तथा अब उक्त भूमिस्वामी को शेष बयाना राशि एंव तत्पश्चात शेष विक्रयधन राशि अदा कर उनसे अनुबंध-पत्र एंव तत्पश्चात विक्रय-पत्र का संपादन व पंजीयन करवाया जाना है, यदि उक्त वर्णित भूमि पर किसी बैंक, व्यक्ति, संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार, मतालबा हो, या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो वा उक्त वर्णित भूमि मे किसी का कोई स्वत्व, हित, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के अन्दर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति पेश करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा, अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा शेष बयाना राशि एंव तत्पश्चात शेष विक्रयधन अदा किया जाकर भूमिस्वामी से अनुबंध-पत्र एंव तत्पश्चात विक्रय-पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जायेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही की जायेगा सो सूचित हो। दिनांक 07-07-2026, स्थान- उज्जैन

**अजय कुमावत एडवोकेट**
**कार्यालय-पुलिस कंट्रोल रूम के सामने उज्जैन**
**मो. 9993364312**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन स्वामी सुनीलकुमार पिता श्री परसरामजी नवलानी, निवासी 91 बी, संतराम सिंधी कॉलोनी, उज्जैन म.प्र. के एकल स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भवन/भूमि क्रमांक 34 का भाग (केवल तल मंजिल दुकान) जो कि यंत्रमहल मार्ग क्रमांक 1, गली क्रमांक 4, मोहल्ला संतराम सिंधी कॉलोनी, उज्जैन म.प्र. में स्थित हैं। जिसका कुल क्षेत्रफल 6.76 वर्गमीटर हैं तथा एक अन्य भवन म्यु. क्रमांक 34 (मूल) (तल मंजिल), यंत्रमहल मार्ग क्रमांक 1, गली क्रमांक 4, मोहल्ला संतराम सिंधी कॉलोनी, उज्जैन म.प्र. में स्थित हैं, जिसका कुल क्षेत्रफल 6.71 वर्गमीटर हैं। तथा भवन स्वामी श्री सुशील नवलानी पिता श्री परसराम नवलानी, निवासी 91, संतराम सिंधी कॉलोनी, उज्जैन म.प्र. के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भवन म्यु, क्रमांक 34/1 अ सबका बटा 1 (तल मंजिल) का पश्चिम दिशा वाला भाग, जो कि यंत्रमहल मार्ग क्रमांक 1, गली क्रमांक 4, मोहल्ला संतराम सिंधी कॉलोनी, उज्जैन म.प्र. में स्थित हैं, जिसका कुल क्षेत्रफल 22.61 वर्गमीटर हैं। उक्त तीनों संपत्तियां एक ही स्थान पर स्थित होकर मौके पर एक ही संपत्ति के रूप में अस्तित्व में हैं। उक्त तीनों संपत्तियों (केवल तल मंजिल दुकान) का कुल क्षेत्रफल 36.08 वर्गमीटर हैं। उक्त तीनों संपत्तियों को उपरोक्त भवन स्वामियों द्वारा मेरे पक्षकार को विक्रय किया जा रहा हैं, जिसके विक्रय में हवाई हक शामिल नहीं हैं। उपरोक्त वर्णित संपूर्ण संपत्ति को भवन स्वामी से मेरे पक्षकार ने बयाना राशि का भुगतान कर दस्तावेज विक्रय अनुबंध पत्र का संपादन करा लिया हैं। जल्द ही उक्त संपत्ति के दस्तावेज विक्रय-पत्र का पंजीकरण होना हैं। उक्त संपत्ति के सम्बंध में यदि किसी भी व्यक्ति का कोई हक, हिस्सा, स्वत्व, स्वामित्व, क्लेम, अधिकार, सुखाधिकार, राईट्स, दावा, झगड़ा आदि हो या उक्त भवन कहीं पर रहन, बय, विक्रय, दान, मार्टगेज या अन्य किसी भी प्रकार से अनुबंध, अन्तरण, हस्तान्तरण किया हुआ हो या किसी शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, सोसायटी, कार्यालय, बैंक, वित्तीय संस्था या साहुकारी आदि का कोई ऋण, भार, क्लेम आदि बाकी हो या किसी न्यायालय / कार्यालय में उक्त संपत्ति से सम्बंधित कोई आपत्ति / वाद विचाराधीन हो या स्थगन हो तो वह इस ज़ाहिर सूचना के प्रकाशन से 7-सात दिन में मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति या क्लेम प्रस्तुत करें अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त संपत्ति की रजिस्ट्री विक्रय-पत्र करा ली जावेगी। उसके बाद कोई आपत्ति दावा झगडा क्लेम आदि मान्य नहीं होगा। इस सूचना के पश्चात उक्त संपत्ति को खरीदने का कोई अनुबंध, रजिस्ट्री विक्रय-पत्र या उसके सम्बंध में कोई व्यवहार आदि नहीं करें। सूचित हो।

दिनांक 07/07/2026, स्थान उज्जैन

**शकील एहमद एडवोकेट**
**सुहाना पैलेस 34, शू मार्केट लखेरवाड़ी उज्जैन**
**मो. 87707-18997**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भवनस्वामी 1- राजदीप सिंह पिता स्व. हरभजनसिंह निवासी- कर्नाटक 2-राजविन्दर सिंह अरोरा पिता स्व. हरभजर सिंह अरोरा 3-श्रीमति सोनिया अरोरा पति स्व. कुलजीत सिंह, निवासी 302, नाकोड़ा कैसल अपार्टमेंट, नियर चोइथराम मंड़ी, अमितेश नगर, इंदौर आदिगण के संयुक्त स्वत्व एवं आधिपत्य का भवन पुराना क्रमांक 6/206/6 जिसका नवीन भवन म्यु. क्रमांक 1/4 होकर माधवनगर / घटकरपर मार्ग, फ्रिगंज, उज्जैन में स्थित है, भवन के भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 700 वर्गफीट पोर्च सहिता 900 वर्गफीट है, को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा तय कर बयाना राशि अदा कर विक्रय अनुबंध का संपादन कर लिया है। अत: उक्त वर्णित भवन पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भवन में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो था इस विकय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 07 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भवन का विधिवत् ई विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक 08-07-2026 स्थान उज्जैन

**श्याम गुप्ता, एडव्होकेट**
**काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन**
**दुकान नंबर - सीएफ-7. भरतपुरी शांपिंग**
**मोबाईल नंबर- 99264-66157**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सीमा सूर्यवंशी पति श्री बाबुलाल जी सूर्यवंशी निवासी- 66 सुभाष नगर कालोनी उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन म्यु. क्रमांक 42 महाकाल सिंधी कालोनी उज्जैन में स्थित है। उक्त भवन को क्रय किया जाने का सर्वोक्त ऋण, भार से मुक्त मालिकाना अधिकारो सहित लिखित अनुबंध मेरे पक्षकार द्वारा किया गया है तथा बयाना राशि भी अदा कर दी गई है तथा अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार के हित में विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भवन पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार बकाया हो या उक्त भवन पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय मे कार्यालयीन समय सायं 04 से 06 के मध्य मेरे समक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हित मे करवा लिया जावेगा व अवधि सामप्ति पश्चात की गई कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 07/07/2026

**यशपाल गेहलोत, सर्विस प्रोवाइडर**
**कार्यालय- सी एफ3 भरतपुरी उज्जैन**
**मो. 88397-42938**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा 1 श्रीमती साधना बेनर्जी पति श्री मलय बेनर्जी 2- मलय बेनर्जी पिता श्री हेमन्त बेनर्जी निवासीगण 51, परवाना नगर, सांवेर रोड़, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य की संपत्ति भूखण्ड क्रमांक सी-33/15 (कार्नर) श्रेणी Jr. M.I.G. जो कि उ.वि.प्रा. की त्रिवेणी विहार योजना, उज्जैन में स्थित हैं। भूखण्ड लीज होल्ड राईटस का है। भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 202.69 वर्गमीटर हैं, जिसके उत्तर/पूर्व दिशा में सड़क, पूर्व/दक्षिण दिशा में भूखण्ड क्रमांक सी-33/16 का भाग, दक्षिण पश्चिम दिशा में भूखण्ड क्रमांक सी-33/14 एवं पश्चिम/उत्तर दिशा में 9.00 मीटर सड़क हैं। उक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार या मतालबा हो या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, बोझ, पेनल्टी, दंड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो या उक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी का कोई स्वत्व, हित, दान, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा अन्यथा बाद अवधि मैरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति स्वामी को विक्रय धन अदा किया जाकर उनसे विक्रय पंत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जावेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो। ईति दिनांक 07-07-2026

**सौरभ जैन, ( चौरडिया ) एडव्होकेट**
**ए-20, भरतपुरी कांप्लेक्स, देवास रोड़, उज्जैन**
**मो. 96177-77776**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन क्रमांक 43, खुदीराम बोस मार्ग उज्जैन में स्थित हैं जिसका कुल क्षेत्रफल 44.12 वर्ग मीटर अर्थात 475.00 वर्ग फिट हैं उक्त भवन 1. तोहरा बी पति मोहम्मद साबिर निवासी-43, गुदरी बाजार उज्जैन, 2. रेहाना बी पति अब्दुल वाहीद गोरी पुत्री स्व. मोहम्मद साबिर निवासी- 78-79, तोपखाना रोड महाकाल मार्ग, उज्जैन, 3. नरगिस गोरी पति सादिक गोरी निवासी-43, खुदीराम बोस मार्ग, गुदरी बाजार उज्जैन को उत्तराधिकार में प्राप्त हुआ है तथा उक्त संपत्ति पर बहैसियत संपत्ति स्वामी के इनका नाम उज्जैन नगर पालिक निगम उज्जैन में दर्ज है को मय तल लगायत हवाई हक सहीत मेरे पक्षकार ने अनुबंध पत्र का निष्पादन कर बयाना राशि अदा कर दी है तथा शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र का निष्पादन किया जाना शेष हैं यदि उक्त भवन पर किसी भी प्रकार का सरकारी, साहूकारी या बैंक या किसी भी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो या किसी का उक्त सम्पत्ति में कोई हक, हित, हिस्सा या अधिकार हो तो ऐसे सम्बंधित व्यक्ति / विभाग इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत रूप से विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जाएगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

इति दिनांक-07.07.2026

**योगेश शर्मा, ( एडवोकेट )**
**कार्यालय-डी एफ-9, प्रथम मंजिल, भरतपूरी कॉम्पलेक्स, पंजीयक कार्यालय, उज्जैन**

## नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जिले में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को परिवहन विभाग द्वारा फतेहगढ़ तिराहा स्थित पुराने टोल प्लाजा पर यात्री बसों की जांच की गई। 30 यात्री बसों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने, ओवरलोडिंग अन्य कमियां मिलने पर 18 बसों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 41 हजार 500 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

**पश्चिम रेलवे-रतलाम**
इंजीनियरिंग विभाग ई-टेंडरिंग
क्रम संख्या: 1। ई-टेंडरिंग : RTM-2026-27-64। कार्य का नाम: RTM Division - Execution of Various Work as under - 1) Ujjain- Provision and augmentation of crowd holding areas with additional passengers amenities (Simhastha 2028) 2) Ratlam Division - Providing temporary holding area to regulate passengers at Naikheri and Mohanpura , providing toilets and Urinal at 04 Stations Naikheri, Pingleshwar, Ujjain, Mohanpura and providing water arrangement at Laxmibai Nagar (Simhastha 2028) 3) Chintaman Ganesh - Providing temporary holding area to regulate passengers with passenger amenities (Simhastha 2028)। अनुमानित मात्रा: As per tender schedule। अनुमानित लागत: 42,54,85,643.01। बयाना राशि: 85,09,700.00। कार्य समापन अवधि: 15 Months I As Per Tender Document Special Technical Criteria S.N वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि: 04.07.2026। 1। निविदा खुलने की तिथि: 29.07.2026। Corrigendum No. 01 (Dated 04.07.2026)- Standard Financial Criterial Added। विस्तृत निविदा सूचना, अहाता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है- 0131
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## कार्यालय न्यायालय आयुक्त, इंदौर संभाग इंदौर म.प्र.

**मोती बंगला, महात्मा गाँधी मार्ग, इंदौर-452007**
**दूरभाष: कार्या. 0731-2435111, 2535222**
**फेक्स: 0731-2539552**

/07/2026 दिनांक इन्दौर समाग

**प्रकरण कमांक 2026 / अपील / 2025-26**
**जितेन्द्र पिता स्व. गणपतलाल गेहलोत व अन्य**
**निवासी- हा.मु. 18-19 दर्शननगर, कोटाकरतलावडी, अलवानाका बडोदरा, गुजरात**
**विरूद्ध**
**श्रीमति संगीताबाई पिता स्व. गणपतलाल गेहलोत अन्य**
**निवासी- खजूरवाली मज्जिद के पास उज्जैन जिला उज्जैन ( म.प्र. )**

### // सूचना-पत्र //

प्रति,

6. शांतिलाल उर्फ शांतु पिता गोवर्धन लाल गेहलोत, निवासी- 26/2 लाबरिया भेरू, जिला इन्दौर (म.प्र.)
12. जगदीश पिता बसंतीलाल गेहलोत,
13. गोपाल पिता बसंतीलाल गेहलोत,
14. राजाराम उर्फ राजू पिता बसंतीलाल गेहलोत,
15. कालू पिता बसंतीलाल गेहलोत,
16. गंगाराम पिता बसंतीलाल,
17. रतन पिता बसंतीलाल गेहलोत,
18. जतन पिता बसंतीलाल गेहलोत,
19. बद्रीलाल पिता हिरालाल गेहलोत,

निवासी - श्रीराम कालोनी, नागदा जंक्शन,, जिला उज्जैन (म.प्र.)

उक्त संबंधित व्यक्तियों को सूचना दी जाती है कि उल्लेखित प्रकरण न्यायालय के समक्ष दिनांक 15.07.2026 को ठीक साढ़े दस बजे या उस समय पश्चात् किसी समय न्यायालय अपर आयुक्त, मोती बंगला इंदौर में पेश किया जायेगा। अत: उपरोक्त दिनांक को स्वयं अथवा मय अभिभाषक के सभी संबंधित दस्तावेजों के उपस्थित रहें। अगर उक्त संबंधित व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ तो प्रकरण में उसके खिलाफ एकपक्षीय कार्यवाही कर आदेश दिये जा सकते है।

**अपर आयुक्त,**
**इंदौर संभाग, इंदौर**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामीगण 1- श्रीमती जसवंता बाई पिता मान सिंह, पति श्री हीरालाल जी 2-2- श्रीमती लीला बाई पिता गिरवर सिंह पति बालू सिंह, 3- विरेन्द्र आंजना पिता श्री हीरालाल जी निवासीगण ग्राम डोंगरखेडा, पोस्ट डोंगरखेडा, घटिया, उज्जैन के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की सर्वे नंबर क्रमांक 835 रकबा 1.40 हैक्टर भूमि सर्वे क्रमांक 834/1 रकबा 2.6300 हैक्टर भूमि सर्वे क्रमांक 868 रकबा 1.3800 हैक्टर मे से 0.25 हैक्टर भूमि सर्वे क्रमांक 821 रकबा 0.33 हैक्टर कुल किता 4 कुल रकबा 4.61 हैक्टर अर्थात 18 बीघा 44 बिस्वा स्थित ग्राम डूंगरखेडा , तहसील झारडा जिला उज्जैन में है, उक्त संपत्ति को क्रय करने का विक्रय अनुबंध कर लिया है तथा अधिकतम बयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर ई विक्रय पत्र का पंजीयन कराया जाना है। अत: उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 15 (दिवस) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 07-07-2026 स्थान उज्जैन

**गौरव गौदावत ( जैन ), एडव्होकेट**
**दुकान नंबर - डीएफ-7, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन मो. 99260-68606**

## जाहिर सूचना

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने कैलाशचन्द्र पिता लक्ष्मीचन्द्र उर्फ लक्ष्मीनारायणजी पाटीदार निवासी ग्राम पिपल्याराघो तह. व जिला उज्जैन के भूमि स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्र. 306/2/1 रकबा 0.5100 हैक्टर मेंकी रकबा 0.0500 हैक्टर उत्तर पश्चिम दिशा की स्थित ग्राम पिपल्याराघो तह. व जिला उज्जैन को क्रय करने का अनुबंध किया है तथा टोकन बंयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर अनुबंध व विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है। यदि उपरोक्त वर्णित भूमि पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार हो या उपरोक्त भूमि कहीं पर भी रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त व प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, बंधकग्रस्त किया हुआ हो या उक्त भूमि किसी सोसायटी आदि में बंधक की हो या भूमि किसी अन्य के हित में अनुबंधित हो या उपरोक्त भूमि के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो या उक्त विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से पांच दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें, बाद समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा अनुबंध पत्र बाद विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 7/7/2026 स्थान उज्जैन

**राजेन्द्रकुमार जैन ( पालरेचा ) एडवोकेट एवं नोटरी**
**51, दादाभाई नौरोजी मार्ग, खाराकुंआ उज्जैन**
**मो. 9425091124,8959999299**

# स्मृति बैंक की शानदार वित्तीय उड़ान: 1280 करोड़ रू. का कुल व्यवसाय और शून्य प्रतिशत शुद्ध एनपीए का बनाया कीर्तिमान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मंदसौर



स्मृति नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित मंदसौर की 27वीं वार्षिक साधारण सभा में बैंक ने अपने उत्कृष्ट वित्तीय प्रदर्शन की जानकारी साझा की। सभा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील पंजवानी ने बताया कि वर्ष 1999 में मात्र 25 लाख रुपये की शेयर पूंजी और एक शाखा से शुरू हुआ यह बैंक आज मंदसौर, नीमच, रतलाम और इंदौर जिलों में 14 शाखाओं तथा 27 एटीएम के विस्तृत नेटवर्क के साथ अपनी सेवाएं दे रहा है। वर्तमान में बैंक पर 1 लाख 51 हजार से अधिक ग्राहकों का अटूट विश्वास है और बैंक का कुल व्यवसाय 1280 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है।

31 मार्च 2026 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में बैंक की कुल जमा राशि बढ़कर 775.50 करोड़ रुपये तथा ऋण एवं अग्रिम 504.80 करोड़ रुपये तक पहुंच गए हैं। इस अवधि में बैंक की जमा राशि में 15.84 प्रतिशत तथा ऋण वितरण में 11.73 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज की गई है, जिसके चलते बैंक ने 411.33 लाख रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। वित्तीय अनुशासन और मजबूत प्रबंधन की मिसाल पेश करते हुए बैंक ने अपना शुद्ध एनपीए शून्य प्रतिशत बनाए रखा है। अपनी स्थापना के वर्ष से ही अंशधारकों को नियमित लाभांश देने की परंपरा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी 9 प्रतिशत लाभांश घोषित किया गया है। बैंक की इन बेहतरीन उपलब्धियों को देखते हुए हाल ही में सहकारिता विभाग द्वारा इसे मध्यप्रदेश की सर्वश्रेष्ठ बैंक के सम्मान से भी नवाजा गया है। बैंक के संस्थापक नरेंद्र नाहटा ने भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बैंक का अगला लक्ष्य एक हजार करोड़ रुपये की जमा राशि प्राप्त कर शिड्यूल बैंक का दर्जा हासिल करना है। इस दिशा में बैंक अत्याधुनिक फिनेकल कोर बैंकिंग सॉफ्टवेयर अपनाने जा रही है और आगामी वित्तीय वर्ष में इंदौर व रतलाम में दो नई शाखाएं भी खोली जाएंगी। बैंक ने निकट भविष्य में 1600 करोड़ रुपये और आगे चलकर दो हजार करोड़ रुपये के व्यवसाय का लक्ष्य निर्धारित किया है, ताकि स्मृति बैंक को देशव्यापी पहचान दिलाई जा सके।

ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से 50 व्यावसायिक संवाददाता नियुक्त करने की मंजूरी मिल चुकी है, जिसके माध्यम से करीब 50 गांवों में घर-घर बैंकिंग सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही बैंक वरिष्ठ नागरिकों को सावधि जमा पर 8.50 प्रतिशत तक ब्याज तथा वाहन ऋण पर ऑन-रोड कीमत का १०० प्रतिशत तक का फाइनेंस भी उपलब्ध करा रही है। सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत आयोजित इस सभा में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए बैंक प्रबंधन ने उपस्थित सभी अंशधारकों को तुलसी के पौधे भेंट किए तथा वृक्षारोपण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

## न्यूज-कॉलम

### पेंशनर महासंघ की 34वीं साधारण सभा 11 जुलाई को

**मंदसौर।** सेवानिवृत्त एवं पेंशनर नागरिक महासंघ मंदसौर की 34वीं साधारण सभा आगामी 11 जुलाई को जनपद पंचायत सभागार में दोपहर 12.30 बजे से आयोजित होने जा रही है। इस साधारण सभा को दो महत्वपूर्ण सत्रों में विभाजित किया गया है। प्रथम सत्र के दौरान वार्षिक प्रतिवेदन, आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत करने के साथ ही अन्य संगठनात्मक कार्यवाहियों को पूरा किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 2 बजे से द्वितीय सत्र का आरंभ होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसोदिया रहेंगे। जिलाध्यक्ष अशोक रामावत, उपाध्यक्ष रमेशचंद्र चन्द्रे और जिला सचिव चन्द्रकान्त शर्मा ने संगठन के सदस्यों से साधारण सभा में उपस्थित होने का आव्हान किया है।

### जनसुनवाई में 115 आवेदकों की समस्याओं को सुना

**मंदसौर।** सुशासन भवन के सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर अदिति गर्ग, अपर कलेक्टर एकता जायसवाल और जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन ने 115 आवेदकों की समस्याओं और शिकायतों को विस्तार से सुना। इस दौरान कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर और उचित समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। उन्होंने स्पष्ट किया कि लोगों को न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त हुए विभिन्न मामलों में त्वरित निर्देश जारी किए गए।

### आंगनवाड़ी में बच्चों को जहरीले जानवरों के काटने का खतरा

**पिपलिया मंडी।** मल्हारगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत गाँव खोखरा के आँगन वादी केंद्र की जर जर अवस्था में बच्चों की जान के साथ खिलवाड़, आए दिन स्कूल और आंगनवाड़ी में सांप बिच्छू घुसते रहते हैं । उक्त आशय की जानकारी देते हुए गांव के अर्जुन धनगर एवं अंकित सेन ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि यहाँ तक कि गाँव में सरपंच भी भाजपा का, उप सरपंच भी भाजपा का और विधायक भी भाजपा का पूरी की पूरी सरकार भाजपा की फिर भी एक स्कूल और आंगनवाड़ी सही नहीं करा सकते। उक्तत भवन में पूर्व में भी बड़े-बड़े काले नाग निकले थे जिनको सांप पकड़ने वाले को बुलाकर सांप पकड़वाया था। संबंधित अधिकारी ध्यान दें।

### 52 लाख के सामुदायिक हॉल का भूमिपूजन

**नीमच।** दक्षिण मंडल नीमच के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटड़ी इस्तमुरार एवं आकली में कुल 52 लाख रुपए की लागत से बनने वाले दो सामुदायिक हॉल (डोम) का भूमिपूजन 7 जुलाई को शाम 4 बजे ग्राम कोटड़ी इस्तमुरार (हरकियाखाल) में होगा।कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक दिलीपसिंह परिहार, भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना खंडेलवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जनसिंह चौहान, जनपद अध्यक्ष शारदा मदनलाल धनगर, मंडल अध्यक्ष मदन गुर्जर एवं सरपंच श्रीपालसिंह सिसोदिया सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।भूमिपूजन के तहत कोटड़ी इस्तमुरार में 40 लाख रुपए तथा आकली में 12 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक हॉल (डोम) का निर्माण कराया जाएगा।

### जिले में 9 राजस्व अधिकारियों के तबादले

**नीमच।** प्रशासनिक कार्य सुविधा एवं राजस्व प्रशासन को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने जिले के विभिन्न तहसीलों में पदस्थ प्रभारी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के मध्य नवीन पदस्थापना आदेश जारी किए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।जारी आदेश के अनुसार कुल 9 राजस्व अधिकारियों का स्थानांतरण एवं नवीन पदस्थापना की गई है। इसके तहत श्री बसंतीलाल डाबी को रतनगढ़ से सिंगोली, रूपसिंह राजपूत को मनासा से रतनगढ़, श्री मृगेन्द्र सिंह सिसोदिया को रामपुरा से नीमच नगर, श्री कमलेश डुडवे को जावद से रामपुरा तथा श्री नवीन गर्ग को जावद से कुकड़ेश्वर पदस्थ किया गया है।

# रतलाम में एक ही जगह कार्डियो वैस्कुलर, कार्डियो थोरेसिक, बाईपास, स्ट्रोक और स्टेंट ऑपरेट होंगे

## मेडिकल कॉलेज व्यवस्था को लेकर डीन से चर्चा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ रतलाम



जिला रोगी कल्याण समिति सदस्यों आरडीए अध्यक्ष मनोहर पोरवाल एवं हेमंत राहोरी ने मेडिकल कॉलेज में डीन डॉ. अनिता मूथा से मिलकर मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था एवं आगामी योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। डीन ने बताया कि नया कार्डियक यूनिट भवन बनेगा। जिसका प्रस्ताव भेजा जा चुका है। जिसके तहत कार्डियो वैस्कुलर, कार्डियो थोरेसिक, बाईपास, स्ट्रोक और स्टेंट भी एक ही जगह ऑपरेट किये जा सकेंगे। डीन ने बताया कि सीटी स्कैन मशीन मेडिकल कॉलेज को प्राप्त हो चुकी है। जो आधुनिकतम होकर शीघ्र ही आमजन की सेवा में उपलब्ध होगी। एम.आर.आई. मशीन और उसके तकनीशियन की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है, शीघ्र ही इंस्टॉल की जावेगी।

डीन ने बताया कि नया आथोर्पेडिक ट्रामा शुरू किया जा चुका है जिसमें 2 ऑपरेशन थिएटर उपलब्ध हैं और कार्य शुरू हो चुका है। उन्होंने बताया गया कि समस्त व्यवस्थाएं उपलब्ध करा दी गई है अतिशीघ्र मरीजों को इसका लाभ मिलने लगेगा। समिति के सदस्यों ने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत अधिकतम 80 प्रतिशत मरीजों का इलाज हो, ताकि मेडिकल कॉलेज को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। आयुष्मान में केवाईसी या किसी अन्य तकनीकी कमी के कारण यदि कोई समस्या आती है तो उसका निराकरण किया जाए और समिति सदस्यों का भी सहयोग लिया जावे। आमजनों को आभा आईडी बनाने हेतु प्रेरित किया जाए।

समिति के सदस्यों ने कोरोना काल में मंत्री चेतन्य काश्यप द्वारा स्थापित ऑक्सीजन प्लांट की वर्तमान उपयोगिता पर चर्चा की। डीन ने बताया कि समय-समय पर ऑक्सीजन प्लांट का उपयोग किया जा रहा है। सदस्यों ने प्लांट के अन्य उपयोग पर सुझाव दिए कि प्लांट से सिलेंडर भर कर अन्य वार्डों में भेजे जाना चाहिए। डीन ने इस पर सहमति जताई है। मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में मरीजों के साथ आने वाले परिजनों के प्रति मेडिकल कॉलेज स्टाफ का व्यवहार सहानुभूतिपूर्वक होना चाहिए



# वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों की सुरक्षा के लिए आगे आया म.प्र. शिक्षक संघ, सांसद सुधीर गुप्ता को सौंपा ज्ञापन

**मन्दसौर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के देशव्यापी आह्वान पर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की जिला शाखा मंदसौर द्वारा मंदसौर-नीमच-जावरा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री के नाम प्रेषित इस ज्ञापन में वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए केंद्र सरकार से तत्काल विधायी हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया गया है। इस मामले की मुख्य वजह राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषदद्वारा 23 अगस्त 2010 को जारी की गई शिक्षक पात्रता परीक्षा संबंधी अधिसूचना है। हाल ही में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 29 मई 2026 को दिए गए एक निर्णय के बाद देश भर के लाखों शिक्षकों में असुरक्षा और चिंता की भावना पैदा हो गई है। संगठन का मानना है कि इस निर्णय से उन शिक्षकों के सेवाधिकारों और भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है जिन्होंने दशकों से देश के राष्ट्र निर्माण और शिक्षा व्यवस्था में अपना अमूल्य योगदान दिया है। संघ ने मांग की है कि २३ अगस्त २०१० से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से पूर्णतः व स्थायी रूप से मुक्त किया जाए। इसके साथ ही ऐसे अनुभवी शिक्षकों की सेवा, वरिष्ठता, पदोन्नति एवं अन्य सेवा लाभों का पूर्ण संरक्षण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। यदि आवश्यकता हो तो संसद के आगामी मानसून सत्र में विशेष प्रावधान या विधायी संशोधन लाकर इस वर्ग को स्थायी राहत प्रदान की जाए।

# सीआरपीएफ में सीवर चैंबर में उतरे दो मजदूर की मौत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नीमच

नीमच के सीआरपीएफ परिसर में मंगलवार को सीवरेज लाइन के गहरे चैंबर में काम के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। जहरीली गैस या दम घुटने की आशंका के बीच दो मजदूरों की मौत हो गई। सबसे मार्मिक बात यह रही कि एक मजदूर को बचाने के लिए चैंबर में उतरा उसका साथी भी जहरीली गैस की चपेट में आ गया और दोनों की जान नहीं बच सकी। मृतक महेश (25) पिता जालौर, निवासी नाहरपुरा (जिला झाबुआ), पिछले तीन-चार माह से सीआरपीएफ परिसर में मजदूरी कर रहा था। मंगलवार दोपहर वह सीवरेज लाइन की मरम्मत का काम करने निकला था। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर उसकी पत्नी अनीता बाई उसे तलाशते हुए मौके पर पहुंची।

बारिश थमने के बाद उसने निमार्णाधीन सीवरेज चैंबर में झांका तो महेश अंदर बेसुध पड़ा दिखाई दिया। महेश को चैंबर में पड़ा देख मौके पर अफरा-तफरी मच गई। उसे बचाने के लिए बिहार के सुपौल निवासी रूपेश (19) पिता रामू शाह तेली हिम्मत कर चैंबर में उतरा, लेकिन अंदर मौजूद जहरीली गैस के कारण वह भी कुछ ही क्षण में बेहोश होकर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद अन्य कर्मचारियों ने दोनों मजदूरों को बाहर निकाला। शाम करीब साढ़े चार बजे सीआरपीएफ की एंबुलेंस और एक टेंपो से उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया द्य जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। कैंट थाना पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए रखवाकर मर्ग कायम किया हैद्य मृतक महेश अपने पीछे पत्नी और तीन छोटे बच्चों को छोड़ गया है, घटना के बाद साथी मजदूरों ने ठेका कंपनी पर गंभीर आरोप लगाए। की गहरे सीवरेज चैंबर में उतारने के बावजूद मजदूरों को न तो सेफ्टी मास्क दिए गए न ही अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए गए।

# राम मंदिर में हुई अव्यवस्था व गड़बड़ी से प्रत्येक भारतीय का मन दुखा- नटराजन

## जिला कांग्रेस कमेटी की विस्तारित बैठक सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मंदसौर



जिला कांग्रेस कमेटी मंदसौर की पहली विस्तारित बैठक मंगलवार को आयोजित की गई, जिसमें पूर्व सांसद सुश्री मीनाक्षी नटराजन ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा अब वोट चोरी के साथ-साथ जनता के भविष्य की भी चोरी करने लगी है। उन्होंने अयोध्या मंदिर का जिक्र करते हुए कहा कि भगवान श्री राम हमारी आस्था के केंद्र हैं और उनके मंदिर में हुई अव्यवस्था व गड़बड़ी से प्रत्येक भारतीय का मन दुखा है।

सुश्री नटराजन ने राज्यसभा चुनाव में प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र निरस्त होने के घटनाक्रम पर कहा कि नामांकन पत्र में लीगल नोटिस के बारे में कोई जानकारी नहीं मांगी गई थी, इसलिए कांग्रेस इस तानाशाही के खिलाफ शीघ्र ही हाईकोर्ट में याचिका दायर करेगी। उन्होंने राहुल गांधी के प्रतिरोध के संदेश का हवाला देते हुए कार्यकताओं से जनहित के मुद्दों जैसे किसानों को खाद न मिलना और नीट छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ के खिलाफ सकारात्मक और रचनात्मक तरीके से सत्याग्रह करने की अपील की। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्रसिंह गुर्जर ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और अगले चरण में गांव व पंचायत स्तर पर संघर्ष करने की बात कही। वहीं विधायक विपिन जैन ने आरोप लगाया कि भाजपा द्वारा विधायकों को प्रलोभन देने का प्रयास विफल होने के बाद यह नामांकन निरस्त करने का कृत्य किया गया है। इस दौरान पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल, प्रकाश रातडिया, परशुराम सिसौदिया सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन महासचिव अजय लोढा ने किया और आभार शहर ब्लॉक अध्यक्ष इष्टा भाचावत ने माना। बैठक में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने जनसुनवाई में 148 आवेदकों की सुनीं समस्याएँ

**नीमच।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, नीमच में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 148 आवेदकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने सभी प्रकरणों पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

# रेडक्रॉस के निःशुल्क नेत्र शिविर में 200 लोगों का हुआ नेत्र परीक्षण

## 37 मोतियाबिंद मरीजों की हुई पहचान, चश्मे एवं आई ड्रॉप्स का किया गया वितरण

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नीमच



जिले में आमजन को बेहतर नेत्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, नीमच एवं गोमाबाई नेत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को रेडक्रॉस भवन में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। कलेक्टर एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने लाभ प्राप्त किया।

शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 200 नागरिकों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया गया। साथ ही जरूरतमंद हितग्राहियों को निःशुल्क चश्मे एवं आई ड्रॉप्स वितरित किए गए। परीक्षण के दौरान 37 मोतियाबिंद मरीजों की पहचान की गई, जिन्हें आगे की जांच एवं उपचार के लिए रेफर किया गया। इस पहल से अनेक नागरिकों को समय रहते नेत्र रोगों की पहचान एवं उपचार की सुविधा प्राप्त हुई।

शिविर में चिकित्सकों ने उपस्थित नागरिकों को नेत्रों की नियमित जांच कराने, आंखों की स्वच्छता बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की दृष्टि संबंधी समस्या होने पर तत्काल विशेषज्ञ से परामर्श लेने की सलाह दी। शिविर में रेडक्रॉस एवं गोमाबाई नेत्रालय की टीम ने सेवाभाव के साथ व्यवस्थाएं संभाली, जिससे लाभार्थियों को सुगमता से स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकीं।

शिविर के सफल आयोजन में जिला पंचायत सीईओ एवं प्रशासक श्री अमन वैष्णव, डिप्टी कलेक्टर एवं सहायक प्रशासक सुश्री श्रुति भयड़िया के निर्देशन में रेडक्रॉस सचिव डॉ.स्वप्निल वधवा, गोमाबाई नेत्रालय के चिकित्सकों एवं रेडक्रॉस के कार्यकताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## न्यूज कालम




### जीतू पटवारी द्वारा युवा स्वाभिमान साइकिल यात्रा निकाली जा रही

**पिपलीया मंडी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा युवा स्वाभिमान साइकिल यात्रा निकाली जा रही है। उस यात्रा के समर्थन में मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी की आहूत बैठक में जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा,जिला कांग्रेस गांधी भवन पहुंचे।मीडिया से चर्चा में जिला कांग्रेस महासचिव अनिल शर्मा ने कहा कि पूरे देश प्रदेश में अराजकता का माहौल है संवैधानिक संस्थाओं का भाजपा करण लोकतांत्रिक व्यवस्थाओ की हत्या है,मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा नामांकन रद्द करना भाजपा की सोची समझी चाल है।शर्मा ने यह भी कहा कि नीट पेपर लीक,राममंदिर चन्दा व आभूषण चोरी मामले में अभी तक कोई ठोस व प्रभावी कार्यवाही नही होने से आमजन में आक्रोश व्याप्त है।शर्मा ने कहा कि 9 अगस्त को दिल्ली में राहुल जी खड़गे जी के नेतृत्व में होने वाले सत्याग्रह में पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्रसिंह जी गुर्जर,विधानसभा प्रत्याशी परशुराम सिसोदिया के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं आमजन दिल्ली सत्याग्रह में पहुंचकर अपनी आवाज को बुलंद करेंगे।

### मरणो उपरांत भी भरना पड़ रही है बीमा प्रिमियम

**पिपलिया मंडी।** जनपद पंचायत मल्हारगढ़ अंतर्गत गांव निनोरा निवासी स्वर्गीय चमेली बाई पति वदीचंद पाटीदार का समूह बिमा के के लिए विगत 18 माह पूर्व ॥ष्ठस्नष्ट बैंक खाता खुलवाया गया और समूह बिमा हुआ था। जिसकी 2800 रुपये राशि का प्रति महीना बीमा राशि का भुगतान किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चमेली बाई स्थानीय शासकीय माध्यमिक विद्यालय निनोर में मध्यान्ह भोजन बनाकर अपना जीवनचर्या चलाती थी। आज चमेली बाई का स्वर्गवास हुए लगभग ६ माह बीत चुके हैं ना तो बीमा राशि वापस मिली और ना ही किश्त भरना बंद हुई। पुत्र राजू ने बताया कि विभाग द्वारा मांगे गए सभी दस्तावेज भी हमने दे दिए उसके बावजूद भी हमें झांसा पट्टी के अलावा कुछ भी नहीं मिल रहा है। संबंधित विभाग ध्यान दे।



### गांधीसागर जलाशय से चुराई एक टन विभिन्न प्रजाति की मछली, 3 गिरफ्तार

**मन्दसौर।** जिले के सुवासरा थाना क्षेत्र के ग्राम बसई स्थित एक बाड़े से पुलिस ने एक टन विभिन्न प्रजाति की मछलियां कीमती 1 लाख 50 हजार रू. की जब्त की है। सुवासरा थाना पुलिस ने यह कार्यवाही सोमवार को की, इस मामलें में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र सुवासरा में धर्मेन्द्रसिंह का खुला बाड़ा ग्राम बसई पर आरोपियों द्वारा गांधीसागर जलाशय ये अवैध रूप से मछलियां चोरी कर व जिला दंडाधिकारी के आदेश का उल्लंघन किया एवं मौके से जहरीली हाथभट्टी शराब भी जब्त की। इस प्रकरण में आरोपी रविन्द्र (31) पिता गुलाब निवासी रायपुरिया (झाबुआ), धर्मेन्द्र (32) पिता बजरंग निवासी नयापुरा कोटा (राज) हा.मु. बसई, जाफर (32) पिता मुखताज खान निवासी बसई थाना सुवासरा को गिरफ्तार कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 303(2), 223 (ए) बीएनएस एवं 5 फिशरीज एक्ट व 49ए आबकारी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया।

### कर्नाटक राज्यपाल श्री गेहलोत ने बालाजी मंदिर में की पूजा-अर्चना

**नीमच ।** कर्नाटक के महामहिम राज्यपाल श्री थावरचंद गेहलोत ने मंगलवार को परिवार सहित नीमच जिले के सुप्रसिद्ध श्री संकट मोचन हरकियाखाल बालाजी मंदिर पहुंचकर, भगवान बालाजी के दर्शन किए तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश एवं देश के सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि, शांति और वैभवपूर्ण जीवन की मंगलकामना की।महामहिम राज्यपाल के हरकियाखाल बालाजी मंदिर आगमन पर जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया।मंदिर समिति की ओर से मुख्य पुजारी पंडित श्री लक्ष्मीनारायण शर्मा, श्री दशरथ भाई एवं समिति के पदाधिकारियों ने शाल एवं श्रीफल भेंटकर महामहिम राज्यपाल का सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया। इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल ने भी मुख्य पुजारी का सम्मान कर उनका अभिवादन स्वीकार किया।इस अवसर पर विधायक नीमच श्री दिलीप सिंह परिहार, सांसद प्रतिनिधि नागदा श्री ओ.पी.गेहलोत, पूर्व विधायक आलोट श्री जितेंद्र गेहलोत, अपर कलेक्टर श्री बी.एस. कलेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती हेमलता अग्रवाल, एसडीएम श्री पराग जैन, मंदिर समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं दर्शनार्थी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने जनसुनवाई में 146 आवेदनों की सुनवाई की

**रतलाम।** कलेक्टर कार्यालय रतलाम में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन एवं अपर कलेक्टर श्री बृजेंद्र कुमार रावत ने आमजन की समस्याएं सुनीं तथा प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कुल 146 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों से समाधान कराया। शेष आवेदनों के त्वरित एवं समय-सीमा में निराकरण के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में ग्राम बिरमावल निवासी जैद मंसुरी ने दुकान के बाहर सड़क किनारे स्थित ट्रांसफार्मर एवं खुले विद्युत तारों से दुर्घटना की आशंका बताते हुए ट्रांसफार्मर हटाने का आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर कार्रवाई के लिए विद्युत विभाग को निर्देश दिए गए। राजेन्द्र कुमार पटवा ने नए विद्युत कनेक्शन के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा उनके नाम से पूर्व से एक कनेक्शन दर्ज होना बताया गया, जबकि इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। मामले में जांच कर आवश्यक कार्रवाई के लिए विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया। ग्राम ताजपुरिया पंचायत गोपालपुर के ग्रामीणों ने शासकीय बोरिंग में मोटर नहीं लगने से पेयजल समस्या होने की शिकायत की।



## तोलाजी सिद्धेश्वर मंदिर में महालक्ष्मी के साथ श्री यंत्र की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**तराना।** नगर के प्राचीन तोलाजी मंदिर में वैदिक मंत्र उच्चारण हवन पूजन एवं विधि विधान के साथ महालक्ष्मी एवं श्री यंत्र की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई।5 दिनों तक श्रद्धालुओं द्वारा धार्मिक कार्यक्रमों के संचालन एवं व्यवस्था का संचालन सभी के आकर्षण का केंद्र रहा वहीं इंदौर के नगर समाज भजन मंडली द्वारा संगीत में सुंदरकांड का भव्य आयोजन किया।आभार पंडित नवीन नागर द्वारा माना गया।

## शासकीय उमावि झूठावद को मिला स्थाई विद्युत कनेक्शन



**महिदपुर रोड।** झूठावद ग्राम में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वर्षों बाद बिजली सुविधा उपलब्ध होने से स्कूली बच्चों को कंप्यूटर वर्क करने तथा गर्मी के दौरान पंखों की हवा मिलने से राहत मिलेगी। विद्यालय के प्राचार्य राहुल पोरवाल ने जानकारी देते हुए बताया इस उपलब्धि से विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों वह स्कूली बच्चों के पालकों को बड़ी राहत मिली है। पोरवाल के अनुसार बिजली के अभाव में विद्यालय में पंखे, कंप्यूटर, प्रोजेक्टर तथा अन्य विद्युत उपकरणों का उपयोग नहीं हो पा रहा था, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई और डिजिटल शिक्षा प्रभावित हो रही थी। विद्युत कनेक्शन मिलने से कक्षाओं में प्रकाश एवं पंखों की समुचित व्यवस्था हो सकेगी। साथ ही स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर शिक्षा और अन्य तकनीकी गतिविधियों को भी गति मिलेगी। विद्यालय में विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने में जिला शिक्षा अधिकारी, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक अधिका सतत मार्गदर्शन तथा प्रेरणा रही जानकारी विद्यालय के शिक्षक सावंत सिंह पंवार ने दी।

## संविधान प्रेमियों को जन्मदिन पर भारत का संविधान भेंट



**महिदपुर।** बिरसा अंबेडकर फूले समाज कल्याण समिति के संरक्षक और डोमा परिसंघ के प्रदेश महासचिव जे के मालवीय द्वारा बिरसा अंबेडकर फूले समाज कल्याण समिति महिदपुर के कोषाध्यक्ष बी एल मालवीय और समिति के सक्रिय कार्यकर्ता बालूसिंह वर्मा को जन्मदिन के अवसर पर राजेन्द्र मार्ग स्थित भारत रत्न बाबा साहब कि प्रतिमा स्थल पर संविधान कि प्रति देकर पुष्पमाला से स्वागत किया गया। केक काटकर, मिठाई वितरण कि गई और बड़े ही हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष दिनेश चैहान, उपाध्यक्ष विक्रमसिंह सोलंकी, सचिव सुरेश दामेचा, सहसचिव अनिल दावरे डाक्टर जगदीश परमार, नरेन्द्र परमार, नगजी परिहार, आशाराम गेहलोत ,सुमेर राठौर, अनिल आंचलिया, हीरालाल आंजना, अरूण बुरड़, यशराज परमार, सलोनी परमार आदि उपस्थित थे।

## पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती पर जागरूकता संगोष्ठी एवं पौधारोपण



**बिछड़ौद ।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के स्वायत्त निकाय माय भारत केंद्र विकासखंड घट्टिया द्वारा पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती के अवसर पर नजरपुर रोड स्थित एसजीएम विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात जागरूकता संगोष्ठी, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं एवं विद्यार्थियों को पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन, व्यक्तित्व, राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान तथा उनके आदर्शों से अवगत कराया गया। साथ ही युवाओं से राष्ट्रहित एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी जीवन प्रजापति रहे, जबकि अध्यक्षता विद्यालय के संचालक जितेंद्र पांचाल ने की। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार का विशेष सहयोग एवं सहभागिता रही। कार्यक्रम का सफल संचालन माय भारत केंद्र के ब्लॉक वॉलिंटियर मनीष प्रजापति ने किया तथा अंत में कमलेश पटेल ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर यश प्रजापति, हरिओम प्रजापति, आशीष प्रजापति सहित बड़ी संख्या में युवा, विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना रहा।

### संगीत साधना को राष्ट्रीय सम्मान

# मौलिक संगीत सृजन में उत्कृष्ट योगदान पर चौहान को मिला भारत सेवा पुरस्कार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा

संगीत के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट योगदान, मौलिक संगीत सृजन एवं भारतीय संगीत के प्रचार-प्रसार में उल्लेखनीय कार्य करने वाले नागदा निवासी अभिषेक सिंह चौहान को प्रतिष्ठित 'भारत सेवा पुरस्कार-2026' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें जीवरण फाउंडेशन द्वारा संगीत एवं रचनात्मक कला के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान और समर्पित सेवाओं के लिए प्रदान किया गया।

पुरस्कार के अंतर्गत जारी प्रशस्ति-पत्र में अभिषेक सिंह चौहान को संगीतकार, मौलिक संगीत रचनाकार एवं रचनात्मक उत्कृष्टता योगदानकर्ता के रूप में सम्मानित करते हुए उल्लेख किया गया है कि उन्होंने अपनी मौलिक संगीत रचनाओं के माध्यम से संगीत जगत में विशिष्ट पहचान बनाई है। उनकी रचनात्मकता, नवाचार, उत्कृष्टता के प्रति समर्पण तथा संगीत के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित करने के प्रयास प्रेरणादायी हैं। उनकी संगीत रचनाएं श्रोताओं को भावनात्मक रूप से जोड़ने के साथ-साथ युवा कलाकारों को भी निरंतर प्रेरित करती रही हैं।

जीवरण फाउंडेशन द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति-पत्र में कहा गया है कि अभिषेक सिंह चौहान का योगदान मौलिकता, व्यावसायिक उत्कृष्टता एवं सृजनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण है। संगीत और रचनात्मक कला के प्रति उनका समर्पण सांस्कृतिक समृद्धि एवं नवाचार की भावना को सशक्त करता है तथा उनका कार्य आने वाली पीढ़ियों के कलाकारों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।



उल्लेखनीय है कि जीवरण फाउंडेशन द्वारा शिक्षा, कला, संगीत, सामाजिक सेवा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, उद्यमिता सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित कर उनके योगदान को पहचान दिलाने का कार्य किया जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी कुछ महीनों में सभी चयनित पुरस्कार विजेताओं के लिए एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें उन्हें औपचारिक रूप से सम्मानित किया जाएगा तथा अपने अनुभव साझा करने का अवसर भी मिलेगा।

**नागदा के लिए गर्व का विषय**

इस उपलब्धि पर अभिषेक सिंह चौहान ने अपने परिवार, गुरुजनों, शुभचिंतकों एवं संगीत प्रेमियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय सम्मान उनके लिए गर्व का विषय होने के साथ-साथ भविष्य में और अधिक समर्पण एवं उत्कृष्टता के साथ कार्य करने की प्रेरणा है। नागदा के लिए यह सम्मान गौरव का विषय है। अभिषेक सिंह चौहान की यह उपलब्धि न केवल नगर, बल्कि पूरे मध्यप्रदेश के लिए भी गर्व और प्रेरणा का विषय है।

# साइबर ठगी के आरोपी को गिरफ्तार कर 104927 नगद एवं दो मोबाइल बरामद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।

राजगढ़ जिले के थाना माचलपुर पुलिस एवं साइबर टीम ने साइबर ठगी के एक प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1,04,927 रु नगद एवं घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन बरामद किए।

फरियादी गोविन्द पिता बीरम सिंह सौंधिया उम्र 21 साल निवासी ग्राम गौरियाखेड़ा माचलपुर के द्वारा सायबर धोखाधडी के संबंध में एक आवेदन पेश किया जिसमे फरियादी ने बताया कि मेरे इंस्टाग्राम ऐप में वीडियो के माध्यम से पता चला की एक अज्ञात व्यक्ति, जो कागज के 5 रुपये के नोट जिस पर पीछे की तरफ ट्रेक्टर चलाते हुए किसान का फोटो है उसके बदले में 35,96,000 रुपये दे रहा है, उक्त वीडियो में संबंधित व्यक्ति के मोबाईल पर फरियादी ने 5 रुपये के नोट पर ट्रेक्टर चलाते हुए किसान वाला नोट होने से उक्त व्यक्ति को मेरे मोबाईल से फोन लगाकर बात की तो उक्त व्यक्ति ने कहा कि मैं तुम्हें बारकोड भेज रहा हूँ उस पर तुम मुझे 520 रु भेज दो, जिसके बाद मैंने उक्त बारकोड पर राशि



520 रु डाल दिए, उक्त व्यक्ति ने मुझसे कहा की तुम्हारे पैसो की डिलेवरी कुछ ही देर में होने वाली है, तुम मेरे पास बारकोड पर राशि 4,000/-रु और डाल दो। जिसके बाद उक्त व्यक्ति द्वारा मुझसे उसी बारकोड पर राशि 4,000/-, 2,200/- एवं 2,000/- रुपये पुनः डलवाए। फिर उक्त अज्ञात व्यक्ति का पुनः फोन आने के बाद फरियादी ने उसके अंकल सुजान सिंह सौंधिया का मोबाईल फोन लेकर उक्त व्यक्ति के कहने पर अंकल के फोन पे से अलग अलग बार में कुल 96,207/- रु. डलवाये। इस प्रकार उक्त व्यक्ति ने मुझसे कुल 14 बार में कुछ ना कुछ बात करके, अलग-अलग 2 बारकोड पर कुल 1,04,927/- रु डलवाए। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना माचलपुर में अपराध क्रमांक 192/26 धारा 318(4) बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया ।

**अलवर (राजस्थान) का निवासी है आरोपी**

पुलिस टीम ने तकनीकी विश्लेषण, स्थानीय सूचना तंत्र एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी से महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य प्राप्त हुए तथा उसके कब्जे से नगद राशि एवं घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन जब्त किए गए। पुलिस ने आरोपी सिकंदर पिता जगदीश वाल्मिकी उम्र 24 साल निवासी ग्राम ओदाका थाना नौगवा जिला अलवर राजस्थान को गिरफ्तार कर आरोपी से 1,04,927 रु नगद, दो मोबाइल फोन बरामद किए दोनों मोबाइल फोन का फॉरेंसिक परीक्षण कराया जा रहा है ताकि साइबर ठगी से जुड़े अन्य आरोपियों एवं नेटवर्क की जांच जारी है।

## निःशुल्क नेत्र शिविर एवं 'एक पेड़ माँ के नाम' का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़ौद

जनसेवा एवं पर्यावरण संरक्षण को समर्पित दो महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए। भाजपा ज़िलाध्यक्ष ओम मालवीय ने विशाल निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व विधिवत पूजन के साथ किया 'यह शिविर गोमाबाई नेत्रालय, नीमच के तकनीकी सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें 113 मरीजों ने अपने आँख का परीक्षण करवाया. आवश्यकता अनुसार 13 मरीजों का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए भी किया गया। जिन्हें गोमाबाई नेत्रालय नीमच ले जाया जाएगा' मरीजों को चश्मे भी वितरित किए गए

इसके पश्चात नगर परिषद द्वारा दशहरा मैदान में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी शोभा राम परमार, मण्डल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह परिहार, महामंत्री विपिन चौहान,पंकज पिछोलिया, वरिष्ठ नेता चन्द्रेश शर्मा, सुनील लववंशी, पंकज घिंग सहित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहें सभी ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा पौधों की देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन लववंशी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रमों में नगर के गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में आमजन की सहभागिता रही।

## शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पर कलेक्टर की सख्ती

**ब्यावरा-राजगढ़** कलेक्टर डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा ने आज सोमवार को आयोजित समय सीमा बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, समयबद्ध प्रकरणों एवं शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने असंतोष व्यक्त करते हुए बताया कि सीईओ जनपद पंचायत खिलचीपुर, सीईओ जनपद पंचायत सारंगपुर तथा सीएमओ ब्यावरा जिले के पांच सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों में शामिल हैं, जिनके स्तर पर शिकायतों का संतोषजनक निराकरण नहीं कराया गया। संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार लाने तथा लंबित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# पत्रकार यासीन खान सपरिवार उमराह के लिए रवाना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मक्सी

नगर के प्रतिष्ठित व पत्रकार और किराना व्यवसायी मरहूम हाजी सुभान सेठ के सुपुत्र यासीन खान अपने पूरे परिवार के साथ पूर्ण 20 दिवसीय मुकद्दस उमराह यात्रा पर मक्का-मदीना के लिए रवाना हुए। उनके साथ यात्रा में उनकी अम्मी श्रीमती खातून बी, पत्नी नाजिस बी, सुपुत्र तौकीर, सुपुत्री सुहाना, बहन नगरिष बी, बहन नजमा बी, जीजा अब्दुल खान (अरनिया) एवं जीजा की अम्मी बेगम बी सहित परिवार के कुल 9 सदस्य शामिल हैं।

इस पावन यात्रा पर प्रस्थान करने से पूर्व मक्सी के श्रीराम गार्डन में एक भव्य विदाई व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में मक्सी नगर के हिंदू-मुस्लिम समाज के प्रबुद्ध जनों, गणमान्य नागरिकों सहित देवास, उज्जैन और शाजापुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए उनके शुभचिंतकों व



रिश्तेदारों ने शिरकत की।

समारोह में उपस्थित जनसमुदाय ने यासीन खान और उनके परिवार को पुष्पमाला पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर भावभीना सम्मान किया और उनकी सुरक्षित व सफल यात्रा के लिए दुआएं दीं। इस भावुक पल पर पत्रकार यासीन खान ने सभी उपस्थित जनों से आत्मीयता से मुलाकात कर 'माफी-तलाफी' (क्षमा याचना) की और सभी का आभार व्यक्त किया।

लोगों ने उनके हाथ थामकर और गले लगकर कहा–जब आप काबा शरीफ के सामने खड़े हों, तो हमारे हक में, हमारे बच्चों की कामयाबी और मुल्क की तरक्की के लिए हाथ उठाकर खास दुआ फरमाएं। यासीन खान ने भी सभी से वादा किया कि वे पाक सरजमीं पर मक्सी नगर और अपने तमाम शुभचिंतकों की खुशहाली के लिए दुआएं मांगेंगे। इस दौरान हाजी कादर सेठ, साबिर सेठ जलील सेठ दिलशाद सेठ सहित परिवार जन उपस्थित थे



# मूंदड़ा उज्जैन जिला माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष निर्वाचित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना

उज्जैन जिला माहेश्वरी समाज के समस्त बंधु जन जो विश्वास मुझ पर जाते हैं उसे मैं पूर्ण रूप से समाज हित में निभाने का प्रयास करूंगा आप सभी लोगों ने प्रत्याशियों अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग किया है उसके लिए आभार व्यक्त करता हूं आगे भी इस तरह सहयोग की अपेक्षा रखता हूं यह बात माहेश्वरी समाज जिला अध्यक्ष सतीश मूंदड़ा ने माहेश्वरी धर्मशाला में आयोजित उज्जैन जिला माहेश्वरी समाज निर्वाचन में कहीं। इस दौरान जिला अध्यक्ष पद पर सतीश मुंदा तराना वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश हेड़ा उज्जैन सचिव घनश्याम राठी नागदा अध्यक्ष संजय बलदेव तराना के साथ 17 प्रदेशिक मंडल के सदस्य और 3 पद राष्ट्रीय महासभा के लिए निर्विरोध चुने गए जिले से आए सभी अतिथियों का स्वागत तराना माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष दिलीप डोडिया के द्वारा किया गया।

### इंगोरिया स्कूल में जल भराव

## क्लास नहीं लगी शिक्षकों ने किया जल में खड़े होकर प्रदर्शन

**इंगोरिया।** बारिश से बाढ़ का पानी हायर सेकंडरी स्कूल में अभी भी भरा है। सोमवार को स्कूल में पानी भरा होने से बच्चे नहीं आए। प्रिंसिपल ने आज छुट्टी कर दी । पर स्टॉफ ने प्रति वर्ष होने वाली इस समस्या को लेकर प्रदर्शन कर दिया। थाना प्रभारी दीपेश व्यास भी मौके पर पहुंचे। रहवासियों ने स्कूल और बैंक में जल भराव की निकासी हेतु सड़क निर्माण कंपनी के अधिकारी से चर्चा कर स्कूल के सामने नाला डालने हेतु बुलवाया। पर समस्या सुलझने ही वाली थी कि स्कूल के सामने के ध्वस्त हुए अतिक्रमण कारी दुकानदारों के विरोध से कार्य फिर से रुक गया। जिनकी दुकानें थोड़ी बची हुई थीं वे नहीं चाहते कि यहां नाला डाला जाए। नाला डालने से सड़क की चौड़ाई 52 फिट होगी और उनकी थोड़ी बहुत दुकानें जो बची है वह भी टूट जाएगी। स्कूल में जल भराव की समस्या यथावत है। इधर स्कूल में बच्चों की छुट्टी कर दिए जाने पर प्रिंसिपल महेश मालवीय से इस प्रतिनिधि ने चर्चा की। प्राचार्य ने बताया कि बच्चों से लेकर स्टॉफ तक स्कूल में जल भराव को लेकर परेशान हैं।



12वां सर्व रोग निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न

## परीक्षण कर 10 को उपचार हेतु संजीवनी हॉस्पिटल देवास भेजा

**बड़नगर।** गीता भवन में प्रत्येक माह के प्रथम सोमवार को लगने वाला सर्व रोग स्वास्थ्य निदान निशुल्क शिविर संजीवनी हॉस्पिटल देवास के माध्यम सेआयोजित हुआ। शिविर में डॉक्टर कैलाश शर्मा, नवीन चौधरी व अनिल चौधरी एवं मेडिकल स्टाफ उपस्थित था। शिविर का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। उपस्थित महिला पुरुषों को संस्था अध्यक्ष हरिकिशन मेलवानी ने गीता भवन संबंधी एवं निःशुल्क स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। शिविर में कुल 70 व्यक्तियों का परीक्षण कर 10 रोगियों को इलाज हेतु देवास भेजा गया। शेष रोगियों को निःशुल्क दवाई उपलब्ध कराकर उपचार किया गया। इस अवसर पर चन्द्रशेखर सोनी, सुभाष गुप्ते, राजेन्द्र कोशल, हेमन्त देशमुख, दिलिप पंचाक्षरी, योगेश आचार्य, बिहारीलाल शर्मा, डॉ.जी.एल. ददरवाल, सुरेश व्यास, हरगोविन्द मेलवाणी व संजय कुमावत ने अपनी सेवाएं प्रदान की। आभार सुभाष गुप्ते ने माना।

## हाइवे पर अंधी रफ्तार से दौड़ रहे भारी वाहन, बना रहता है हादसे का खतरा

**सारंगपुर।** पुराने आगरा-बांबे नेशनल हाइवे क्रमांक 3 पर बस, ट्रक, जीप, कार सहित अन्य वाहन अंधी रफ्तार से दौड़ रहे हैं। तेज रफ्तार से चलने वाले इन वाहनों से हादसे का डर बना हुआ है, पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। इन वाहनों के मालिकों पर कोई कार्रवाई नहीं होने से उनके हौसले भी बुलंद हैं। शहरी सीमा में मौजूद पुराना नेशनल हाइवे सड़क काफी छोटी है। इस इस मार्ग पर यातायात का अत्यधिक दबाव रहता है। जिसकी वजह से आए दिन बड़ी दुर्घटनाएं यहां पर घटित होने का खतरा रहता हैं। यह सड़क फोरलेन बनने वाली है जिसके बाद से तरह के हादसों से निजात मिल सकती है। नागरिकों ने मांग की है कि तेज रफ्तार व खटारा बसों डंपरों पर कार्रवाई होना आवश्यक है। शहरी सीमा की सड़क से बसें अंधी रफ्तार से निकलती हैं। जिसकी वजह से क्षेत्र में दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। और इसके साथ ही खटारा बसों के परमिट निरस्त किए जाना चाहिए। थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने कहा कि अमले को निर्देशित कर शीघ्र ही बसों की तेज रफ्तार पर अंकुश लगाया जाएगा। ऐसे तेज रफ्तार कंडम बसों पर चालानी कार्रवाई करेंगे और अन्य को भी समझाइश दी जाएगी।

## आगर उज्जैन रोड पर ट्रक पलटा, ड्रायवर मौके से भागा



**तनोडिया।** उज्जैन रोड पर पुलिस कानवाई के समीप एक ट्रक अचानक संतुलन बिगड़ने से पलटी खा गया। जिसमें पशुओं को खिलाने वाला बियर बाटा भरा हुआ था। सूचना मिलते ही तनोडिया पुलिस मौके पर पहुंची प्रधान आरक्षक भुवनेश श्रीवास एवं आरक्षक तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इसमें किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है ट्रक मालिक को फोन करके जानकारी जुटा जा रही है ड्राइवर मौके से भाग चुका था।

## मंदिर शिखर पर चमत्कारी वज्रपात

**महिदपुर।** घोंसला रोड स्थित श्री सुमतिनाथ जिन मंदिर एवं दादावाड़ी में सोमवार रात्रि लगभग 11 बजे एक अद्भुत एवं श्रद्धा को दृढ़ करने वाली घटना घटित हुई। मंदिर के शिखर पर आकाशीय बिजली गिरने से शिखर का पिछला भाग क्षतिग्रस्त हो गया, किंतु आश्चर्यजनक रूप से शिखर पर विराजमान स्वर्ण कलश एवं ध्वजदंड पूर्णतः सुरक्षित रहे। बिजली के प्रहार से शिखर के बड़े-बड़े पत्थर टूटकर नीचे गिर गए और आसपास बिखर गए, लेकिन जहां बिजली गिरी उसी स्थान पर स्वर्ण कलश और ध्वज को कोई क्षति नहीं पहुंची। यह दृश्य देखकर जैन समाज के श्रद्धालु इसे दादागुरुदेव की असीम कृपा और जैन धर्म की महिमा का प्रत्यक्ष उदाहरण मान रहे हैं। श्रद्धालुओं ने बताया कि दादावाड़ी में विराजित प्रथम दादागुरुदेव श्री जिनदत्त सूरीश्वरजी महाराज की महिमा अनंत है। जैन इतिहास में वर्णित है कि अजमेर में पर्युषण पर्व के दौरान दादागुरुदेव ने कड़कती हुई बिजली को अपने पात्र में शांत कर भक्तों की रक्षा की थी। समाजजनों का विश्वास है कि उसी कृपा का प्रभाव आज भी दादावाड़ी में विद्यमान है। घटना के समय मंदिर परिसर में कोई उपस्थित नहीं था, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। इस घटना के बाद महिदपुर सहित आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालु इसे दादागुरुदेव की कृपा का चमत्कारी प्रसंग मानकर श्रद्धाभाव व्यक्त कर रहे हैं।

## छेड़छाड़ के आरोपी को भेजा जेल

**खरसौदकलां।** समीप गांव बालोदालक्खा निवासी मानसिक रूप से कमजोर 21 साल की युवती के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ के आरोप में गांव के युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक को न्यायालय में पेश करने पर जेल भेजा है। भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येंद्रसिंह चौधरी ने बताया कि मानसिक रूप से कमजोर मुखबधिर युवती के भाई सुनील ने थाने पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज करवाई की गांव निवासी मांगीलाल पिता बगदीराम ने गलत नियत से बहन को बाहों में दबाकर छेड़खानी की। पुलिस ने शिकायत के बाद तत्काल आरोपी युवक को पकड़ कर न्यायालय में पेश करने पर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है।

# उमस में भी घंटों टिका रहेगा मेकअप, अपनाएं ये असरदार फाउंडेशन हैक्स...

ऐसा भी नहीं है कि गर्मी और उसम भरे मौसम में स्वेट प्रूफ मेकअप किया ही नहीं जा सकता। आज हम आपको ह्यूमिडिटी में फाउंडेशन लगाने के कुछ जरूरी टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं।



**गर्मी** और उमस भरे मौसम में मेकअप करना और उसको लॉन्ग-लास्टिंग बनाए रखना बड़ी चुनौती है। फाउंडेशन लगाने के बाद फेस कुछ समय के लिए तो ठीक लगता है। लेकिन जैसी ही घर से बाहर जाए, तो फेस पर फिर वही डलनेस नजर आती है। कई बार स्किन पैची और ऑयली हो जाती है। इसको हर थोड़े समय बाद ठीक करना एक टास्क बन जाता है। लेकिन ऐसा भी नहीं है कि गर्मी और उसम में स्वेट प्रूफ मेकअप किया ही नहीं जा सकता। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ह्यूमिडिटी में फाउंडेशन लगाने के कुछ जरूरी टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं।

## फाउंडेशन लगाने के खास टिप्स



गर्मी और उमस के मौसम में फाउंडेशन चेहरे पर सेट रहे, इसके लिए मेकअप की शुरूआत करने का तरीका ज्यादा मायने रखता है। मेकअप करने से पहले जेंटल क्लींजर करें और फिर स्किन पर लाइट वेट नॉन ग्रीजी मॉइस्चराइजर लगाएं। फाउंडेशन लगाने से पहले स्किन को हाइड्रेशन की जरूरत पड़ती है। हालांकि इतना भी नहीं कि फेस पर फाउंडेशन रुक ही न पाए। कुछ घंटों बाद फेस फिर से डल न लगने लगे। इसके लिए सही प्राइमर का चुनाव बेहद जरूरी है। स्किन पर ऑयल एब्जॉर्व करने वाला मैट प्राइमर गर्मियों में परफेक्ट होता है।

## वॉटरप्रूफ फाउंडेशन

उमस भरे मौसम में हमेशा वॉटरप्रूफ फाउंडेशन का इस्तेमाल करना चाहिए। अगर सिलिकॉन बेस्ड फाउंडेशन हो, तो ज्यादा अच्छा। ऐसे फाउंडेशन मॉइस्चर के खिलाफ स्किन बैरियर बनाते हैं। वहीं उसमें हयाल्यूरोनिक और नियासिवमाइड जैसे तत्व होने चाहिए। जिससे कि स्किन ज्यादा हैवी न लगे।

**फाउंडेशन की पतली लेयर-** अगर आपको लगता है कि ज्यादा फाउंडेशन लगाने से ज्यादा अच्छी कवरेज मिलती है। तो आप का सोचना गलत है। असल, में फाउंडेशन की पहली सी लेयर हमेशा फेस पर लगानी चाहिए। इससे आपकी त्वचा भी अनईवन नहीं लगेगी।

**ऐसे सेट करें फाउंडेशन-** फाउंडेशन के बाद पाउडर सिर्फ इतना लगाना चाहिए कि स्किन न ज्यादा केकी हो या न ज्यादा ड्राई लगे। पाउडर लगाने के बाद स्पंज की मदद से इसको टैप करें, जिससे यह स्किन में सेटल हो जाए। इससे फेस पर मेकअप को लॉक करने में मदद मिलती है और मेकअप लंबे समय तक टिकता है।

# मानसून में ये 4 फैब्रिक देंगे कंफर्ट और स्टाइलिश लुक



बारिश के मौसम में क्या पहनें, इस सवाल का जवाब देते हुए यह मानसून गाइड कॉटन और चैम्ब्रे जैसे हवादार फैब्रिक्स की सलाह देती है। इसमें कीचड़ से बचने के लिए सही लंबाई के कपड़े और भीगने पर पारदर्शी न हों, ऐसे रंगों को चुनने जैसे प्रैक्टिकल स्टाइलिंग टिप्स भी शामिल हैं।

बारिश का मौसम अपने साथ राहत लेकर आता है, इसलिए ये सबको पसंद भी होता है। चिलचिलाती धूप और गर्मी के बाद जब मानसून में बारिश होती है, तो बड़ी राहत मिलती है। लेकिन इस मौसम में हवा में उमस बढ़ जाती है, जिसकी वजह चिपचिपाहट होने लगती है। ऐसे में कपड़े भी भीगकर शरीर से चिपकने लगते हैं, जिससे बहुत परेशानी होती है।

**कॉटनः** बारिश के दिनों के लिए कॉटन सबसे अच्छा माना जाता है। यह बहुत हल्का होता है, त्वचा को आराम देता है और जल्दी सूख जाता है। इसके छोटे-छोटे छेद हवा को अंदर-बाहर आने देते हैं, जिससे पसीना और नमी आसानी से सूख जाती है। आप चाहें तो कॉटन ब्लेंड, जिसमें कॉटन के साथ थोड़ा पॉलिएस्टर या रेयॉन मिला होता है, भी चुन सकते हैं। ये कपड़े सस्ते होते हैं, इनमें आराम पूरा मिलता है और ये बहुत जल्दी सूखते हैं।

**क्रेपः** यह कपड़ा शरीर पर बहुत अच्छे से फिट बैठता है और दिखने में सुंदर लगता है। क्रेप बहुत हल्का होता है, इसका रंग जल्दी फीका नहीं पड़ता और सबसे अच्छी बात यह है कि इसमें सिलवटें नहीं पड़तीं। भागदौड़ वाले दिनों में इसे संभालना बहुत आसान है। इसे आप रोज पहनने के साथ-साथ ऑफिस या किसी खास मौके पर भी पहन सकते हैं।

# मानसून में हेयर फॉल बन गया है टेंशन?

### अपनाएं ये असरदार होम रेमिडीज, तुरंत दिखेगा असर



बरसात का मौसम सबसे सुहावना लगता है। इस दौरान चारों-तरफ हरियाली होती है। बारिश के मौसम में नमी के कारण बालों से जुड़ी समस्याएं जैसे कि बालों का टूटना, रूखापन, बाल बेजान होना। ये सारी समस्याएं बेहद आम हो जाती है। ऐसे में आप भी बालों को मजबूत बनाने के लिए डीप-कंडीशनिंग करना, संतुलित आहार लेना, पर्याप्त मात्रा में पानी पीना भी काफी जरुरी है। असल में बारिश से पहले वातावरण में उमस, चिपचिपाहट होने के कारण बाल बेजान होने लगते हैं और ज्यादा टूटते भी हैं। इसलिए इस समस्या से बचने के लिए कुछ घरेलू उपाय बताएं।

## स्कैल्प की हाइजीन है जरूरी बालोंका गिरना

दरअसल, हेल्दी स्कैल्प होना बालों की निशानी है। इसलिए बालों की जड़ों को मजबूत बनाने के लिए घरेलू हेयर मास्क का प्रयोग करना एक बेहतरीन ऑप्शन है। यदि आपके हेयर्स मॉनसून में ड्राई-डैमेज हो गए है और काफी बाल झड़ रहे हैं, तो आप इन घरेलू उपायों का इस्तेमाल कर सकती हैं-

## तेल की मालिश

हफ्ते में एक बार तिल या नारियल के तेल को हल्का गुनगुना कर लें। इसमें आंवला, भृंगराज, शिकाकाई, लौंग, करी पत्ता, मेथी दाना और रोजमेरी मिलाकर बालों में लगाएं। फिर उंगलियों की मदद से 5 से 10 मिनट तक सिर की त्वचा (स्कैल्प) की हल्के हाथों से मालिश करें। इससे सिर में खून का संचार बेहतर होता है, स्कैल्प को आराम मिलता है और तनाव भी कम होता है। नियमित रूप से ऐसा करने से बालों का टूटना कम हो सकता है।

# Sport

# सैमसन जिम्बाब्वे टी-20 सीरीज से बाहर, सूर्यवंशी को फिर मौका

### लगातार तीसरी सीरीज में चुने गए, रिंकू सिंह और मयंक यादव की वापसी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



बीसीसीआई ने जिम्बाब्वे में 23 से 26 जुलाई तक होने वाली टी-20 सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया। टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट संजू सैमसन को टीम में जगह नहीं मिली है। बोर्ड ने उनको बाहर करने की कोई वजह भी नहीं बताई है। वहीं, 15 साल के वैभव सूर्यवंशी को लगातार तीसरी सीरीज के लिए टीम में रखा गया है।

इंग्लैंड-आयरलैंड की टी-20 टीम की तुलना में भारत ने 6 बदलाव किए हैं। रिंकू सिंह और मयंक यादव की वापसी हुई है। प्रभसिमरन सिंह, यश ठाकुर, अशोक शर्मा और हर्ष दुबे को पहली बार टी-20 टीम में चुना गया है। इसके अलावा इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए चोटिल नीतीश कुमार रेड्डी की जगह शिवम दुबे को टीम में शामिल किया गया है।

बीसीसीआई ने यह नहीं बताया कि संजू को बाहर किया गया है या आराम दिया गया है। सैमसन ने हाल ही में आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ लगातार तीन पारियों में 5, 0 और 1 रन बनाए थे।

## जिम्बाब्वे ने 141 रन डिफेंड कर बांग्लादेश को हराया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जिम्बाब्वे ने पहले वनडे में बांग्लादेश को 25 रन से हराकर 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में सोमवार को खेले गए मुकाबले में जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 36.4 ओवर में 141 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम 33.1 ओवर में 116 रन पर सिमट गई।

बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने 21 रन देकर 6 विकेट लिए। यह वनडे क्रिकेट में किसी भी बांग्लादेशी गेंदबाज का बेस्ट प्रदर्शन है, लेकिन उनकी यह प्रदर्शन भी टीम को जीत नहीं दिला सका। जिम्बाब्वे की जीत के हीरो न्यूमैन न्यामहुरी रहे। उन्होंने 33 रन बनाने के अलावा 2 विकेट और 2 शानदार कैच भी लिए। कप्तान रिचर्ड नगारावा ने 27 रन और 3 विकेट लेकर ऑलराउंड प्रदर्शन किया।

जिम्बाब्वे के लिए न्यामहुरी और नगारावा ने नौवें विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी की, जिसने मैच का रुख बदल दिया। इसी साझेदारी की बदौलत टीम 70/8 से 141 रन तक पहुंच सकी। बाद में चारों तेज गेंदबाजों ने मिलकर बांग्लादेश को समेट दिया।

## इंग्लैंड ने दस खिलाड़ियों के दम पर मैक्सिको को मात दी

एजेंसी ▸▸ मैक्सिको सिटी

इंग्लैंड की एस्टाडियो एज्टेका स्टेडियम से कड़वी यादें जुड़ी थीं। लेकिन रविवार टीम के लिए यादगार बन गया। जूड बेलिंगहैम ने 98 सेकंड के अंतराल में दो गोल ठोक दिए जबकि हैरी केन ने पेनाल्टी को तब गोल में बदला जब इंग्लैंड 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहा था। इससे पूर्व चैंपियन इंग्लैंड ने मैक्सिको को अंतिम 16 के मुकाबले में 3-2 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। अब इंग्लैंड सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए नॉर्वे का सामना करेगा। हेडर से खाता खोला : बेलिंगहैम ने 36वें मिनट में हेडर से गोल किया और फिर केन के क्रॉस पर 38वें मिनट में दर्शनीय दूसरा गोल ठोक दिया।

## द्रविड़ के बेटे की फिफ्टी के बावजूद भारत हारा, अन्वय ने 87 रन बनाए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



भारत यू-19 को दूसरे यूथ वनडे में श्रीलंका व-19 ने 8 विकेट से हरा दिया। राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय द्रविड़ ने 67 गेंदों पर 87 रन बनाए, लेकिन उनकी पारी टीम को जीत नहीं दिला सकी। श्रीलंका के ओपनर दिमंथा महाविथाना ने नाबाद 155 रन की मैच जिताऊ पारी खेली।

इस जीत के साथ तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर हो गई। 4 जुलाई को पहला वनडे भारत ने 4 विकेट से जीता था।। तीसरा वनडे 9 जुलाई को खेला जाएगा।

हंबनटोटा में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 47.2 ओवर में 285 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका ने 48 ओवर में 2 विकेट पर 291 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

भारतीय टीम की शुरूआत खराब रही। टीम ने 19वें ओवर तक 81 रन पर 4 विकेट गंवा दिए। इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज अन्वय द्रविड़ और अर्जुन राजपूत ने पांचवें विकेट के लिए 145 रन जोड़कर पारी संभाली।

17 साल के अन्वय ने 67 गेंदों में 87 रन बनाए। उनकी पारी में 9 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। उन्होंने 47 गेंदों में अपना पहला यूथ वनडे अर्धशतक पूरा किया। अर्जुन राजपूत ने 81 गेंदों पर 76 रन बनाए।

राजपूत 221 के स्कोर पर दिमंथा महाविथाना के थ्रो पर रन आउट हुए। इसके बाद अन्वय भी शतक से 13 रन पहले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज गिम्हान मेंडिस का शिकार बने। उनके आउट होने के बाद भारत ने आखिरी 3 विकेट सिर्फ 22 रन में गंवा दिए।

**प्रवेश प्रारंभ**
**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय** 10 से 01 बजे तक
**आवेदन:** 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें पीसी राजपूत रीयल एस्टेट 9893713817

**आवश्यकता है**
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।
संपर्क 9827820470

**आवश्यकता है**
टाइपिस्ट की आवश्यकता है समय रात्रि 7:30 से 10:30 तक वेतन योग्यतानुसार।
संपर्क करें एडवोकेट विजय पटेल मीणा समाज धर्मशाला काजीपुरा अंकपत मार्ग उज्जैन मोबाइल- 9301322699

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रात: 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**इन्दौर में 2 BHK फ्लेट बेचना है।**
सीता श्री रेसीडेंसी
ऐयर पोर्ट मेनरोड कालानी नगर के पास
ग्राउंड फ्लोर में 4 बैंक व 4 दुकाने है
पास में, मेट्रो स्टेशन निर्माणाधीन मोके की जगह।
सीधे आनर से संपर्क करें। 9669578652

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे श्री हरि पेपर इंडस्ट्री 8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### बिना नंबर की बाइक पर एमडी ड्रग्स की सप्लाई पेंट की जेब में मिली 20.22 ग्राम एमडी ड्रग्स

**इंदौर।** नशे के सौदागरों के खिलाफ इंदौर क्राइम ब्रांच लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच को एक ओर सफलता मिली और उन्होंने बिना नंबर की बाइक पर एमडी ड्रग्स की सप्लाई करने वाले बदमाश को धरदबोचा। वह पेंट की जेब में एमडी ड्रग्स लेकर घूम रहा था। पकड़ाया आरोपी ग्रेजुएट है वह एक कंपनी में नौकरी करने के साथ ही खेती बाड़ी भी करता था। आरोपी के पास से 20.22 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली है, जिसकी कीमत 2 लाख 20 हजार रुपए है। टीम ड्रग्स और बाइक सहित 3 लाख का माल जब्त किया है। बता दें कि इंदौर में क्राइम ब्रांच की टीम लगातार नशे के सप्लाई करने वालों की धरपकड़ कर उन्हें गिरफ्तार कर रही है। इस मामले में क्राइम ब्रांच को मुखबीर से सूचना मिली थी, जिसकी बाद टीम ने पिपलेश्वर महादेव मंदिर, नसिया रोड के पास घेराबंदी की। डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि टीम ने यहां पर बिना नंबर प्लेट की बाइक से घूम रहे एक संदिग्ध युवक को रोका और उससे पूछताछ की उसकी तलाशी ली तो उसकी पेंट की जेब में 20.22 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली।

### खजराना चाकूबाजी का घायल युवक नहीं बच सका, इलाज के दौरान 12वें दिन मौत

**इंदौर।** खजराना थाना क्षेत्र के तंजीम नगर में 25 जून को हुई चाकूबाजी की घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की उपचार के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। मौत के बाद पुलिस अब आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास की जगह हत्या की धारा जोड़कर कार्रवाई करेगी। खजराना थाना प्रभारी मनोज सेंधव ने बताया कि चाकूबाजी में घायल शानू उर्फ शहनवाज ठेकेदार का मंगलवार को बॉम्बे अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। घटना के बाद पुलिस ने 26 जून को मुख्य आरोपी आरिफ बरकाती को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी वर्तमान में न्यायिक हिरासत में जेल में है। टीआई ने बताया कि पहले आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया था, लेकिन अब घायल की मौत के बाद प्रकरण में हत्या की धारा जोड़कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार शानू ठेकेदार और आरिफ बरकाती के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। विवाद बढ़ने पर आरिफ घर से छुरा लेकर आया और शानू पर लगातार तीन से अधिक वार कर दिए। हमले में शानू के पेट में गंभीर चोटें आई थीं, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### दहेज प्रताड़ना केस के तनाव में व्यवसायी ने खाया जहर, उपचार के दौरान मौत

**इंदौर।** एरोड्रम क्षेत्र के एक कंस्ट्रक्शन व्यवसायी ने दहेज प्रताड़ना के मामले के तनाव में जहर खा लिया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की करीब आठ महीने पहले ही शादी हुई थी। परिजनों का आरोप है कि पत्नी द्वारा दर्ज कराए गए दहेज प्रताड़ना प्रकरण और परिवार के अन्य सदस्यों को भी इसमें शामिल किए जाने के कारण वह लंबे समय से मानसिक तनाव में था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। लसूड़िया थाना पुलिस के अनुसार राजीव राठौर पुत्र राधेश्याम राठौर निवासी अंबिकापुरी कॉलोनी ने 6 जुलाई की रात जहरीला पदार्थ खा लिया था। गंभीर हालत में उन्हें राजश्री अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान सोमवार को उनकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि राजीव अपने मामा मनोज के साथ कंस्ट्रक्शन का व्यवसाय करता था। उसकी शादी दिसंबर 2025 में बीमा अस्पताल के पास रहने वाली शिवानी राठौर से हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पारिवारिक विवाद के चलते पत्नी मायके चली गई और उसके बाद दोनों अलग रहने लगे।

### सब्जी विक्रेताओं का चक्काजाम नई जगह शिफ्ट करने पर विरोध

**आलीराजपुर।** आलीराजपुर में मंगलवार को सब्जी बेचने वालों ने नगर पालिका की कार्रवाई के खिलाफ सड़क पर उतरकर चक्का जाम कर दिया। दरअसल, नगर पालिका ने उन्हें सालों पुरानी जगह से हटाकर नई जगह शिफ्ट करने का फैसला किया था, जिसका वे विरोध कर रहे थे। बाद में एसडीएम निधि मिश्रा के समझाने और आश्वासन के बाद यह आंदोलन खत्म हुआ। नाराज सब्जी विक्रेताओं ने शहर के नीम चौक पर रास्ता जाम कर नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ जमकर गुस्सा निकाला। उनका कहना था कि जिस नई जगह पर उन्हें भेजा जा रहा है, वहां चारों तरफ कीचड़ और गंदगी फैली है। इसके अलावा वहां पीने के पानी, टॉयलेट और दूसरी जरूरी सुविधाओं का भारी अभाव है। सब्जी बेचने वालों ने साफ मांग रखी कि पहले नई जगह पर सभी बुनियादी सुविधाएं दी जाएं, उसके बाद ही वे वहां अपनी दुकानें लगाएंगे, क्योंकि मौजूदा हालात में वहां धंधा करना बिल्कुल नामुमकिन है।

### कृषि विस्तार अधिकारी संघ ने किया प्रदर्शन सार्थक ऐप की अनिवार्यता खत्म करने की मांग

**झाबुआ।** मध्यप्रदेश कृषि विस्तार अधिकारी संघ ने मंगलवार को झाबुआ में प्रदर्शन किया। जिले भर से आए अधिकारियों ने सार्थक ऐप के माध्यम से अनिवार्य उपस्थिति दर्ज कराने के विरोध में अपनी आवाज उठाई। संघ के जिलाध्यक्ष बाबू भाभोर के नेतृत्व में अधिकारियों ने एसडीएम महेश मंडलोई को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अधिकारियों ने विभाग द्वारा उन पर सार्थक ऐप के जरिए अनिवार्य उपस्थिति दर्ज कराने के दबाव को समाप्त करने की पुरजोर मांग की है। उन्होंने अपनी कार्यप्रणाली में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों को रेखांकित किया। प्रदर्शनकारी अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि वे राज्य सरकार की किसान कल्याणकारी नीतियों और मुख्यमंत्री के विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं, जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश को कई बार कृषि कर्मण अवार्ड भी प्राप्त हुआ है।

### बाइक समेत 20 फीट नीचे गिरे 3 युवकों में से दो की मौके पर मौत, एक गंभीर

**झाबुआ।** झाबुआ जिले के रूपगढ़ में माही नहर की पुलिया पर सोमवार देर शाम भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार एक अन्य युवक गंभीर घायल है। मंगलवार सुबह दोनों के शवों को निकालकर पीएम के लिए लेकर गए। तीनों युवक सोमवार को बाइक से प्रसिद्ध नंदर माता मंदिर में दर्शन करने गए थे और वहां से वापस अपने घर लौट रहे थे। मृतकों की पहचान झाबुआ क्षेत्र के खेरियापाड़ा निवासी विदेश पिता देवचंद गुंडिया और अरुण पिता सेतु भाभर के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि तीनों युवक सोमवार दोपहर को घर से निकले थे। देर रात पुलिया की ऊंचाई करीब 20 फीट होने के कारण तीनों युवक बाइक समेत सीधे नीचे जा गिरे, जिसके चलते रात के अंधेरे में मुख्य सड़क से गुजरने वाले किसी भी राहगीर की नजर उन पर नहीं पड़ी और वे रात भर वहीं पड़े रहे। जब तीनों युवक देर रात तक अपने घर नहीं पहुंचे, तो परिजनों की चिंता बढ़ गई और वे रात में ही उनकी तलाश में निकल पड़े।

### छात्र से जातिगत भेदभाव और मारपीट का आरोप, उसके नाना ने कलेक्टर से की शिकायत

**आलीराजपुर।** आलीराजपुर जिले की जोबट स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय खण्डाला में चौथी कक्षा के एक छात्र के साथ जातिगत भेदभाव और दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है। मंगलवार को छात्र के नाना ने जिला मुख्यालय पहुंचकर जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन दिया है। पीड़ित परिवार ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी शिक्षक और शिक्षिका के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। ग्राम खण्डाला गंभीर निवासी हासम पिता नानचिया ने अपनी लिखित शिकायत में बताया कि उनका नातिन इसी सरकारी स्कूल में कक्षा चौथी का छात्र है। आरोप है कि स्कूल के एक शिक्षक और शिक्षिका द्वारा बच्चे के साथ लगातार छुआछूत और भेदभावपूर्ण व्यवहार किया जा रहा है। मध्याह्न भोजन (मिड-डे मील) के दौरान छात्र को स्कूल से थाली नहीं दी जाती और उसे घर से बर्तन लाने को मजबूर किया जाता है। इसके अलावा, उसे क्लास के अन्य बच्चों से अलग बैठाया जाता है। नाना ने आवेदन में आरोप लगाया कि बिना किसी गलती के बच्चे को डांटा-फटकारा और पीटा जाता है। आए दिन उसका स्कूल बैग भी छिपा दिया जाता है। जब पीड़ित छात्र या उसके परिजन इस अमानवीय व्यवहार का विरोध करते हैं, तो स्कूल प्रबंधन उसे एसएलसी थमाकर दूसरे स्कूल में ले जाने की धमकी देता है। शिकायत के अनुसार, छात्र के पिता भील समाज से ताल्लुक रखते हैं, इसी वजह से उसके साथ स्कूल में जातिगत आधार पर यह उत्पीड़न किया जा रहा है।

---

लवकुश चौराहा पर बनाए जा रहे डलब डेकर फ्लाईओवर के टेस्टिंग की प्रक्रिया शुरू हो चुकी

# सेगमेंट पर 24 भरे डंपर खड़े कर परखी जाएगी क्षमता

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

लवकुश चौराहा पर बनाए जा रहे डलब डेकर फ्लाईओवर के सेगमेंट की भार क्षमता परखी जा रही है। ब्रो स्टिंग के लोड टेस्ट के बाद अब सीमेंट के सेगमेंट की क्षमता परखी जाएगी। सोमवार से टेंपरेचर करेक्शन रीडिंग शुरू की गई, जिसमें संरचना में होने वाले स्वाभाविक फैलाव या सिकुड़न के असर की जांच होगी। 24 भरे हुए डंपरों को 24 घंटे खड़ा रखकर भार क्षमता को परखा जाएगा।

इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) द्वारा लवकुश चौराहा पर सबसे बड़ा फ्लाईओवर बनाया जा रहा है।



फ्लाईओवर के सेगमेंट की लोड टेस्टिंग की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। टेस्टिंग का कार्य तीन दिन चलेगा और बारी-बारी से सभी प्रक्रियाएं अपनाई जाएगी। फ्लाईओवर पर एक साथ दो डंपर रखने से भार क्षमता की जांच शुरू होगी और धीरे-धीरे 24 डंपरों को खड़ा किया जाएगा।

इस दौरान अधिकारी मशीनों से इसकी क्षमता का बारिकी से अध्ययन करेंगे। गौरतलब है कि फ्लाईओवर का 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और इसके सभी स्पान पर सेगमेंट रखने के साथ ही स्लेब भी डाल दी गई। 24 मीटर चौड़े एक स्पान में 13 सेगमेंट लगाए गए है। 173 करोड़ की लागत से 1454 मीटर लंबा फ्लाईओवर बनाया जा रहा है।

#### ब्रो स्टिंग की टेस्टिंग पूरी

निर्माणाधीन डबल डेकर फ्लाईओवर के मुख्य चौराहा पर मेट्रों ट्रेक के ऊपर 400-400 टन की ब्रो स्टिंग असेंबल की गई है। इन दोनों को रखने के साथ ही लोड टेस्टिंग की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई। भार क्षमता के परीक्षण में पास होने के बाद अब सेगमेंट का परीक्षण किया जा रहा है।

#### सितंबर तक शुरू करने का दावा

लंबे समय से जारी फ्लाईओवर का काम सितंबर तक पूरा करने का दावा किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि सितंबर तक काम पूरा कर यातायात शुरू कर दिया जाएगा। हालांकि पहले दो बार निर्माण कार्य पूरे करने की तारीख बढ़ाई जा चुकी है। धीमी गति से निर्माण के कारण यहां से गुजरने वाले तीन साल से अधिक समय से परेशान हो रहे है।

---

सातवें दिन भी चौराहे पर बैठे रहे प्रदर्शनकारी, बोले-दोषियों पर कार्रवाई हो वरना आंदोलन तेज होगा

# नीट पेपर लीक को लेकर इंदौर में धरना

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

नीट पेपर लीक सहित 23 सूत्रीय मांगों को लेकर इंदौर के टंट्याभील चौराहे पर छात्रों और विभिन्न संगठनों का धरना-प्रदर्शन सोमवार को लगातार सातवें दिन भी जारी रहा। प्रदर्शनकारी बारिश के बीच भी डटे हुए हैं और उन्होंने धरनास्थल पर टेंट लगाकर आंदोलन जारी रखा। रोजाना नारेबाजी, कैंडल मार्च, हवन और क्रांतिकारी गीतों के माध्यम से अपनी मांगों को सरकार और प्रशासन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

जयस छात्र संगठन के इंदौर जिलाध्यक्ष पवन अहिरवार ने बताया कि देशभर में सामने आए नीट पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को भंग करने और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग भी आंदोलन का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि धरने में प्रदेश के छात्रों से जुड़े मुद्दों को भी शामिल किया गया है। प्रदर्शनकारी छात्रों की छात्रवृत्ति समय पर जारी करने, छात्रावास की सुविधा उपलब्ध कराने समेत कुल 23 मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि नीट पेपर लीक मामले के दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। साथ ही देशभर में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों पर प्रभावी रोक लगाने तथा मध्यप्रदेश में शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की मांग की गई है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो अनिश्चितकालीन धरने के साथ विरोध प्रदर्शन भी तेज किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।



#### आंदोलन तेज करने की चेतावनी

पवन अहिरवार ने कहा कि यदि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी मांगें प्रशासन के समक्ष रखी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। आंदोलन के दौरान दिवंगत छात्रों की स्मृति में कैंडल मार्च निकाला गया, हवन किया गया और थाली बजाकर भी प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया गया।

---

जर्जर भवनों पर नगर निगम की कार्रवाई जारी

# दो स्थानों पर हटाए गए भवन के खतरनाक हिस्से

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर में लगातार हो रही बारिश के बीच संभावित हादसों को रोकने के लिए नगर निगम जर्जर भवनों के खिलाफ अभियान चला रहा है। मंगलवार को निगम की टीम ने जोन क्रमांक-12 में दो स्थानों पर कार्रवाई करते हुए खतरनाक भवनों के हिस्सों को हटाया।

भवन अधिकारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि पहली कार्रवाई करीब एक हजार वर्गफीट क्षेत्रफल वाले एक जर्जर भवन पर की गई। इस भवन मालिक को 26 जून को पहला नोटिस जारी किया गया था। हाल ही में भवन का छज्जा गिरने से एक कार क्षतिग्रस्त होने की शिकायत मिली थी। निरीक्षण में भवन को खतरनाक पाए जाने के बाद मंगलवार को उसके जर्जर हिस्से को हटाने की कार्रवाई की गई। नगर निगम ने नंदलालपुरा स्थित सोमवंती समाज की भूमि पर बने पुराने और जर्जर निर्माण को भी हटाया। अधिकारियों के अनुसार इस भवन को वर्ष 2022-23 से लगातार नोटिस दिए जा रहे थे, लेकिन भवन की मरम्मत या सुरक्षा संबंधी कोई कार्य नहीं कराया गया। इसके बाद 14 जून को अंतिम नोटिस जारी किया गया था। बारिश के मौसम में भवन के गिरने की आशंका को देखते हुए मंगलवार को निगम ने रिमूवल की कार्रवाई की।


---

# इंदौर में ऑनर किलिंग, हींग व्यापारी की 25 वर्षीय बेटी की भाई और मां ने की हत्या

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ पीथमपुर**

हीरानगर थाना क्षेत्र में 25 वर्षीय ज्योति अग्रवाल की मौत चार अप्रैल को हुई थी। मामले में परिवार इसे आत्महत्या बता रहा था। लेकिन पुलिस की जांच में यह मामला आनर किलिंग का है। प्रेमी से मिलने की बात पर भाई ने युवती का सिर दीवार पर पटका था और मां ने उसका साथ दिया था।

आरोपितों ने घटना को छुपाने के लिए बाद में युवती को जहरीला पदार्थ खिलाकर अस्पताल में भर्ती करवा दिया था। तीन माह तक परिवार पुलिस को गुमराह करता रहा, लेकिन पीएम रिपोर्ट, शरीर पर मिले चोट के निशान और डिलिट डीवीआर फुटेज से पुलिस को शक हुआ। पुलिस ने मामले में भाई विकास अग्रवाल और मां शीतल अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक बजरंग नगर निवासी ज्योति कारोबार करती थी। उसका दूसरी जाति के एक युवक से प्रेम संबंध था। परिवार को इस रिश्ते की जानकारी पहले से थी और इसी बात को लेकर घर में लगातार तनाव बना रहता था। जांच में सामने आया कि दो अप्रैल को ज्योति अपने प्रेमी से मिलने के लिए घर से जा रही थी। इसी बात पर घर में विवाद शुरू हो गया। बहस इतनी बढ़ी कि भाई विकास ने गुस्से में ज्योति के साथ मारपीट कर दी। उसका सिर दीवार से दे मारा, जिससे कान के पीछे गंभीर चोट आई। मां भी मारपीट में शामिल थी। युवती के शरीर पर 12 से 13 चोट के निशान मिले। घायल हालत में ज्योति को अस्पताल ले जाया गया, जहां 4 अप्रैल को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल का दोबारा बारीकी से निरीक्षण किया। जांच के दौरान सामने आया कि घर के लगभग हर हिस्से में सीसीटीवी कैमरे लगे थे, लेकिन घटना के आसपास के दो से तीन दिन का डीवीआर रिकार्ड गायब था।



#### पुलिस को बताया ज्योति ने खाया जहर

परिवार ने पुलिस को बताया था कि ज्योति ने गुस्से में अपने कमरे में जाकर जहरीला पदार्थ खा लिया था और उसी कारण उसकी तबीयत बिगड़ गई। शुरूआती तौर पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की, लेकिन कुछ तथ्य शुरूआत से ही कहानी पर सवाल खड़े कर रहे थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस का शक और गहरा गया। रिपोर्ट में मौत का कारण जहरीला पदार्थ नहीं, बल्कि सिर में आई गंभीर चोट बताया। इसके शरीर पर कई चोट के निशान मिले थे।

---

राम मंदिर चंदा चोरी के आरापों की गूंज प्रदेश में भी तेज हुई

# चंपत राय से 'देवी अहिल्या पुरस्कार' वापस लेने की उठी मांग



**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

अयोध्या के श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी और गबन के आरोपों की गूंज अब मध्य प्रदेश के सियासी गलियारों में बेहद तेज हो गई है। कांग्रेस के दिग्गज नेताओं दिग्विजय सिंह और जीतू पटवारी द्वारा भाजपा-आरएसएस को घेरने के बाद अब प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता के के मिश्रा ने सीधा मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन को पत्र लिखकर मांग की है कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के पूर्व महासचिव चंपत राय को दिया गया 'देवी अहिल्या राष्ट्रीय पुरस्कार' तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए।

दरअसल, लगभग डेढ़ साल पहले 13 जनवरी 2025 को इंदौर की श्री अहिल्योत्सव समिति द्वारा चंपत राय को यह प्रतिष्ठित सम्मान दिया गया था, जिसे खुद संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने प्रदान किया था। तब सुमित्रा महाजन ने चंपत राय को मंदिर निर्माण और कारसेवकों का प्रतिनिधि बताया था। अब पासा पलट चुका है। केके मिश्रा का आरोप है कि चंपत राय पर वित्तीय अनियमितताओं, चंदे और जमीन खरीदी-बिक्री में घोटाले के प्रामाणिक आरोप लगे हैं, जिसके चलते उन्हें ट्रस्ट की जिम्मेदारियों से भी मुक्त किया जा चुका है। मिश्रा ने कहा, यह आग्रह किसी व्यक्ति के खिलाफ नहीं, बल्कि लोकमाता अहिल्याबाई के नाम से जुड़े सम्मान की मर्यादा बनाए रखने के लिए है। समिति की बैठक बुलाकर इस पर तुरंत पुनर्विचार हो।

---

# होटल कर्मचारी ने फांसी लगाकर दी जान, स्टाफ ने देर रात फंदे पर लटका देखा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

लसूडिया थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में काम करने वाले युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना सोमवार-मंगलवार दरमियानी रात करीब 2.30 बजे की है। होटल के अन्य कर्मचारियों ने युवक को कमरे में फंदे पर लटका देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। लसूडिया पुलिस के अनुसार घटना खालसा चौक स्थित ड्रीम पैलेस होटल की है। मृतक की पहचान सोनू पुत्र सरदार बंजारा के रूप में हुई है, जो मूल रूप से सिवनी जिले का रहने वाला था।

होटल कर्मचारियों ने बताया कि देर रात कुछ ग्राहक होटल पहुंचे और काफी देर तक रिसेप्शन पर आवाज लगाते रहे, लेकिन सोनू बाहर नहीं आया। इसके बाद दूसरा कर्मचारी उसे तलाशते हुए स्टाफ के कमरे तक पहुंचा, जहां वह फंदे पर लटका मिला। घटना के बाद होटल के सीसीटीवी फुटेज देखे गए। इनमें सोनू मोबाइल पर बात करते हुए अपने कमरे की ओर जाता दिखाई दिया। इसके बाद वह बाहर नहीं निकला। पुलिस ने उसका मोबाइल जब्त कर लिया है और कॉल डिटेल की जांच की जा रही है। साथ ही परिजनों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। होटल प्रबंधन के अनुसार सोनू करीब एक महीने पहले काम की तलाश में होटल पहुंचा था। नियुक्ति के दौरान उसका आधार कार्ड लिया गया था, लेकिन इससे पहले वह कहां काम करता था, इसकी जानकारी होटल स्टाफ को नहीं है।

---

# इंदौर के पांच थानों में ईसीआईटी साइबर हेल्प डेस्क का गठन

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने एवं साइबर फ्राड की स्थिति में थाना स्तर पर ही त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा चारों जोन के एक-एक थाना राजेंद्र नगर, विजय नगर, भंवरकुआं, पलासिया तथा क्राइम ब्रांच इंदौर में ईसीआईटी (एक्सपर्ट साइबर इंवेस्टिगेशन टीम) के अंतर्गत साइबर हेल्प डेस्क का गठन किया गया है।

हेल्प डेस्क का शुभारंभ सोमवार को पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह द्वारा थाना पलासिया से किया गया। पुलिस कमिश्नर सिंह ने बताया कि इन हेल्प डेस्क के माध्यम से साइबर फ्राड से संबंधित शिकायतों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, जिससे पीड़ितों को तत्काल सहायता मिल सके। साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय जागरूकता है। इसी उद्देश्य से इंदौर पुलिस द्वारा सेफ क्लिक 2.0 अभियान संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस कमिश्नर ने उपस्थित विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें साइबर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। विद्यार्थियों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने के कारण वे विभिन्न आनलाइन ठगी और साइबर अपराधों से स्वयं को सुरक्षित रखने में सफल रहे। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आरके सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मयंक अवस्थी आदि मौजूद रहे।













मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com